


दैनिक राष्ट्रीय संस्करण

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 352 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## हिन्दूवादी नेता को मंदिरों से साईं की मूर्ति हटाना पड़ा मंहगा, भेज दिया गया जेल

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

वाराणसी। मंदिरों में हिन्दू देवी-देवताओं के समकक्ष साईं बाबा की प्रतिमा या फोटो लगाया जाना एक आम बात है,लेकिन इसका विरोध भी कम नहीं होता है। हिन्दुओं का एक धड़ा ऐसा भी है जो साईं को फकीर से अधिक कुछ नहीं मानता है। उसे तो इस बात की भी नाराजगी रहती है कि साईं के नाम के आगे ओम और पीछे राम लगाया जाना भी सोची समझी साजिश है ताकि हिन्दुओं को भ्रमित किया जा सके। वाराणसी में सांई बाबा की मंदिरों में मूर्ति लगाये जाने से आहत जब एक शख्स ने कई मंदिरों से सांई बाबा की मूर्तियों को उखाड़ कर गंगा जी में प्रवाहित कर दिया तो इस पर बवाल हो गया।

उधर, वाराणसी के 14 मंदिरों से शिरडी के साईं बाबा की मूर्तियां उखाड़कर गंगा नदी में प्रवाहित करने का दावा करने वाले हिन्दूवादी नेता और केंद्रीय ब्राह्मण सभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अजय शर्मा को पुलिस वाराणसी कोर्ट लेकर गई है और संभावना है कि अगर पुलिस पूछताछ के लिए कस्टडी नहीं मांगती है तो अजय शर्मा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाए। संयोग देखिए कि साईं बाबा की मूर्तियों के खिलाफ अभियान का नेतृत्व कर रहे अजय शर्मा को पुलिस ने गुरुवार के दिन हिरासत में लिया है जिसे साईं भक्त बाबा की पूजा के लिए सबसे शुभ मानते हैं।

सोशल मीडिया पर अजय शर्मा का प्रतिमाओं को बहाने का दावा करने वाला बयान और मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को कपड़ों से ढंककर निकालकर ले जा रहे लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। चितईपुर पुलिस ने इस मामले में एक्शन लेते हुए अजय शर्मा को हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों के आदेश पर हिरासत में लेने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। अजय शर्मा ने दो दिन पहले काशी के 14 मंदिरों से साईं बाबा की प्रतिमाएं गंगा नदी में बहाने का दावा करते हुए वीडियो जारी किया था। इसका साईं भक्तों ने काफी विरोध किया है।

अजय शर्मा ने जारी वीडियो में कहा था कि साईं बाबा की जगह पर देवी लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

# पत्नी की ना मतलब ना लेकिन...

## मैरिटल रेप पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कर दिया साफ, कहा- इसे क्राइम नहीं मान सकते

**एजेंसी न्यूज**

मैरिटल रेप पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है. सरकार ने इसमें साफ-साफ कहा है कि मैरिटल रेप को क्राइम के दायरे में लाने की जरूरत नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ऐसा नहीं कर सकता. केंद्र ने कहा, पति के पास निश्चित रूप से पत्नी की सहमति का उल्लंघन करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन भारत में विवाह नाम की संस्था है. इसमें मैरिटल रेप को क्राइम के दायरे में लाना एक कठोर और गलत फैसला होगा.



सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिनमें मैरिटल रेप को अपराध के दायरे में लाने की मांग की गई है. लेकिन केंद्र सरकार इसका विरोध कर रही है. हलफनामे में सरकार ने कहा कि शादीशुदा महिलाओं को पहले से ही सुरक्षा प्राप्त है. ऐसा नहीं है कि शादी से महिला की 'सहमति' खत्म हो जाती है.

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा भारतीय कानून इसके लिए पर्याप्त हैं, जो पति और पत्नी के बीच यौन संबंधों को अपवाद बनाता है. केंद्र सरकार ने आगे कहा कि यह मुद्दा कानूनी से ज्यादा सामाजिक है. इसका सामान्य तौर पर समाज पर सीधा असर पड़ता है. भले ही मैरिटल रेप को अपराध घोषित किया जाए, लेकिन ऐसा सुप्रीम कोर्ट नहीं कर सकता. यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं.


केंद्र सरकार ने कहा, इस मामले में सभी पक्षों से बात करनी होगी. सभी राज्यों की सलाह लेनी होगी. शादी में पार्टनर से उचित यौन संबंधों की अपेक्षा तो की जाती है, लेकिन ऐसी अपेक्षाएं पति को अपनी पत्नी को उसकी इच्छा के विरुद्ध यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने का अधिकार नहीं देती हैं.




## राज्यसभा सांसद ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन

*दैनिक समाज जागरण*

ब्यूरो (मीरजापुर): कांग्रेस नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी नवरात्र के पहले विंध्याचल धाम पहुंचे जहाँ उन्होंने मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन किया। पूजन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यूपी सांसद प्रमोद तिवारी ने विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया । उन्होंने कहा की सीटों का बंट-वारा हमें नहीं पता लेकिन हमें चाहिए सम्मानजनक सीट जिससे की भाजपा को रोका जा सके। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले हैं । कांग्रेस हमेशा ही चुनाव मिल जुलकर लड़ने मे विश्वास रखती है और हम मिलजुल कर लड़ना चाह रहे। हरियाणा चुनाव को लेकर भी सांसद तिवारी ने बड़ा ब्यान दिया। सांसद प्रमोद तिवारी



ने कहा कि हरियाणा चुनाव में हम दो तिहाई बहुमत लाने जा रहे है और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जम्मू कश्मीर में हम नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर पर्याप्त बहुमत से जीत हासिल कर सरकार बनाएंगे ।

# सीएम योगी ने जनता से कहा, कांग्रेस और राहुल गांधी से पूछिए, कहां है 'खटाखट-खटाखट'

## प्रचार के आखिरी दिन भी हरियाणा के चुनावी रण में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शाहबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुभाष कलसाना, कलायत से कमलेश ढांडा और सफीदों से रामकुमार गौतम के लिए मांगा वोट

कुरुक्षेत्र/कैथल/जींद, 3 अक्टूबरः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि फिर से भाजपा सरकार बनी तो संविधान व आरक्षण समाप्त कर देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि हर गरीब को एक लाख रुपये देंगे। कांग्रेस से पूछिए कि उनका 'खटाखट-खटाखट' कहां है। खटाखट-खटाखट कहने वाले राहुल गांधी मैदान छोड़कर सफाचट हो चुके हैं। कांग्रेस ने खटाखट के जरिए केवल झूठे वायदे किए, क्योंकि इन्होंने देश को सफाचट किया था। समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा, मत-मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है, जिससे देश को कमजोर किया जा सके। देश कमजोर होगा तो सनातन कमजोर होगा। सनातन कमजोर होगा तो वर्तमान असुरक्षित और भावी पीढ़ी का भविष्य खराब होगा। कांग्रेस साजिश करने के लिए एड़ी-चोटी लगाती है, इसलिए कोई भी ईमानदार, सभ्य, विकास व सुरक्षा का आग्रही व्यक्ति उनके साथ खड़ा नहीं होता है।

सीएम योगी प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को हरियाणा के चुनावी रण में उतरे। सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने यहां तीन जनसभा की। शाहबाद




से भाजपा उम्मीदवार सुभाष कलसाना, कलायत से विधायक व प्रत्याशी कमलेश ढांडा और सफीदों से रामकुमार गौतम के लिए वोट मांगा। सीएम योगी ने कुरुक्षेत्र की पावन धड़ती की महत्ता बताते हुए इसे युद्ध क्षेत्र होने के साथ धर्म क्षेत्र भी कहा।

### कांग्रेस का हाथ, माफिया के साथ

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का हाथ ड्रग, भूमाफिया, कैटल, माइनिंग माफिया और दंगाइयों के साथ है। जगतजननी मां भगवती के उपासक समाज का माफिया व देशद्रोही तत्व बालबांका भी नहीं कर सकते। यह चुनाव ऐसे चंड-मुंड व महिषासुर से निपटने के लिए आया है। सीएम योगी ने कहा यूपी में साढ़े सात साल में दंगा नहीं हुआ, लेकिन इसके पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। हमने दंगा करने और करवाने वालों को चेताया कि ऐसा किया तो उल्टा टांगकर मिर्च का झोंका लगा देंगे। कोई बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ या व्यापारी का अपहरण नहीं कर सकता। किसान की फसल जबरन नहीं काट सकता, नौजवान की नौकरी के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता, क्योंकि ऐसा करने वालों की सात पीढ़ियों की पूरी संपत्ति लेकर गरीबों में वितरित कर दी जाती है। माफिया का उपचार केवल भाजपा है।

### 14 वर्ष पहले मिर्चपुर में दलित बेटी व पिता को एक साथ जला दिया गया था

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन में 14 वर्ष पहले मिर्चपुर में दलित बेटी व पिता को एक साथ जला दिया गया था। जब तक समाज बेटी-बहनों के सम्मान की रक्षा नहीं करेगा, तब तक समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। यूपी में अब कोई भारत-समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त तत्व सिर उठाकर नहीं चल सकता। यूपी सरकार दुर्जनों से ठीक से निपटने के लिए भी जानी जाती है।

## नसरुल्लाह के समर्थन में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 8 लोग जेल भेजे गए

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी में हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह के समर्थन में कैंडल मार्च निकालने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। बिना परमिशन के कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करने वाले आयोजक समेत 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो, जायस कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कंचाना मोहल्ले में मंगलवार शाम नसरुल्लाह के समर्थन में सैकड़ो लोगों ने कैंडल मार्च निकाला था। इस दौरान इजरायल मुदार्बाद के नारे भी लगे थे।

दरअसल, अभी हाल में ही इजरायल ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के विरोध में शिया मुसलमानो ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अमेठी में भी मंगलवार देर शाम बड़ी संख्या में मुसलमानो ने हाथों में हसन नसरुल्लाह




का पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

बता दें कि अमेठी में त्योहारों को लेकर धारा 144 लागू है। बिना किसी परमिशन के किसी भी प्रकार के जुलूस या प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक है। इसके बावजूद पुलिस को सूचना दिए बगैर लोगों ने प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही जायस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इसके थोड़ी देर बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आयोजक को हिरासत में ले लिया। अमेठी के तिलोई इलाके के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह का कहना है कि बिना अनुमति के जुलूस निकाला गया था। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।

बता दें कि नसरल्लाह को इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को लेबनान के बेरूत में एक बड़े हवाई हमले में मार गिराया था। शिया प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात हाथों में हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। आक्रोशित शिया मुसलमानों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पोस्टर भी जला दिया था।

**अजय कुमार, लखनऊ**

## राहुल गांधी की चाणक्य वाली चाल, एक साथ कुमारी सैलजा-भूपिंदर सिंह हुड्डा दोनों के पर कतरे!

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व नई ऊर्जा में है. केंद्रीय स्तर पर राहुल गांधी की लोकप्रियता और पार्टी के भीतर उनकी स्वीकारोक्ति दोनों बढ़ी है. यही कारण है कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व अब अपने प्रदेश नेतृत्व से पहले की तुलना में अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूती से निपट रहा है. इसकी सबसे ताजा झलक गुरुवार को हरियाणा में देखने को मिली, जब पूर्व सांसद और भाजपा नेता अशोक तंवर ने राहुल गांधी की मौजूदगी कांग्रेस में वापसी कर ली. यह कोई आम घटना नहीं है. हरियाणा में इस वक्त कांग्रेस सीधे तौर पर दो खेमों में बंटी हैं. इसमें पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा का खेमा भारी पड़ रहा है. दूसरी तरफ 'उचित' तव्वजो नहीं मिलने की वजह से सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा नाराज चल रही हैं.

## श्रीराम लीला महोत्सव का शुभारंभ: गणेश पूजन के साथ ग्यारह दिवसीय लीला मंचन का हुआ श्रीगणेश

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडाः श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा एवं प्रणय शंकर गर्ग द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला मंचन की शुरूआत श्री गणेश वंदना एवं गणेश पूजन के साथ हुई। गणेश वंदना में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला के प्रथम दृश्य



में दिखाया गया कि नारद जी को अहंकार हो जाता हैं और भगवान अपने भक्त के अहंकार का समूल नाश करते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से एक माया नगरी बनाते हैं, जिसमें विश्वमोहनी नाम की राजकुमारी का स्वयंवर होता है। नारद जी उस कन्या पर मोहित होकर उससे विवाह करना चाहते हैं और भगवान से सुन्दर स्वरूप मांगते हैं। लेकिन भगवान उनको बंदर का स्वरूप प्रदान करते हैं। जब वह सभा में पहुंचते हैं तो शिवगण उनका मजाक उड़ाते हैं और वह कन्या भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल देती है। उपहास से क्रोधित नारद जी भगवान को श्राप दे देते हैं।

**इधर लंका का राजा रावण राक्षसों के साथ ऋषि मुनियों पर अत्याचार करता हैं। इसी के साथ प्रथम दिवस की रामलीला का समापन भगवान की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।**

अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि रामलीला के दूसरे दिन 4 अक्टूबर को देवताओं द्वारा विष्णु जी से प्रार्थना, राम जन्म, भगवान शिव जी द्वारा रामलीला के दर्शन, ऋषि विश्वामित्र द्वारा लक्ष्मण का यज्ञ, हवन रक्षा के लिए दशरथ जी से श्रीराम जी को लाना, मारीच, सुबाहु वि तड़का वध, आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।




समाज जागरण की ओर से आप सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएँ




14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 2



# सियासत में जलेबी, चूरमा और लड्डू

**दैनिक समाज जागरण**

मुझे इजराइल-लेबनान युद्ध पर नहीं लिखना। मै फिलहाल चिराग पासवान पर भी नहीं लिखना चाहता। मै जलेबी और चूरमा पर लिख रहा हूँ ,क्योंकि मुझे लगता है कि मौजूदा कड़वी सियासत के दौर में जलेबी और चूरमा ज्यादा बेहतर विषय है लिखने के लिए। फिलहाल जलेबी और चूरमा पर हिन्दू-मुसलमान की छाप भी नहीं पड़ी है ,इसलिए वे अब तक समरसता का बोध कराने वाले मिष्ठान हैं।

आप मानें या न मानें लेकिन हकीकत ये है कि कड़वाहट से भरे नेताओं को भी मिष्ठान प्रिय होते हैं,भले ही नेता मधुमेह के शिकार हों। मिष्ठान सामने आ जाये तो पीछे नहीं हटता । देश के पूर्व प्रधानमंत्री और ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी बाजपेयी को बहादुरा के लड्डू और गुलाब जामुन प्रिय थे,हालांकि वे चाची के मंगौड़ों के भी मुरीद थे।मुझे लगता है की भाजपा ने यहीं से मंगौड़े तलने की बात शुरू की थी । जब तक अटल जी रोग शैय्या पर नहीं गए थे तब तक इन लड्डुओं और मंगौड़ों का सेवन करते रहे। बाजपेयी जी से मिलने वाले उनके रिश्तेदार हों या और कोई यदि उन्हें बहादुरा के लड्डू भेंट करते थे तो उनके मुखमंडल पर एक स्निग्ध मुस्कान तैरने लगती थी।पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा जलेबी कि शौकीन थे । वे राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों को भी जलेबी ही खिलते थे।

हाल ही में तिरुपति के प्रसादम में मिलने वाले लड्डुओं के विवाद के बावजूद ग्वालियर में न बहादुर के लड्डुओं के प्रेमियों की संख्या कम हुई है और न लखनऊ में ठग्गू के लड्डुओं की। लड्डू हैं ही ऐसी मिठाई जिसे हर जाति और धर्म के लोग खाते हैं। लड्डू मेरे हिसाब से मिठाइयों का राजा है। कायदे से उसे अब रक राष्ट्रीय मिष्ठान घोषित कर देना चाहिए था। मुमकिन है की महाराष्ट्र सरकार ने जैसे हाल ही में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया है वैसे ही आने वाले दिनों में कोई लड्डू प्रेमी सरकार लड्डू को भी राज्य या राष्ट्र मिष्ठान का दर्जा दे दे। हमारे यहां दर्जा देना या पेरोल देना बहुत आसान काम है।

हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में गोहाना पहुंचे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और भाजपा के सर पर चढ़े भूत राहुल गांधी भी जलेबी नाम के एक मिष्ठान के मुरीद हो गए। गोहाना की चुनवाई सभा के मंच पर राहुल गांधी ने मातूराम हलवाई की जलेबी का स्वाद चखा। दीपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी को अपने हाथों ये जलेबी खिलाई। राहुल को इसका स्वाद इतना पसंद आया कि उन्होंने एक डिब्बा अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए पैक करवा लिया। उन्होंने अपनी रैली में भी इस जलेबी का जिक्र किया। बता दें कि लाला मातूराम की जलेबी कोई सामान्य जलेबी नहीं है, इनका आकार




सामान्य जलेबी से ज्यादा बड़ा है।एक जलेबी ढाई सौ ग्राम तक की होती है।

जलेबी केवल हम भारतीयों को ही नहीं बल्कि भारत के बाहर तमाम इस्लामिक राष्ट्रों की जनता को भी प्रिय है । वे इसे हिन्दू मिठाई मानकर इसका तिरस्कार नहीं करते। जानकार बताते हैं कि जलेबी भारतीय उपमहाद्वीप व मध्यपूर्व की एक लोकप्रिय मिठाई है। यह किसी कर्ण कुंडल की तरह ऐसी रस्सभरी होती है कि आप इसे खाये बिना रह नहीं सकते । कोई इसे दूध में डालकर खाता है तो कोई रबड़ी डालकर । किसी को जलेबी दही के साथ खाना पसंद है लेकिन खाते सब है। कहीं जलेबी बहुत छोटे आकर की बनती है तो गोहाना में 250 ग्राम की एक। सागर में तो जलेबी में मावा भरा जाता है। इसका स्वाद में मीठी और खमीर की वजह से हल्की सी खट्टी जलेबी की लोकप्रियता ऐसी है की हमारे यहां सुंदर महिलाओं का नाम तक जलेबी बाई रखा जाता है।जलेबी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि हमारे यहां जलेबी बाई फिल्मी गीत भी है ,बेव सीरीज भी है और कार्टून श्रंखला भी

जलेबी की धूम मैंने अपनी अनेक विदेश यात्राओं में भी देखी भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, ईरान के साथ समस्त अरब देशों में भी यह जानी-पहचानी है। मैंने तो स्पेन में भी जलेबी खाई। अमेरिका में तो जलेबी आसानी से मिल जाती है। जलेबी की तारीफ कर इसके जरिये रोजगार की बात कर राहुल गांधी भले ही अपने विरोधियों द्वारा ट्रोल किये जा रहे हों लेकिन इससे जलेबी का तो भला ही हुआ।वैसे भी हमारे राम जी सभी का भला करते हैं ।

जलेबी के बाद आइये बात करते हैं चूरमा की । चूरमा राजस्थान का अघोषित राज्य मिष्ठान है और इसकी धूम देश-विदेश तक है । हाल ही में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी चूरमा खाकर न सिर्फ गदगद हो गए बल्कि उन्हें अपनी दिवंगत माँ की याद भी आ गयी । भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की मान ने ये चूरमा भेजा था । मोदी जी ने चूरमा न सिर्फ खुद खाया बल्कि जमैका के प्रधानमंत्री को भी खिलाया और भावुक होकर नीरज की माँ श्रीमती सरोज देवी को एक आभार पत्र भी लिख दिया । आपको याद होगा की मोदी जी सामान्य तौर पर किसी कि पत्र का जबाब नहीं देते । मल्लिकार्जुन खरगे तक कि पत्र का जबाब उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से दिलवाया था, लेकिन नीरज की माँ को मोदी जी ने खुद पत्र लिखा । ये चूरमे की ही ताकत तो थी । मोदी जी ने लिखा -, "आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक नहीं सका. भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया. आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इसे उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी."

अब आप समझ ही गए होंगे कि मिष्ठान चाहे कोई भी हो बहुत ताकतवर चीज है। मिष्ठान शुष्क से शुष्क आदमी को भी सरस बना सकता है। मिष्ठान कड़वाहट मिटाने का सबसे बढ़िया विकल्प है ,आप इसे कड़वाहट का 'ऐंटी डोज ' भी कह सकते हैं शायद इसीलिए हमारे यहां तीज-त्यौहारों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया जाता है। मै तो कहता हूँ कि मिष्ठान बिना जग सूना है। सियासत में बढ़ती कड़वाहट और अदावत को मिष्ठान के जरिये दूर किया जा सकता है,फिर मिष्ठान चाहे लड्डू हो,जलेबी हो,चूरमा हो या बंगाल का रसोगुल्ला। मै तो कहता हूँ कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा मानते हुए आम जनता को रसोगुल्ला वितरित करना चाहिए था। यदि ऐसा होता तो प्रधानमंत्री जी और उनकी पार्टी के तमाम लोग संदेशखाली और कोलकाता जैसे मुद्दे उठाना भूल जाते।

देश में पुरखों की विदाई के बाद देवी स्वरूपा दुर्गा का आगमन हो चुका है । हमें इन नौ दिनों में मिष्ठान के जरिये सौहार्द की वापसी की कोशिश करना चाहिए। मुहब्बत की दूकान खोलने से आपको ऐतराज हो सकता है किन्तु मिष्ठान की दूकान खोलने से नही। यदि यही मिष्ठान हमारे लिए रोजगार पैदा करने लगे तो भी क्या बुरा है। मिष्ठान भी किसी मंगौड़े से कम नहीं है।हम तो 8 अक्टूबर को हरियाणा और जम्मू -कश्मीर के सभी नए विधायकों से मिठाई खाएंगे।

@ राकेश अचल

**@ राकेश अचल**

## सिद्धांत, आदर्श, भविष्य और वफा

एक पूर्व मंत्री ने बी जे पी छोड़ी,<br>
कहा पार्टी सिद्धांतों से भटक गई है।<br>
क्योंकि मेरी भी टिकट लटक गई है?<br>
वो ये कहने लगे राष्ट्रीय विचारधारा<br>
और आदर्श तो राजनीति से जुड़े थे,<br>
टिकट के लिए ही हम भी तो अड़े थे।<br>
इधर रेवाड़ी में क्या बोले केजरीवाल,<br>
आपके बच्चों का भविष्य बना दूंगा।<br>
जिसका खुद का भविष्य अधर में हैं!<br>
नहीं तो आतिशी सा शिष्य बना लूंगा।<br>
सावित्री कहती जाट संघ मेरा परिवार,<br>
मुझे विजयी बनाईएं ये हैं मेरा हिसार।<br>
अब जिंदल निकाल रही है खूब मार्च,<br>
कह रही हैं एकजुट हो जलाओ टॉर्च।<br>
सावंत कहे बड़े मार्जिन से होगी जीत,<br>
तभी होगी हिसार की जनता से प्रीत।<br>
सैनी बोले राहुल की निकल चुकी हवा,<br>
शैलजा की नाराजगी हो गईं रफा-दफा।<br>
राहुल बोले हुड्डाजी और मेरे साथ खड़ी हैं,<br>
अब तो कांग्रेस के प्रति उनकी वफा बढ़ी है।

**संजय एम. तराणेकर**<br>
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# ब्रह्मचारिणी द्वितीय

माँ दुर्गा की नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहाँ ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला



एवं बाएँ हाथ में कमण्डल है। अपने पूर्व जन्म में जब ये हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं, तब नारद के उपदेश से इन्होंने भगवान शंकर जी को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी। इसी दुष्कर तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। इन्होंने एक हजार वर्ष तक केवल फल खाकर व्यतीत किए और सौ वर्ष तक केवल शाक पर निर्भर रहीं। उपवास के समय खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के विकट कष्ट सहे, इसके बाद में केवल जमीन पर टूट कर गिरे बेलपत्रों को खाकर तीन हजार वर्ष तक भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। कई हजार वर्षों तक वह निर्जल और निराहार रह कर व्रत करती रहीं।

पत्तों को भी छोड़ देने के कारण उनका नाम 'अपर्णा' भी पड़ा। इस कठिन तपस्या के कारण ब्रह्मचारिणी देवी का पूर्वजन्म का शरीर एकदम क्षीण हो गया था। उनकी यह दशा देखकर उनकी माता मैना देवी अत्यन्त दुखी हो गयीं। उन्होंने उस कठिन तपस्या विरत करने के लिए उन्हें आवाज दी उमा, अरे नहीं। तब से देवी ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का एक नाम 'उमा' पड़ गया था। उनकी इस तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया था। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ब्रह्मचारिणी देवी की इस तपस्या को अभूतपूर्व पुण्यकृत्य बताते हुए उनकी सराहना करने लगे। अन्त में पितामह ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी के द्वारा उन्हें सम्बोधित करते हुए प्रसन्न स्वरों में कहा- 'हे देवी । आज तक किसी ने इस प्रकार की ऐसी कठोर तपस्या नहीं की थी। तुम्हारी मनोकामना सर्वतोभावेन पूर्ण होगी। भगवान चन्द्रमौलि शिव जी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तुम तपस्या से विरत होकर घर लौट जाओ।'

माँ दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों को अनन्त फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्त्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता। माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्त होती है।

# महिला सुरक्षा -दर्पण झूठ न बोले

**दैनिक समाज जागरण**

महिला सुरक्षा व संरक्षण के जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है,धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो,जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के 'सत्संग ' आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है।

परन्तु हक़ीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है,वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है ? कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी।

इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं। हालांकि इस मामले के हाई प्रोफाइल हो जाने के बाद 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड होने की खबर जरूर है परन्तु इस सवाल से कैसे मुंह मोड़ा जा सकता है कि एक शिक्षित महिला अपने सैन्य अधिकारी मंगेतर के साथ जब सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण महिलाओं की इज्जत आबरू की कौन सी गारंटी ? खबर यह भी है कि इस घटना के बाद सेना में भी रोष पैदा हो गया था।

याद कीजिये गत वर्ष 30 अगस्त को एक बावर्दी महिला कांस्टेबल खून से लथपथ हालत में अयोध्या स्टेशन के करीब सरयू एक्सप्रेस में बर्थ के नीचे छुपी मिली थी। यानी चलती ट्रेन में दुस्साहसी अपराधियों ने उसकी वर्दी की परवाह किये बिना उसपर हमला बोल दिया था। बाद में पुलिस द्वारा दावा किया गया कि घटना के 20 दिन बाद ही आरोपी को यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। इसी तरह विभिन्न सरकारी कार्यालयों से खबरें आती हैं कि कार्यालय के वरिष्ठ या दबंग किस्म के लोग अपनी अधीनस्थ महिला कर्मियों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं। उत्तर प्रदेश के पी डब्ल्यू डी विभाग का ऐसा ही एक मामला तो इस वक़्त काफी चर्चित हो गया है जिसमें सह कर्मचारियों द्वारा एक महिला को डरा धमकाकर कई बार बलात्कार किया गया। वह गर्भवती हो गयी और कोविड के दौरान उसकी मौत भी हो गयी।

धर्मस्थान व धर्मगुरु तो नारी शोषण बलात्कार को लेकर तो कुछ ज्यादा ही चर्चा में रहते हैं। कहीं मंदिर में बलात्कार की खबरें आती हैं। कहीं कोई पुजारी पकड़ा जाता है। हद तो यह है कि पिछले दिनों अयोध्या के नवनिर्मित राम जन्म भूमि मंदिर में वहां की एक सफाई कर्मी महिला के साथ वहां कार्यरत लोगों द्वारा बलात्कार किये जाने की खबर आ गयी। उससे अधिक पवित्र,सुरक्षित व सम्मानित स्थान और किसे कहा जाये ? कुछ समय पूर्व गाजियाबाद जिले में पड़ने वाली गंग नहर के किनारे स्थित एक मंदिर में वहां के महंत द्वारा महिलाओं के कपड़े बदलने वाले हिस्से में एक गुप्त कैमरा लगाया गया था। इस कैमरे को महंत अपने मोबाईल फोन में देखता रहता था। और कई नग्न महिलाओं की क्लिप को बार बार देखा करता था। पता चलने पर उसकी शिकायत हुई वह गिरफ़्तार हुआ तथा तमाम आपत्तिजनक वीडिओ क्लिप उसके मोबाइल से बरामद की गयी।

इसी तरह मध्य प्रदेश के इंदौर में तेजाजी नगर के एक मंदिर में एक पुजारी के घिनौने कृत्य का पदार्फाश हुआ। यहाँ एक 35 वर्षीय पुजारी ने एक 21 साल की युवती के साथ मंदिर में बने कमरे में ही दुष्कर्म कर डाला। इतना ही नहीं बल्कि पुजारी ने दुष्कर्म करने के बाद न केवल युवती को धमकाया बल्कि वह युवती के पिता पर इस बात के लिये दबाव भी बनाया करता था कि वह अपनी बेटी को रोज मंदिर भेजा करे। देश के किसी न किसी कोने से आए दिन ऐसी कई घटनाएं रोज होती रहती हैं। यहाँ तक कि मासूम किशोरियों को भी भेड़िये मानसिकता के लोग नहीं बख़्शते। दरअसल जहाँ लोगों की विकृत मानसिकता इन घटनाओं के लिये जिम्मेदार है वहीँ बलात्कारियों को मिलने वाला सत्ता का प्रश्रय व सहयोग भी इस्के लिये कम जिम्मेदार नहीं। कहीं आजीवन कारावास काट रहे किसी हत्यारे बलात्कारी को अपने राजनैतिक लाभ के लिये चार साल में रिकार्ड 15 बार पेरोल दे दी जाती है तो कहीं सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र देकर जेल से रिहा करवा दिया जाता है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार जो चाहे दावे करे या अपनी पीठ थपथपाये परन्तु सच तो यही है कि दर्पण कभी भी झूठ नहीं बोलता।

**निर्मल रानी**

# खुले में शौच पर जीत अभी बाकी

**स्वच्छ भारत अभियानः ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में इस अभियान के लिए बजट आवंटन में 2018-19 से ही निरंतर कमी आ रही है। जबकि, जल जीवन मिशन व अन्य कार्यक्रमों में आवंटन बढ़ा है।**

दस वर्ष पहले महात्मा गांधी की जयंती पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान को कुछ उल्लेखनीय सफलताएं हासिल हुई हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 82.5 फीसदी परिवारों की पहुंच अब शौचालय तक है जबकि 2004-05 तक यह आंकड़ा केवल 45 फीसदी था। अब 70 फीसदी परिवारों में शौचालय की सुविधा है जबकि 2004-05 में केवल 29 फीसदी परिवारों में शौचालय थे।

खुले में शौच में भारी कमी आई है और इसके साथ ही बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है। नवजात शिशुओं की मौत के मामले भी कम हुए हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इसे उल्लेखनीय प्रगति माना जाना चाहिए। परंतु 2019 में देश को खुले में शौचमुक्त घोषित करके जरूर सरकार ने समय से पहले जश्न मना लिया। आंकड़ों पर करीबी नजर डालें तो पता चलता है कि खुले में शौच से लड़ाई में अभी निर्णायक जीत हासिल होनी बाकी है।

इस मामले में प्रमुख चुनौती अभी भी ग्रामीण भारत में है जहां खुले में शौच की समस्या आज भी बड़ी है। शौचालयों तक पहुंच में सुधार हुआ है और 2019-20 तक यह 90 फीसदी पहुंच चुकी थी लेकिन इनके इस्तेमाल में कमी आई है। विश्व बैंक के मुताबिक 2022 में देश की 11 फीसदी आबादी खुले में शौच कर रही थी। यह आंकड़ा पड़ोसी देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान से भी खराब है जहां क्रमशः 8.8 और 6.8 फीसदी आबादी खुले में शौच करती पाई गई।निवेश और जागरूकता कार्यक्रमों में कमी, व्यय में कटौती और कार्यक्रम के क्रियान्वयन और उसे जारी रखने में सीमित संस्थागत प्रणाली की कमी के कारण भी स्थिति खराब हुई। ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में इस अभियान के लिए बजट आवंटन में 2018-19 से ही निरंतर कमी आ रही है। जबकि इस बीच जल जीवन मिशन जैसे अन्य कार्यक्रमों में आवंटन बढ़ा है। शहरी कार्यक्रम की बात करें तो उदाहरण के लिए वित्त वर्ष 24 में बजट अनुमान 5,000 करोड़ रुपये कर दिया गया जो वित्त वर्ष 23 के 1,926 करोड़ रुपये के वास्तविक व्यय से भी अधिक था लेकिन बाद में इसे आधा कम करके 2,550 करोड़ रुपये कर दिया गया। ग्रामीण कार्यक्रम की बात करें तो वित्त वर्ष 24 और वित्त वर्ष 25 में आवंटन अपरिवर्तित है।

आवंटन में यह कमी कुछ हद तक इस आधार पर सही ठहराई जा सकती है कि कार्यक्रम के गति पकड़ने के बाद अब हर वर्ष कम शौचालयों की आवश्यकता है। परंतु अभी भी रखरखाव और दूर-दराज तक अधोसंरचना विकास मसलन ठोस कचरा प्रबंधन और कीचड़ हटाने आदि के लिए बजट की जरूरत है।

वास्तव में शौचालयों के ठीक से काम नहीं करने, पानी की अनुपलब्धता और शौचालयों के संपूर्ण ढांचे का निर्माण न होने को लोगों ने शौचालयों का इस्तेमाल करना बंद करने की प्रमुख वजहों के रूप में प्रस्तुत किया है।

लोगों ने खुले में शौच को व्यक्तिगत पसंद का मामला भी बताया है जिससे संकेत मिलता है कि अभी भी लोगों को इसे लेकर शिक्षित करने तथा जागरूक बनाने के मामले में शुरूआती उत्साह को बरकरार रखने के लिए अभी काफी कुछ किया जाना शेष है। इस उत्साह ने आरंभ में प्रतिभागियों और नौकरशाही दोनों को काफी उत्साहित किया था।

स्वच्छ भारत कार्यक्रम से हासिल लाभ बहुत महत्त्वपूर्ण हैं और इन्हें फंड की कमी या संगठनात्मक गतिहीनता के कारण गंवाना दुखद होगा। अगर प्रगतिशील ढंग से विकेंद्रीकरण किया जाए तो अधिक टिकाऊ लाभ हासिल हो सकते हैं। इस दौरान केंद्र सरकार जमीनी स्तर पर संस्थागत क्षमता निर्माण की दिशा में काम कर सकती है। वह राज्य सरकारों और शासन के तीसरे स्तर के साथ सहयोग कर सकती है। अगर मानव और आर्थिक विकास के मोर्चे पर लाभप्रद ऐसी योजना केवल केंद्र सरकार की परियोजना बनकर रह जाती है तो यह भी अच्छी बात नहीं होगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 3



# नवरात्र के पहले दिन सीएम योगी ने दी नारी गरिमा और सम्मान से जुड़ी सौगात

## पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बनाया गया है कैफे

दैनिक समाज जागरण

गोरखपुर, 3 अक्टूबर। महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ी बड़ी सहूलियत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन सिविल लाइंस स्थित पार्क रोड पर पिंक बस टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहनों, सीवेज सफाई की अत्याधुनिक मशीनों, बैंडीकोट रोबोट और विदेश से मंगाई गई डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने नवरात्र दुर्गोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छ पंडाल पोस्टर को विमोचन भी किया और लोगों को जीरो वेस्ट त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया।



पिंक बस टॉयलेट का फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंदर जाकर इसका अवलोकन-निरीक्षण किया और इसमें बनाई गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बने कैफे का भी उद्घाटन किया और इस कैफे का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। नगर निगम की तरफ से सिविल लाइंस क्षेत्र में इस पिंक बस टॉयलेट की शुरूआत होने के साथ इसकी संख्या दो हो गई है।

इसके पहले एक पिंक टॉयलेट रामगढ़ताल रोड पर बुद्धा गेट के आगे पहले से ही क्रियाशील है। पिंक बस टॉयलेट को कबाड़ घोषित रोडवेज की बसों को मोडिफाइड करके बनाया गया है। इसमें इंडियन और वेस्टर्न टॉयलेट, वॉश बेसिन, आदि की सुविधा है। इसमें प्रसाधन संबंधी सुविधाओं के साथ कैफे की भी सुविधा दी गई है। पिंक बस टॉयलेट में बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सोलर सिस्टम भी इंस्टाल किया गया है। वाहन के पिछले हिस्से में कैफे बनाया गया है। कैफे के संचालन से जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा गया है। कैफे में खानपान के कई तरह सामान मिलेंगे।

और सुदृढ़ होगी महानगर की सफाई व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सफाई वाहनों हरी झंडी दिखाए जाने के साथ ही महानगर की सफाई व्यवस्था अब और भी सुदृढ़ हो जाएगी। सीएम योगी ने आज नगर निगम के सफाई बेड़े के शामिल डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की 12 छोटी गाड़ियों, दो बड़ी गाड़ियों को रवाना किया।

साथ ही उन्होंने करीब छह करोड़ रुपये की लागत वाली डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को भी हरी झंड़ी दिखाई। इसकी मदद से तंग गलियों में सेफ्टी टैंक की सफाई कर मशीन में ही डी-वॉटरिंग कर स्लज और सीवेज के जल को अलग कर देता है। उसके बाद जल को शोधित कर सीधे ही नदी या तालाब में डाला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने करीब 50 लाख रुपये की लागत वाले बैंडीकोट रोबोट का भी लोकार्पण किया। मेनहोल दूर से संचालित रोबोट से सफाई मजदूरों को खतरनाक और तंग सीवर पाइपों में प्रवेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद अजय राय समेत कई पार्षद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गोरक्षपीठाधीश्वर के सानिध्य में शारदीय नवरात्र का विशेष अनुष्ठान प्रारंभ

दैनिक समाज जागरण



गोरखपुर, 3 अक्टूबर। शारदीय नवरात्र के पहले दिन (प्रतिपदा), गुरुवार को शिवावतार एवं नाथपंथ के प्रणेता गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में लोक कल्याण की मंगलकामना के साथ मां आदिशक्ति की उपासना का विशेष अनुष्ठान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में पीठ की परंपरा के अनुसार वैदिक विधिविधान से प्रारंभ हो गया।

गुरुवार सायंकाल गोरक्षपीठाधीश्वर ने मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्तिपीठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर प्रथम दिन मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की। शारदीय नवरात्र प्रतिपदा का अनुष्ठान मां जगतजननी की आराधना, देवी पाठ, आरती और क्षमा प्रार्थना के साथ पूर्ण हुआ।

कलश स्थापना के पूर्व गोरखनाथ मंदिर परिसर में भव्य कलश शोभायात्रा पारंपरिक तरीके और श्रद्धाभाव से निकाली गई। सायंकाल गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में साधु-संतों की शोभायात्रा, परंपरागत वाद्य यंत्रों घंट-घड़ियाल, तुरही, शंख की ध्वनियों और मां दुर्गा के जयघोष के बीच पौराणिक मान्यता वाले भीम सरोवर पर पहुंची। जहां कलश भरने और सरोवर की परिक्रमा के बाद शोभायात्रा वापस शक्तिपीठ आई।

इसके बाद जल से भरा कलश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं उठाया और शक्तिपीठ के गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वरुण देवता का आवाहन कर इसे स्थापित किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले मां दुर्गा, भगवान शिव और गुरु गोरखनाथ के शस्त्र त्रिशूल को प्रतिष्ठित करके गौरी-गणेश की आराधना की। इसके साथ ही दुर्गा मंदिर (शक्तिपीठ) के गर्भगृह में श्रीमददेवीभागवत का पारायण पाठ एवं श्रीदुर्गासप्तशती के पाठ का भी शुभारंभ हो गया। पाठ के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# जादूगर अमित सिंह राणा ने नाबार्ड एवं आर्यावर्त बैंक के योजनाओं से अवगत कराया

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड सिरसिया के बैंक शाखा लक्ष्मनपुर बाजार के ग्राम लालपुर अयोध्या में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत रूट्स फाऊंडेशन के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया जादूगर अमित सिंह राणा ने जादू के माध्यम से ग्रामवासियों को बैंक उत्पादों, नाबार्ड की प्रमुख योजनाओं, सरकारी बीमा योजनाओं जैसे झ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं आनलाइन ठगी से बचने के उपाय एवं बैंक से लोन लेकर रोजगार करें सेठ साहुकारों के कर्जे से बचें। कार्यक्रम में बैंक आफिसर राजमणि के साथ अन्य गणमान्य एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे`

# बिना आई०एस०टी०पी० के वाहनों के उपखनिज का न करें प्रयोग: जिलाधिकारी

### ओवरलोड तथा बिना आई0एस0टी0पी0 के वाहनों के उपखनिज का प्रयोग करते हुए पाया जाने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 03 अक्टूबर, 2024: शासन के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध उपखनिज परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गठित जनपद स्तरीय कार्यबल (टास्क फोर्स) व परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर की संयुक्त टीम द्वारा नियमित ओवरलोड व अवैध उपखनिज परिवहन की जाँच की जाती है। आकस्मिक जोंचोपरान्त यह तथ्य प्रकाश में आया कि अनेक आर०एम०सी० प्लांटो द्वारा ओवरलोड व बिना आई०एस० टी०पी० के अवैध उपखनिज परिवहन कर रहे वाहनों द्वारा लाये गये उपखनिज का प्रयोग किया जा रहा है। अतः जनपद में संचालित समस्त आर०एम०सी० प्लांटों को निर्देशित किया जाता है कि ओवरलोड तथा बिना आई०एस० टी०पी० के अवैध उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों को अपने प्लांट में स्वीकार न करें। यदि जॉच के दौरान आर०एम०सी० प्लांटों द्वारा ओवरलोड तथा बिना आई०एस० टी०पी० के वाहनों के उपखनिज का प्रयोग करते हुए पाया जाता है, तो आपके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। सौजन्य से सूचना का गौतम बुद्ध नगर।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में, अधिकारियों ने चलाया जांच अभियान, 06 नमूने किये जांच हेतु संग्रहित

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 03 अक्टूबर 2024: जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी गण शारदीय नवरात्रों के दृष्टिगत जनपद में वृहद स्तर पर जांच अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शारदीय नवरात्रि त्योहार के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्यवाही गई। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा ग्रीन आर्च मार्केट ग्रेटर नोएडा स्थित कृष्णा आटा चक्की से सिंघाड़े का आटा का एक नमूना तथा ए वन ग्रोसरी मार्ट प्राइवेट लिमिटेड बिसरख जलालपुर से साबूदाना का एक नमूना तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार एवं विजय बहादुर पटेल की टीम द्वारा केंद्रीय भंडार सेक्टर 68 नोएडा से कुट्टू के आटे का एक नमूना तथा सेक्टर 107 नोएडा स्थित ए टू जेड से कुट्टू के आटे का एक नमूना जांच हेतु संग्रहीत किया गया।

इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा कासना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित निर्माण इकाई से कुट्टू के आटे एवं सिंघाड़े के आटे का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि नमूनो को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के नेतृत्व में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जिलाधिकारी ने नोएडा में चर्म क्षेत्र के लिए पीएमकेवीवाई के तहत आरपीएल कार्यक्रम का उद्घाटन किया

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 03 अक्टूबर 2024: चर्म उद्योग में कौशल विकास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत पूर्व शिक्षा की मान्यता (आरपीएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज आधिकारिक रूप से डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा नोएडा के सावी ग्लोबल फैशन प्राइवेट लिमिटेड में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चर्म क्षेत्र कौशल परिषद (एलएसएससी) के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार, सावी ग्लोबल फैशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय कुमार झा व विजय कुमार झा और चर्म उद्योग के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



पीएमकेवीवाई आरपीएल कार्यक्रम, भारत सरकार के कौशल भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अन्तर्गत चर्म क्षेत्र में पहले से काम कर रहे व्यक्तियों के कौशल का आकलन और प्रमाणन करने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अनुभव और विशेषज्ञता को औपचारिक मान्यता मिले। यह पहल न केवल कार्यबल का उत्थान करती है बल्कि चर्म उद्योग में उत्पादकता और गुणवत्ता मानकों को भी बढ़ाती है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में कौशल प्रमाणन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "आरपीएल कार्यक्रम औपचारिक और अनौपचारिक कौशल अधिग्रहण के बीच की खाई को भरेगा, जिससे श्रमिकों को चर्म क्षेत्र में व्यावसायिकता के उच्च मानकों को प्राप्त करने में सशक्त बनाया जा सकेगा।"

एलएसएससी के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार ने कहा "चर्म क्षेत्र कौशल परिषद चर्म क्षेत्र में कौशल विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके अन्तर्गत 2030 में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। यह पहल कार्यबल की कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता को मान्यता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जबकि उद्योग को अधिक संरचित और प्रमाणित कार्यबल की ओर बढ़ने में मदद करेगी।"

सावी ग्लोबल फैशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय कुमार झा व विजय कुमार झा ने एलएसएससी द्वारा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की, जो उद्योग के समय विकास में योगदान देगा। उन्होंने कहा, "हमें इस पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो न केवल श्रमिकों को लाभान्वित करेगा, बल्कि चर्म उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को भी ऊपर उठाएगा।" इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और उद्योग जगत के नेताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसने चर्म क्षेत्र के कार्यबल के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत की।

आरपीएल कार्यक्रम से उद्योग में कुशल श्रमिकों को पहचानने और प्रमाणित करने में एक बेंचमार्क स्थापित करने की उम्मीद है, जिससे भारत का चर्म क्षेत्र वैश्विक मंच पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएगा।

चर्म क्षेत्र कौशल परिषद (छररउ) भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत एक निकाय है जो भारत के चर्म और चमड़े के सामान क्षेत्र में कौशल विकास के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (ठरऊ) और उद्योग संघों के साथ मिलकर काम करते हुए, छररउ का लक्ष्य चर्म, जूते और सहायक उपकरण निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यबल विकास के लिए एक संरचित ढांचा तैयार करना है।

# मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0: कन्या इंटर कॉलेज नोएडा में लैंगिक समानता विषय पर कार्यक्रम किया गया आयोजित

दैनिक समाज जागरण


गौतमबुद्ध नगर, 03 अक्टूबर 2024 महिला कल्याण विभाग जनपद- गौतमबुद्ध नगर द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान तथा स्वालम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5) के अंतर्गत आज ह्लअंतरराष्ट्रीय बालिका दिवसह्व के अवसर पर कन्या इन्टर कॉलेज नोएडा में बालिकाओं हेतु लैंगिक समानता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वलम्बन हेतु प्रदेश में समान लिंगनुपात स्थापित करना, बालिकाओं क प्रति समाज व आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है`



शारदीय नवरात्र के पर्व पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। बालिकाओं से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों यथा झ साइबर सुरक्षा, लिंग आधारित हिंसा, लैंगिक समानता हाइजीन मैनेजमेंट विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पावर लाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन इत्यादि एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमांगला योजना की पूर्ण जानकारी देकर योजना के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन की सुपरवाईजर रजनी, केस वर्कर राजकुमारी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर प्रियंका और क्राइम पुलिस की सब इन्स्पेक्टर, कॉलेज की शिक्षक एवं शिक्षिकाये आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जय माता दी के जयकारों से गूंजे मंदिर, भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

दैनिक समाज जागरण चंचल लोधी संवाददाता (एटा) सकीट नवरात्र के प्रथम दिन भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। कस्बा में स्थित काली देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह की आरती हुई,। माता रानी के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्तों का आना जारी है।



नगर के मां दुर्गा के दर्शन व पूजन के लिए कस्बा के काली देवी मंदिर व गमा देवी मंदिर, पथवारी मंदिरो सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में भक्तों का तांता लगा है। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। घर- घर कलश स्थापित कर मां का पूजन किया जा रहा है। नवरात्र को लेकर कस्बा के मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की होगी पूजा। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा अर्चना की जाएगी। मंदिरों में मां के लिए आरती की जाएगी और साजो श्रृंगार के साथ मां के नौ रूपों को अलग-अलग सजाया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी है।कस्बा ही नही ग्रामीण क्षेत्र में सजाए गए मंदिर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों पर बुधवार की शाम ही तैयारी पूरी कर ली गई। मां को चुनरी व फूलों से सजाया गया। देवी भक्त भोर से ही इन मंदिरों में पूजन-अर्चन शुरू कर दिए हैं। शहर के ऐतिहासि-क काली देवी मंदिर सिद्धेश्वर मंदिर पर नवरात्र में भक्तों की भीड़ जुटती है। नगर में नारियल, चुनरी और फूल की दुकानें सजी हैं।

# शोभायात्राओं को लेकर नगर पालिका ईओ, विद्युत विभाग एसडीओ ने रूट निरीक्षण किया

दैनिक समाज जागरण

शिकारपुर : नगर में मां काली की शोभायात्रा को लेकर नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, विद्युत विभाग एसडीओ राम आशीष यादव, ने अपने-अपने कर्मचारियों के साथ महाकाली शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया जिसमें नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, द्वारा नगर पालिका की आराजी पर किए गए अवैध अतिक्रमण, व व्यापारियों द्वारा अपनी दुकान के ऊपर लगाए गए पल्ली, त्रिपाल, टिन शेड आदि को हटाने के लिए निर्देशित किया गया वहीं विद्युत विभाग एसडीओ राम आशीष यादव, द्वारा भी नीचे लटक रहे विद्युत तारों का चिन्हिकरण किया गया ताकि शोभायात्रा मार्ग में कोई व्यवधान ना हो नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, द्वारा सम्बन्धित पालिका कर्मचारियों से खुले शब्दों में कहा कि शोभायात्रा मार्ग पर विशेष साफ-सफाई, मार्ग



प्रकाश व्यवस्था व क्षतिग्रस्त जाल सड़क कि मरम्मत कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही व्यापारियों से अपील भी की गयी कि अपनी दुकान के आगे पालिका की आराजी पर अतिक्रमण न करें तथा अपनी पिन्नी, त्रिपाल, टिन शेड, तख्त, आदि को भी हटा लें ताकि महाकाली शोभा यात्रा मार्ग में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो इस मौके पर धीरज शर्मा, मौहम्मद कासिम, रितिक शर्मा, विधुत विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

दैनिक समाज जागरण

# मां कालरात्रि के रुद्र स्वरूप में प्रदर्शन करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरी

दैनिक समाज जागरण

बुलंदशहर : शिकारपुर नगर के हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के पहले दिन स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर सारिका अग्रवाल, व प्रधानाचार्य




बी.डी. शर्मा, जूनियर इंचार्ज प्रीती पाठक, अध्यापक अमन सैफी, के द्वारा मां के नौ रूपों की पूजा की गई जिसमें शैलपुत्री का रूप निभाया नित्य ने ब्रह्मचारिणी का आराध्या, चंद्रघंटा का रुचिका कुष्मांडा का हितार्थी, स्कंदमाता का अवनी त्यागी, कात्यायनी का काव्य, कालरात्रि का उर्वशी जैन, महागौरी का गौरी, सिद्धिदात्री का वंशिका ने मां के अलग-अलग रूपों की भूमिका निभाई जिसमे उर्वशी जैन, ने मां कालरात्रि के रूद्र स्वरूप में प्रदर्शन करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरी ।

# सांसद के प्रतिनिधि प्रभात शर्मा, का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया : राहुल चौधरी

दैनिक समाज जागरण

बुलंदशहर : शिकारपुर नगर में सांसद भोला सिंह के प्रतिनिधि प्रभात शर्मा, का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन पर सोशल मीडिया, फेसबुक, पर पूरे दिन जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा इस अवसर पर युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूर्व सभासद राहुल चौधरी, ने अपनी टीम के साथ



जन्मदिन बनाया इस मौके पर सतीश सैनी, सोनू शर्मा, प्रशान्त विश्वास मण्डल मंत्री, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सोनू नगर, आशीष वाल्मीकि, सभासद पति राकेश बालाजी, भोला डीलर प्रदीप और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# नवरात्रि में बहुत शांति प्रिय से श्रद्धालूओं को दर्शन कराए

दैनिक समाज जागरण

बुलंदशहर : छतारी थाना अध्यक्ष संदीप कुमार द्वारा श्रद्धालूओं को शांति प्रिय से दर्शन कराए गए और समय-समय पर मेला में घूमते रहे कोई भी श्रद्धालुओं को कोई प्रकार की दिक्कत ना हो थाना प्रभारी संदीप कुमार द्वारा बहुत मेहनत लगन के साथ मेला की व्यवस्था की जा रही है और चौकी प्रभारी पन्डावल अमित कुमार द्वारा भी समय-समय पर मेल पर घूमते हुए नजर आए कोई भी शराबी एवं किसी प्रकार का आवारा किस्म का व्यक्ति ना घूमता हुआ पाया जायें सीसीटीवी कैमरा भी समय-समय पर चेक किए गए मेला की पैदल ग्रस्त भी की गई राजीव कुमार उपाध्याय उप निरीक्षक शिवम कुमार उप निरीक्षक सुनील कुमार हेड कांस्टेबल गगन कुमार कांस्टेबल दीपक कुमार कांस्टेबल संजय शर्मा हेड कांस्टेबल मस्त थाने की पुलिस उपस्थिति रही



# बापू मंसुरिया दीन पासी जी का जन्म दिवस मनाया गया

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत ग्राम मिसिर पुरवा (तेल्हार) रामपुर देवमन में बापू मसूरिया दीन पासी की जयंती मनाया गया जरायम कानून को हटाने वाले महान सांसद संविधान समिति सदस्य और 9 साल तक जेल में रहने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी को शत-शत नमन आज दो अक्टूबर को महान क्रांतिकारी मसूरिया दीन पासी जी के जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में पासी समाज के महान क्रांतिकारी मसूरिया दीन पासी जी के जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया



इस कार्यक्रम में लाखन आर्मी के देवीपाटन मन्डल के प्रभारी श्रीमती पासी रीता चौधरी, लाखन आर्मी के श्रावस्ती जिलाध्यक्ष विद्याराम पासी, लाखन आर्मी के जिला उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद पासी, विश्राम पासवान, जगदीश पासी, छेदन पासी, रोहित पासी, गोविंद पासी, सुरेश पासी, विश्राम पासी, असर्फी लाल पासी, बुधराम पासी, रिखीराम पासी, निर्भय दास पासी, सियाराम पासी, शिवम पासी, रेखा पासी, रूपरानी पासी, सरस्वती पासी, नीतू पासी, राजन पासी, ममता पासी, अनिल पासी, अंकित पासी आदि के साथ-साथ सैकड़ो पासी समाज के प्रतिभागी मौजूद रहे

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 4



# माइक्रो फाइनेंस कर्मी को बदमाशो ने मारी गोली,आठ लाख रूपया लूट कर हुए फरार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



दिघलबैंक प्रखंड में दिनदहाड़े माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर को गोली मारने का मामला प्रकाश में आया है ।घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।मिली जानकारी के अनुसार जागरण माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर उत्तम बर्मन , उम्र 35 वर्ष अन्य कर्मियो संग बाइक से धनतोला स्थित स्टेट बैंक की शाखा में रूपया जमा करवाने जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने गोली मारकर रुपए लूटकर फरार हो गये। वही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि गणेश सिंह ने बताया की ठुकनाबस्ती के निकट पूर्व से घात लगाकर बैठे लुटेरों ने सीधे बैंक कर्मी पर गोली चला दिया जिससे गोली कंधे पर जा लगी और बैंक कर्मी वही सड़क पर गिर गये।जिसके बाद बदमाश रुपए से भरा बैग ले कर फरार हो गए।उन्होंने बताया की लगभग 8 लाख 50 हजार रुपए लूट कर बदमाश फरार हुए है।घटना के बाद साथी बैंक कर्मी उन्हें उठाकर दिघलबैंक स्थित आवाज पर पहुंचे।जिसके बाद स्थानीय थाना को घटना की जानकारी दी गई।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दिघलबैंक थानाध्यक्ष द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहा से बेहतर इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां घायल का इलाज चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है।दिनदहाड़े घटी इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। एसडीपीओ 2 मंगलेश कुमार सिंह ने कहा की घायल बैंक कर्मी फिलहाल खतरे से बाहर है मामले की जांच की जा रही है और एफएसएल टीम को भी सूचित किया गया है।जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

# बाइक के आमने-सामने टक्कर से एक व्यक्ति का हुआ दर्दनाक मौत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत 2 अक्टूबर रात्रि को बाइक आमने-सामने टक्कर होने से एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कोचाधामन प्रखंड के बोहिता गांव के निवासी महमूद आलम बहादुरगंज थाना के आजाद चौक में दुकान चलाता था, हर रोज की तरह वह अपने दुकान से देर शाम लौट रहा था। बुधवार की रात दुकान बंद कर जब घर लौट रहा था । इसी दौरान दुकान के कुछ दूरी में ही अचानक एक बाइक ने आगे से टक्कर मार दिया जिसमें महमूद आलम जख्मी होकर गिर पड़ा जबकि दूसरा बाइक सवार भी जख्मी हो चुका था, स्थानीय लोगों ने महमूद आलम को आनन-फानन में किशनगंज सदर अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सकों स्थिति नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन सिलीगुड़ी लेकिन लेकर जा रहे थे रास्ते में ही मौत हो गया। वही मृतक के भाई मरगुब आलम ने बताया की हर रोज की तरह वह घर जा रहे थे, और मैं वहीं दुकान चलाता हूं मेरा होटल का दुकान है और मोहम्मद वेल्डिंग का दुकान चलाता था घटना के वक्त में किसी काम से बाजार गया था, जब लोगों की भीर देखा तो दौरा पहुंच देखा कि मेरा भाई का एक्सीडेंट हो चुका है, और वह खून से लटपट था उसे आनंद-फानन में डॉक्टर की यहां ले जाते ही उसकी मौत हो जाती है, उन्होंने जानकारी देते हो बताया जो बाइक सवार सामने में ठोकर मार वह लोग शराब के नशे में थे, तीन लोग एक ही बाइक पर बैठे थे, जबकि मेरा भाई घर जाने के लिए गाड़ी से रास्ता पार कर रहा था, अचानक गाड़ी को ठोकर मार कर वहां गिर पड़े दोनों बाइक मेरे भाई के ऊपर चढ़ चुका था जिस वजह से उसको काफी चोट आया और डॉक्टर के यहां जाते ही दम तोड़ दिया, उन्होंने बताया कि इसी दुकान से महमूद आलम अपना परिवार का भरण पोषण करता था उसके परिवार में पत्नी के साथ-साथ तीन बच्चे छोड़ गए हैं इस मौके पर गांव में उनकी शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा गांव में मातम का माहोल है।

# डांडिया नाइट शोः अनुपमा यादव का जलवा 7 अक्टूबर को

### ई होम्स कैंपस पैनोरमा, पूर्णिया में अपनी विशेष प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का करेंगी मनोरंजन

**समाज जागरण पूर्णिया ।**

ई होम्स कैंपस पैनोरमा में 7 अक्टूबर को एक शानदार डांडिया नाइट शो का आयोजन एक अखबार के बैनर तले किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका अनुपमा यादव अपनी विशेष प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। इस आशय की पुष्टि करते हुए पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने कहा कि दैनिक जागरण परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ई होम्स में संध्या से शुरू होना सुनिश्चित है।डांडिया नाइट शो में न केवल संगीत का आनंद लिया जाएगा, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और परंपरा का एक अनूठा अनुभव भी होगा। अनुपमा यादव की मधुर आवाज और जीवंत डांडिया प्रदर्शन इस कार्यक्रम को खास बनाएंगे। स्थानीय दर्शकों के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है, जिसमें वे संगीत और नृत्य के साथ-साथ एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव का भी हिस्सा बनेंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उन्होंने सभी से अनुरोध किया गया है ।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 4 अक्टूबर 2024 को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में भाग लेंगे

4 से 6 अक्टूबर 2024 तक आर्थिक कार्य विभाग और आर्थिक विकास संस्थान, भारतीय युग थीम पर कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण की नई दिल्ली में मेजबानी करेगा केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण उद्घाटन भाषण देंगी; केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समापन भाषण देंगे, जबकि भूटान के वित्त मंत्री श्री ल्योनपो लेके दोरजी भी सम्मेलन में भाषण देंगे लगभग 150 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं को एक साथ लाने वाले इस सम्मेलन में भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे

# टॉवर लग गया पर पावर नहीं मिला

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतास**




रोहतास जिला अंतर्गत तिलौथू थाना मोड पर 3 साल से इंतजार किया जा रहा था टावर लाइट का, पूर्व बीडीओ संजय कुमार ने बताया था कि एक सप्ताह में लग जाएगा। पर डेढ़ साल लग गए हाई मास्टर लाइट का अधिष्ठापन करने में। उसके बावजूद भी इसमें बिजली सप्लाई को लेकर असमंजस बनी हुई है। पूर्व सांसद छेदी पासवान ने सांसद निधि से अनुशंसित कर तिलौथू जगदेव चौक पर मास्टर लाइट लगाने का वादा किया था, पर अपने समय कार्यकाल रहते हुए पूरा नहीं कर पाए. और हार भी गए। योजना बनी हुई थी इसलिए विभाग को लगाना पड़ा पर। अंधे को चश्मा देने से क्या फायदा? तिलौथू की घटिया राजनीति और गमछी माला पर घूमने वाले छूट भैये नेता में वह दम और ताकत नहीं है जो छेदी पासवान के काम को पूरा कर पाए। सांसद महोदय ने जिस जिस काम में हाथ लगाया,वह सब बंद पड़ा हुआ है। इंद्रपुरी पार्क, रोहतास किला चढ़ने के लिए रोपवे,पांडुका पुल,तिलौथू का मास्टर लाइट। ऐसे दर्जनों योजनाएं हैं जो ठप पड़ी हुई है। और यही हार का कारण भी रहा। पार्टी की कार्यकर्ता निष्क्रिय और एक दूसरे की टांग खिंचाई करने वाले हो, तो नेता जमीन पर ही गिरता है।आपने तिलौथू में मास्टर लाइट की अधूरी परियोजना और वहां की राजनीतिक स्थिति का जिक्र किया है। यह स्पष्ट है कि कई विकास कार्य योजनाएं या तो अधूरी रह गई हैं या फिर धीमी गति से चल रही हैं। चाहे वह टावर लाइट का मामला हो या इंद्रपुरी पार्क और पांडुका पुल जैसी बड़ी परियोजनाएं,उनका ठप रहना क्षेत्र की प्रगति में बाधा बना हुआ है। छेदी पासवान द्वारा अनुशंसित परियोजनाएं पूरी नहीं हो पाईं, और उनके कार्यकाल के दौरान ही कई महत्वपूर्ण योजनाएं अधर में लटकी रह गईं। इससे जनता में असंतोष और नाराजगी की भावना पैदा होना स्वाभाविक है। तिलौथू में राजनीतिक अस्थिरता,गुटबाजी और विकास कार्यों की अनदेखी जैसी समस्याएं स्पष्ट रूप से विकास की राह में बाधक हैं। यह स्थिति समाज और राजनीति में सुधार की आवश्यकता को दशार्ती है, ताकि क्षेत्र की जनता को उनके हिस्से का विकास और सुविधाएं मिल सकें।

# सनसनी:फारबिसगंज फोर लेन के किनारे युवक का सिरकटी लाश बरामद

**पुलिस का मानना है कि बदमाश साक्ष्य छिपाने के लिए युवक का सिर ले गया है अपने साथ**

**एफएसएल टीम कर रही है मामले की जांच**

**घटना स्थल पर पहुंची फारबिसगंज पुलिस, अभी तक शिनाख्त नहीं**

**समाज जागरण फारबिसगंज ।**



फारबिसगंज फोरलेन स्थित बरार ढाबा से आगे एनएच किनारे एक 20 वर्षीय युवक की सिरकटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस को आशंका है कि साक्ष्य को छिपाने के लिए बदमाशों ने युवक का सर को अपने साथ ले गयी या दूसरी जगह फेंका है। सूचना पर पहुंची फारबिसगंज पुलिस सिरकटी लाश को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त में जुट गई है। आशंका जताया जा रहा है कि या तो पहचान छुपाने के लिए सिर काट कर हत्यारा अपने साथ ले गए या फिर बाहर से हत्या कर लाश को छुपाया गया है। घटनास्थल पर मौजूद सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण राम ने बताया कि आशंका है कि हत्या कर बदमाश युवक की सिर को साथ ले गया है ह। लाश के शिनाख्त का प्रयास जारी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। इधर भीषण बारिश के बावजूद सिर कटी लाश की सूचना पूरे इलाके में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। इसके बाद ग्रामीण इलाके से लोगों का आना-जाना बदस्तूर जारी है। हालांकि समाचार प्रेषण तक लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है और जितनी मुंह उतनी बातें कहीं जा रही है । बताया जा रहा है कि हत्यारा आक्रोशित होकर युवक की हत्या कर गर्दन से सिर काटकर अपने साथ ले गए तो वहीं कुछ लोग पहचान को छुपाने की मंशा से सिर काटकर साथ ले जाने की बात कह रहे हैं । इस संबंध में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि बरार ढाबा से आगे फोरलेन किनारे मिले सिर कटी लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। एफएसएल की टीम को बुलाई गई है । पुलिस गंभीरता से मामले की जांच में जुट गई है तथा विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। फारबिसगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है। शख्स का सिर नहीं मिला है। दाएं हाथ पर बाज और ओम का निशान है। वहीं, बाएं हाथ में कछुए और लोहे की अंगूठी मिली है।

# पुलिस-प्रशासन ने विधि व्यवस्था को लेकर किया फ्लैग मार्च

**ददन सोनी दैनिक समाज जागरण संवाददाता अकोढ़ी गोला रोहतास**



रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर वृहस्पतिवार को डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी सुर्य प्रताप सिंह,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रवि भूषण कुमार, दरिहट थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भगत, आयर कोठा थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी के नेतृत्व में आयरकोठा सुर्य मंदिर से लेकर हुरका तक फ्लैग मार्च किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सुर्य प्रताप सिंह ने सभी पूजा कमिटी सहित सर्वोदय दुर्गा पूजा कमिटी दरिहट के अध्यक्ष एवं सदस्यों से मिलकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। शांति सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने का अपील करते हुए सभी को दशहरा की शुभकामना दिया। पत्रकार द्वारा डीजे बजाने के लिए पुछे गए सवाल पर एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि किसी भी कीमत पर डीजे नहीं बजेंगे, सिर्फ चोंगा बजाए जाएंगे वह भी लाइसेंस के अनुसार नहीं तो उस पूजा कमिटी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। पूजा के दौरान रास्ते को अवरूद्ध नहीं करना है, सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करना है, पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद है, किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर आप लोग अनुमंडल पदाधिकारी,सीओ व थानाध्यक्ष को तत्काल सूचना दें उसके आलोक में तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एस आई जनार्दन प्रसाद, प्रेम शंकर पासवान, हरेंद्र ठाकुर, प्रदीप कुमार सिंह, कुन्दन कुमार,अविनाश कुमार, उपेंद्र पासवान, नवलेश शर्मा, विजय राम, एएसआई जन्मेजय गुप्ता,नीरज कुमार, पवन कुमार सिंह, उज्जवल कुमार, सहित भारी संख्या में महिला एवं पुलिस बल मौजूद रहें।

# खडा़री में हाई- टेक लाईब्रेरी का हुआ शुभारंभ

### पूर्व विधायक प्रत्याशी आलोक सिंह ने फिता काट कर किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत खड़ारी बाजार में गुरुवार को हाई - टेक लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। जहां पूर्व विधायक प्रत्याशी आलोक सिंह ने फिता काट कर किया। वहीं उद्घाटन करते हुए पूर्व विधायक प्रत्याशी



आलोक सिंह ने कहा कि शिक्षा सभी बच्चों के लिए जरूरी है। इस लाईब्रेरी के खुलने से सुदूर क्षेत्र के छात्रों को काफी सहूलियत मिलेगी। शिक्षा का कोई मोल नहीं होता है वह अनमोल होता है। लाईब्रेरी के खुलने से सभी छात्र - छात्राओं को शिक्षा में बढ़ावा मिलेगा। मौके पर मौजूद मुखिया संघ के अध्यक्ष सह खड़ारी मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा वह उतना ही तरक्की करेगा। क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार बहुत सुद्दढ़ तरीके से हो रहा है जिससे क्षेत्र के छात्र - छात्राएं लाभान्वित होंगे। मौके पर वशिष्ठ सिंह , सुमन पटेल , अशोक पटेल, अक्षय पटेल, शिक्षक राजेश कुमार राज, प्रखर वक्ता धन्नंजय पांडेय उर्फ टाईगर बाबा, अनुज सिन्हा, सन्नी पटेल, शुभम पटेल, जयशंकर कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज पटेल व संचालन मनिष कुमार ने किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 9 जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओं की अनुज्ञापित रद्द

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**



रोहतास जिला अंतर्गत बिक्रमगंज अनुमंडल के बिभिन्न प्रखंडो के अंतर्गत संचालित जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओं के विरुद्ध सरकार द्वारा जन वितरण दुकान बंद रखने की सूचना प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक और संबंधित आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बिक्रमगंज ,दावथ,काराकाट,राजपुर व संझौली में कई दुकानों का निरिक्षण किया गया। दूकानों के निरीक्षण के क्रम में पाई गई अनिमितता के आलोक में सम्बंधित बिक्रेताओं से स्पस्टीकरण की मांग की गई। परन्तु बिक्रेताओं द्वारा प्राप्त स्पस्टीकरण संतोषप्रद नही मिलने के कारण निम्न जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओं की अनुज्ञापित को तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है। रद्द किए गए जन वितरण बिक्रेताओं में जितेंद्र पासवान मानपुर (बिक्रमगंज),सलाउद्दीन सिद्धिकी (वार्ड- 12) नगर परिषद बिक्रमगंज,भागिरथी राम शिवपुर बिक्रमगंज,महेंद्र राम किरही काराकाट,मुंद्रिका राम सिकरिया काराकाट,कामेश्वर सिंह करंज दिनारा,प्रमोद कुमार बराडीह काराकाट व लाला राम मंगराव नासरीगंज शामिल है। विदित हो, 26 जुलाई को चार, 29 अगस्त को एक,31 अगस्त को चार 24 सितंबर 2024 को सात कुल-16 दुकानों को अनिमितता के आरोप में रद्द किया जा चुका है।

# करगहर में दुर्गा पूजा का निकला भव्य कलश जलभरी शोभा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**



रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय बाजार करगहर सहित सिरिसियाँ, अररूआँ, ठोरसन, गोरी, घोरडिहाँ, बेलासपुर, खरारी, डिभियाँ, बभनी, जलालपुर सहित विभिन्न गांवों में शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, माता रानी के जयकारे व भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ गुरूवार को इलाके में नवरात्रि का आगाज हो गया। इसके साथ ही करगहर गांव से लेकर बाजार तक इलाका शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है। एक ओर जहां पूजा पंडालों में मां की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर पूजन अर्चन का आगाज किया गया है। वहीं दूसरी ओर देवी मंदिरों में आस्था की बारिश हो रहीं है। साथ ही मां के दर्शन को भक्तों की कतार लगने लगी है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर इस बार भी मुख्यालय के बाजार में दुर्गा पूजा का आयोजन धुमधाम से किया जा रहा है। वहीं श्री दुर्गा पूजा समिति करगहर के द्वारा कलश शोभायात्रा में निकाली गई जिसमे महिलाओं व कन्याओं द्वारा सिर पर लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कांवरिया बक्सर स्थित गंगा नदी से जल भर कर कलश शोभा यात्रा पूजा स्थल तक लेकर पहुंचे। इस दौरान ढोल -ताशा व गाजे - बाजे की धुन पर माता रानी के जयकारे लगते रहे। वहीं करगहर बाजार में दुर्गा पूजा समिति करगहर के द्वारा सभी धर्म के पुजा समितियों के अध्यक्ष व गणमान्य लोगों को फुलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पाण्डेय, दुगार्पूजा समिति करगहर के अध्यक्ष महावीर सौण्डिक ,मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू कुमार, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, अररुआ मुखिया राजू सिंह,जयप्रकाश साह ,गोपाल पाण्डेय, दौलत राईन, वार्ड सदस्य सरफुदीन ,रविन्द्र सिंह, श्रीमन नारायण, बिजय केशरी, राजाराम गुप्ता, खलीफा सनौवर राईन,मोहन पहलवान,दीपक रंजन वर्मा, विकास गुप्ता,राकेश गुप्ता,पप्पू केशरी, सत्यम पांडेय, प्रखर वक्ता धन्नजय पांडेय उर्फ टाईगर बाबा ,अविनाश कुमार केशरी, राजेश गुप्ता,मिथलेश पांडेय,मिथिलेश सेठ, कृष्णा सिंह, रतन कुमार, अजय गुप्ता सहित कई अन्य सदस्य सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ..परवान चढ़ने लगा है दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा। पूजा समितियां ने तैयारी में तेजी ला दी है प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ी दुर्गा मां के मंदिर में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है वहीं राजापाकर हाई स्कूल चौक पर मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दर्जनों श्रद्धालु कलश स्थापना के बाद ससवर सप्तशती दुर्गा पाठ का वाचन कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण पुतला दहन समारोह की तैयारी की जा रही है दर्शकों की भारी भीड़ जुटती है। स्थानीय प्रशासन एवं राजापाकर थानाध्यक्ष वीणा कुमारी सशस्त्र बल के साथ पूरी मुस्तैदी से अभी से ही विधि व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। पूजा समिति के व्यवस्थापक सदस्य गण एवं वालंटियर ने भी तैयारी में शीघ्रता ला दी है। मां के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के उद्देश्य से सभी नागरिक सक्रिय हैं ताकि मां दुर्गा पूजा एवं रावण पुतला दहन समारोह शांतिपूर्ण संपन्न हो सके। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय सहित रानीपोखर बेलकुंडा बाकरपुर जाफरपट्टी बेरई सरसई दामोदरपुर भलुई आदि स्थित पूजा पंडालों में भक्ति पूर्ण गाने बजाए जा रहे हैं।

# राजापाकर में नवरात्र को लेकर कलश स्थापित किए गए

**दैनिक समाज जागरण**



राजापाकर, प्रकाश वर्मा। गुरुवार की अहले सुबह से ही मां दुर्गे के सप्तशती दुर्गा पाठ से भक्ति पूर्ण भावना से और मां के भक्तिमय गानों से संपूर्ण इलाका भक्ति रस के सागर में शराबोर हो गया। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना की। क्षेत्र के जाने-माने पंडित राजापाकर बाजार निवासी आचार्य देवानंद तिवारी ने मां दुर्गे की स्तुति के पूर्व कलश स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं के लिए समुचित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि संपन्न होने वाले नवरात्र में विधि विधान के अनुसार प्रथम दिवस को माँ को गाय का शुद्ध घी भोग लगावे द्वितीय दिवस को शक्कर तृतीय दिवस को दूध से बनी मिठाई अथवा खीर चतुर्थ दिवस को मालपूआ पंचम दिवस को केले का भोग षस्टम दिवस को शहद सप्तम दिन गुड अष्टम दिवस को नारियल का भोग माता रानी को लगावें नवम दिवस को तिल का भोग लगावें। इस प्रकार नवरात्रि की बेला में विभिन्न प्रकार से भोग लगाने पर माता प्रसन्न होती हैं और श्रद्धालु गण श्रद्धा के साथ सप्तशती दुर्गा पाठ का वाचन किया करें।

# किशोरी का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा।अपनी पुत्री के अपहरण को लेकर एक व्यक्ति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हरेंद्र राय पिता स्वर्गीय बहादुर राय निवासी ग्राम बखरी बराई थाना राजापाकर ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि 2 अक्टूबर को हमारी बच्ची अनु कुमारी घर के लिए कुछ राशन का सामान लाने जा रही थी। तभी अचानक आदित्य कुमार पिता अनिल राय अमन कुमार पिता अनिल राय अभिषेक कुमार पिता अनिल राय अजीत कुमार पिता विराज राय इन सभी ने एक बोलेरो गाड़ी लेकर आया और हमारी बच्ची अनु कुमारी उम्र 17 वर्ष मेरे घर से सटे रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखरी बराई पूर्वी छोड़ से रोड पर चढते ही इन सभी ने जबरदस्ती मेरी बच्ची को गाड़ी बोलेरो में बैठाकर भाग निकला। तभी ग्रामीण लोगों के द्वारा घटना के संबंध में पता चला। तब हमलोग लड़का वाले के दरवाजे पर गए और उसकी मां मुन्नी देवी पति अनिल राय से पूछने पर उसने हम लोगों को गाली देते हुए बोला जो करना है करो। मेरा बेटा लड़की से शादी कर लिया है जहां जाना है जाओ एवं मेरे साथ गाली गलौज की आवेदने में जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। थाने में कांड संख्या 355/24 में घटना दर्ज की गई है। केस के आईओ एएसआई अर्जुन मांझी बनाए गए हैं।

# सांप काटने से पीडित महिला की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत

**सुभाष जी दैनिक जागरण सहरसा**



सहरसा सोनबरसा प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के मंगल बाजार में सोनू भगत की पत्नी 23 वर्षीय सांप काटने से खुशबु कुमारी का बीते बृहस्पतिवार की सुबह इलाज हेतु ले जाने के दौरान रास्ते में ही निधन हो गया उसे बृहस्पतिवार के सुबह जहरीले सांप ने काट लिया था घटना के बाबत मिली जानकारी की अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह खुशबू कुमारी ने अपने पूजा घर में साफ सफाई कर रहा था एक विशेल सांप ने उसके बाजू में काट लिया घटना के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सोनबरसा पीएचसी ले जाने के क्रम में रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया मृत महिला खुशबू कुमारी अपने पीछे तीन बच्चे को छोड़ गई इस घटना की सूचना मिलते ही बसनहीं पुलिस ने सब को अपने कब्जे में लेकर सदरअस्पताल सहरसा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

# थानाध्यक्ष वीणा कुमारी ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा । थानाध्यक्ष वीणा कुमारी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर सुरक्षा बलों के साथ बीती रात दो वारंटियों को किया गिरफ्तार। जिसे आज गुरुवार को कागजी प्रक्रिया पूरी कर भेजा गया हाजीपुर न्यायालय। गिरफ्तार व्यक्तियों में जाफरपट्टी पंचायत के हरपुर मुकुंद गांव निवासी विनय पासवान उम्र 36 वर्ष पिता शंकर पासवान एवं उसी गांव के बहादुर पासवान उम्र 55 वर्ष पिता खजू पासवान निवासी ग्राम हरपुर मुकुंद शामिल हैं।

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 5



# 67 करोड़ कि लागत से कांदरबेड़ा से दोमुहानी फोरलेन सड़क का विधायक सविता महतो ने किया शीलान्यास

### कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुद्दढ़ीकरण और चौड़ीकरण का पुन : निर्माण

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़- पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सरायकेला खरसावां के अंतर्गत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 33 कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुन : निर्माण कार्य



का शीलान्यास गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगो ने विधायक सविता महतो का भव्य स्वागत किया। शीलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुन : निर्माण का कार्य 67 करोड़ रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा उक्त सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण होने से जमशेदपुर आने जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो जिला अध्यक्ष सुवेंदु महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, समाजसेवी दिलीप महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, श्रीकांत महतो, मो अरशद, मो नौसाद, मोहन कर्मकार, हरेन महतो, हीरालाल महतो, राहुल वर्मा, महताव आलम, सुदामा हेम्ब्रम, धरमु गोप, हरिदास महतो, हरेकृष्ण सिंग सरदार, बैद्यनाथ टुडू, संकर सिंह सरदार, समेत सैकड़ो कि संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# उपायुक्त रवि कुमार शुक्ला के निर्देश पर परियोजना निदेशक आशीष अग्रवाल ने कुचाई के रोलाहातु पंचायत का किया निरीक्षण

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रवि कुमार शुक्ला के निदेशानुसार परियोजना निदेशक आशीष अग्रवाल बीडीओ साधुचरण देवगम ने कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र



रोलाहातु पंचायत का निरीक्षण किया। चलन टिकुरा से कोर्रा ग्राम के बीच पड़ने वाले 6 जगहों को चिन्हित किया गया। जहां सड़क पर बरसाती पहाड़ी पानी का बहाव होता है । PD/ITDA द्वारा तकनीकी टीम को 2 दिनों के अंदर प्राक्कलन तैयार कर उपायुक्त महोदय को उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। मालुम हो कि विधायक दशरथ गागराई के प्रयास से विगत 29 सितंबर दिन रविवार को रोलाहातु पंचायत के सर्वांगीण विकास एवं पंचायत के लोगों को राज्य सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं की सिधी लाभ से जोड़ने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया था। वहीं रोलाहातु पंचायत के चलन टिकुरा से कोर्रा के बीच अवागमन की सुविधा के लिए। रूप रेखा तैयार किया गया।इस दौरान PD/ITDA आशीष अग्रवाल बीडीओ साधुचरण देवगम पंकज कुंभकार,प्रखंड समन्वयक,पंचायत राज,सुमित कवि,कनीय अभियंता, 15 वीं वित्त आयोग,प्रशांत कुमार, कनीय अभियंता,विशेष प्रमंडल, सरायकेला - खरसावां मौजूद थे।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री को किया याद

**दैनिक समाज जागरण**

छतरपुरः नगर पंचायत के जपला रोड स्थित अरुण आवासीय विद्यालय में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन छतरपुर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के निदेशक, संरक्षक और सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ राष्ट्र के दो महापुरुषों महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित करके की गई।



**बैठक के प्रमुख मुद्दे**

एसोसिएशन की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इनमें सबसे प्रमुख निर्णय आगामी महीनों में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए गौतम सागर को कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है और उनके शैक्षणिक स्तर को भी मजबूती देना है।

**सामूहिक अवकाश और संचालन**

बैठक में सभी विद्यालयों के सामूहिक अवकाश और संचालन के विषय पर भी चर्चा की गई, ताकि सभी विद्यालय एकसमान नीति अपनाकर सामंजस्य के साथ काम कर सकें, इससे न केवल स्कूलों के बीच सहयोग बढ़ेगा, बल्कि छात्रों के विकास के लिए एक सकारात्मक माहौल निर्मित किए गया

**एसोसिएशन की मजबूती पर बलः**

बैठक का संचालन अनुमंडलीय अध्यक्ष पंचम कुमार ने किया और एसोसिएशन की गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं और उन्हें न केवल शैक्षणिक जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भी कुछ अन्य गतिविधियों का भी आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने एसोसिएशन को और अधिक मजबूत करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए, जिससे संगठन की एकता और शक्ति को बढ़ावा मिले। जिला प्रभारी सुनिल कुमार ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के माध्यम से हम बड़े बड़े सामाजिक एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए कई कार्य कर सकते हैं। इसके लिए हमें एकता का परिचय देना है।

**डॉ. रामरेश यादव को एसोसिएशन का संरक्षक नियुक्त किया गया**

**अन्य वक्ताओं के विचार**

एसोसिएशन के अध्यक्ष मंटू कुमार यादव ने एसोसिएशन की गतिविधियों और उसकी वर्तमान स्थिति पर सभी सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को संगठन के प्रति समर्पित होकर और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। वहीं अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखा और एसोसिएशन को सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए।

**समापन**

धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएशन के जिला प्रभारी सुनील कुमार ने दिया, उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक अरविंद कुमार गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, पंचम कुमार, सुनिल कुमार, मंटू कुमार यादव, राजेश कुमार मिश्रा, रवि सिन्हा, पंकज कुमार, मनोज भास्कर, डॉक्टर रामरेश यादव, गौतम सागर, अमलेश कुमार, उमेश यादव, बीरेंद्र यादव, चंद्रदीप विश्वकर्मा एवं भोला यादव उपस्थित रहे।

# बाघाडाबर गांव में स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 3 अक्तूबर 2024 नवीनगर प्रखंड के ग्राम बाघाडाबर में स्थानीय कलाकारों के माध्यम से दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।स्थानीय कलाकारों के साथ मिलकर गांव के नवयुवक पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने मे बड़े जोर-शोर से लगे हैं ।भूतपूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह ने बताया की परंपरागत रूप से विगत 30 वर्षों से गांव के ही कलाकारों द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण होते चला आ रहा



है। पूर्व मुखिया ने बताया कि सप्तमी के दिन मां भगवती देवी दुर्गा की मूर्ति के साथ पंडाल को आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा।पंडाल निर्माण मे मुख्य रूप से मुन्ना सिंह,सुदामा ,पासवान,रमेश चौधरी, अभिषेक पासवान,शिवम मिश्रा, सिंटू पासवान, दीपक रवि, मनीष चौधरी अंकित चौधरी राजा चौधरी छोटू पासवान चंद्रकांत रवि वीरेंद्र चौधरी रजनीश कुमार रामकुमार पासवान ,शशि चौधरी, सूरज पासवान, सतीश चौधरी राजा पासवान, शक्ति पासवान, विजेंद्र पासवान ,रौनक पासवान ,श्याम राज पासवान, चंद्रशेखर रवि, अनिल मिश्रा का अहम योगदान है।

# दुर्गा पूजा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 3 अक्तूबर 2024 शारदीय नवरात्र को लेकर नबीनगर प्रखंड के गझंडा गांव मे दुर्गा पूजा और कलश स्थापना के लिए कलश यात्रा निकाला गया। ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा गांव से निकलकर नबीनगर पुनपुन घाट आया जहां विद्वान आचार्यों द्वारा कलश मे मंत्रोच्चार के साथ



जल भरी कराया गया।इसके बाद भक्त जन वापस गझंडा गांव पहुंचे जहां पूरे विधि विधान से कलश स्थापना कर मां भगवती की पुजा पाठ प्रारंभ किया गया।कलश यात्रा मे आरएलजेपी के नेता सुजीत कुमार ,प्रमोद सिंह , सुमन सिंह ,दीपक पाण्डेय , बिकाश कु० , पंकज कुमार , अभिशेक पोपस्त्र कुमार ,अशोक साव , बिनु साव ,नंदकिशोर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवम पुरुष साथ साथ चल रहे थे।

# सांसद पप्पू यादव ने जिले को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की

**सुभाष जी दैनिक समाज जागरण सहरसा**

सहरसा।72 घंटे से अधिक पहले भारत सरकार एवं बिहार सरकार को सूचना मिली की कोसी नदी में 6 लाख 63 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। फिर भी सरकार के द्वारा आम जनता को इसकी जानकारी नहीं दी गई। जिसके कारण कोसी तटबंध के अंदर रहने वाले लाखों लोगों पर इसका असर पड़ा। लाखों घर डूब गए। मवेशी भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया। वहीं करोड़ की फसल क्षति हुई। लोगों की जिंदगी तबाह हो गई। कई मासूमों को जान गंवानी पड़ी लेकिन सरकार के द्वारा कोई इंतजाम नहीं किया गया बल्कि लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। उक्त बातें पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार को परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को नेपाल से क्यों डर लगता है। सरकार द्वारा ना तो हाइडैम बनाने की बात हो रही है। ना कोई समझौता किया जा रहा है। ना कोई



नई बैराज के बारे में गंभीरता से सोचा जा रहा है।वही पुराने कोसी तटबंध को नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण की बात नहीं करते हैं। नदियों के अंदर जमा गाद को हटाने के लिए भी कोई काम नहीं किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बांध को वर्ल्ड बैंक के माध्यम से मरम्मती भी नहीं कराया जा रहा है। नेताओं की मिली भगत से ठेकेदार के माध्यम से लूटने का काम किया जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि कोसी तटबंध के अंदर जिला प्रशासन की मुस्तैदी के बाबजूद कोशी बांध को नहीं बचाया जा सका। जमालपुर एवं किरतपुर गांव के नदी का पश्चिमी तटबंध टूट गया। इसके लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा है।उन्होंने कहा कि मैं पहले आदमी था जो बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर आंसू पोछने का काम किया। साथ ही भूख प्यास से तडप रहे लोगो को बोतलबंद पानी राशन एवं नगद राशि भी प्रदान किया गया। साथ ही साथ लोगों के खाने के लिए सामुदायिक किचन प्रारंभ किया गया है। सांसद श्री यादव ने कहा कि 2008 में कुशवाहा त्रासदी के समय इसे राष्ट्रीय शोक माना गया। साथ ही करोड़ों रुपए बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आया।वही क्षेत्र के विकास के लिए भी करोड़ों रुपए आया लेकिन आज तक उन क्षेत्रों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। खेतों में अभी भी बालू पसरा हुआ है जिसके कारण किसान मायूस है। सांसद श्री यादव ने संपूर्ण कोसी क्षेत्र को बाढ़ पीड़ित घोषित किए जाने की मांग की। साथ ही खाद्यान्न एवं अन्य रिलीफ को छोड़कर सभी पीड़ित लोगों के खाते में दो-दो लाख रुपैया देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में चुनाव हो रहे हैं जिसके कारण वहां हेलीकॉप्टर की भरमार लगी हुई है लेकिन बाढ़ पीड़ितों के लिए कोई हेलीकॉप्टर सुविधा नहीं दी गई है।बाढ़ पीड़ित पानी में डूब रहे हैं लेकिन उन नेताओं को कोई चिंता नहीं हो रही है। उन लोगों के लिए बाढ़ पिकनिक स्पॉट जैसा प्रतीत हो रहा है जिसके कारण पक्ष विपक्ष सहित कोई राजनेता या जनप्रतिनिधि बाढ़ पीड़ितों के आंसू पहुंचने के काम नहीं आ रहे हैं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रंजन यादव, शशिभूषण यादव, कमलेश्वरी यादव, कपिल देव यादव,दीपक मिश्रा, मनीष यादव,युवा नेता राहुल भगत, रामकुमार, अरूण, महेश कुमार ,सुमन, अरविंद यादव,सबिन,नरेश कुमार, समीर पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक दशरथ गागराई ने कुचाई के विभिन्न गांव टोला मुहल्ला में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण खरसावां**

कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधायक निधि से बनने वाली लगभग 7 योजना का खरसावां विधायक दशरथ गागराई रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा बारुहातु पंचायत के मुखिया रेखा मनी उरांव छोटासेगोई पंचायत के मुखिया लुदरी हेंब्रम तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय एवं प्रखंड के कार्यकताओं के साथ बारुहातु पंचायत के देशवापहाड में चबूतरा निर्माण वहीं जोजोहातु में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण बारूहातु में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण रूगुडीह पंचायत के धुनाडीह में चबूतरा निर्माण पोंडाकाटा पंचायत के चिरूडीह में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण बंदोलोहर पंचायत के



छोचाकडीह में गार्डवाल व पारलवादी गांव में स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। गांव के लोगों ने विधायक दशरथ गागराई का भव्य स्वागत किया।मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि गांव के समस्या के आधार पर गांव का विकास किया जा रहा है। ग्रामीणों की सहयोग एवं भागीदारी के बिना क्षेत्र व गांव का विकास संभव नहीं है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा सचिव मुन्ना सोय मुखिया राम सोय मुखिया करम सिंह मुंडा मुखिया रेखा मनी उरांव मुखिया लुदरी हेंब्रम दशरथ उरांव निरंजन लेंका संजय हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री खुशहाली योजना के तहत 1500से अधिक को बिजली बिल माफ किए गया:चंदन सिन्हा एवं रविंद्र राम

**समाज जागरण सवादाता दीपक कुमार प्रखंड छत्तरपुर**

छतरपुरः मुख्यमंत्री खुशहाली योजना के तहत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल छतरपुर में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चन्दन प्रकाश सिन्हा एवं मुखिया संघ उपाध्यक्ष रविंद्र राम सहायक विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार कार्यपालक अभियंता शोभन सिंह मैसेंजर त्रिभुवन सिंह के द्वारा लाभुकों के बीच बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पहले की सरकार पूंजीपतियों की सरकार थी और अपनी ताकत करीब गुरबों को डराने और धमकाने में लगा देते थी। बड़े-बड़े पूंजीपत्तियों के करोड़ों रुपए माफ कर दिए जाते थे और गांव में बसने वाले गरीब किसान मजदूर से बिजली बिल वसूलने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते थे एफआईआर दर्ज कर उन्हें परेशान किया जाता था। माननीय हेमंत सोरेन की सरकार ने लगातार झारखंड के




गरीब गुरबों आम अवाम के सुविधाओं को ध्यान में रखकर जनहित की योजनाओं पर कार्य कर रही है और 200 यूनिट तक प्रयोग किए जाने वाले सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल को पूर्णतः माफ कर दिया है। और उसी के तहत शून्य बकाया से संबंधित प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। जो लोग प्रमाण पत्र लेने में असमर्थ हैं उन्हें भी चिंता करने की जरूरत नहीं है उनका भी बिजली बिल माफ कर दिया गया है।आगे भी 200 यूनिट बिजली प्रति माह प्रयोग किए जाने वाले लाभुकों का बिल माफ रहेगा। रविंद्र राम ने कहा कि सरकार लगातार जनहित का कार्य कर रही है और आगे भी कार्य करने के लिए सरकार को मजबूत करने की आवश्यकता है। कार्यपालक अभियंता शोभन सिंह ने कहा कि उनकी पूरी टीम लाभुकों को सुविधा देने में दिन-रात लगी हुई है।अब तक 1500 से अधिक लोगों को प्रमाण पत्र वितरण किया जा चुका है। सुनील साहू चंद्रकांता देवी राजनंदन प्रजापति श्याम नारायण सिंह विनोद यादव महादेव यादव नंदू सिंह अनिल प्रसाद सहित 34 लोगों को आने सपोर्ट प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर दयानंद सिंह, गुड्डू कुमार,सुजीत कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

# बाइक से देसी शराब बरामद बाइक जप्त तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार ) 3 अक्तूबर 2024 नगर पंचायत नबीनगर के सोनपुरा के समीप से एक हीरो बाइक से झारखण्ड निर्मित देसी शराब बरामद किया गया है।वही शराब तस्कर शराब और बाइक छोड़कर भागने मे कामयाब रहा।गश्ती मे निकले एएसआई मो अशफाक खान एवम सशस्त्र बल को सामने से आते देख बाइक चालक बाइक छोड़कर भाग निकला ।वहीं बाइक की तलासी के दौरान 180 एम एल का 185 पीस झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया।अभियुक्त भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शराब और बाइक को जप्त कर



थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई किया जा रहा है।

# पटना में हुए सड़क हादसे में बैंक कैशियर की हुई मौत

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पटना जिला**

पटना/ स्थित दीघा थाना क्षेत्र के रूपसपुर नहर के पास गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार बैंक कैशियर की मौत हो गयी। जसनकारी के अनुसार कैमूर जीके के महुआरी गांव निवासी कृष्णा कुमार के 52 वर्षीय पुत्र अभिशेक शेखर हाजीपुर स्थित केनरा बैंक के मुख्य शाखा ने कैशियर के पद पर नियुक्त थे। वे दानापुर स्थित बसन्त बिहार कॉलोनी में अपना घर बनाकर रहते थे। वही से वह प्रतिदिन बाइक पर सवार होकर हाजीपुर स्थित केनरा बैंक में कार्य करने जाता था। प्रतिदिन की तरह वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी कर हाजीपुर से दानापुर स्थित बसन्त कॉलनी अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान दीघा थाना क्षेत्र के



रूपसपुर नहर रोड पर एक अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मारकर भाग निकला। इस हादसे में बैंक कैशियर अभिषेक शेखर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच भेजा गया। जहां अभिषेक शेखर की मौत हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार करने के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। उसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वही अज्ञात वाहन की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास में लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ज्ञात हो कि अभिषेक शेखर की शव का अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाएगा। अभिषेक की पहली पोस्टिंग वाराणसी में ही हुई थी। अभिषेक के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। बेटा, श्रृयांश शेखर प्लस टू में पढ़ाई कर रहा है और साथ ही आईआईटी की तैयारी में लगा हुआ है। वहीं बेटी श्रेया शेखर दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही है। परिवार पर अचानक आई इस विपत्ति ने सभी को गहरा आघात पहुंचाया है।

# राष्ट्रपति ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (3 अक्टूबर, 2024) राजस्थान के उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि यह तेजी से बदलाव का समय है, जो ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी हो रहा है। उन्होंने छात्रों को हमेशा "छात्र की भावना" बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर कड़ी मेहनत और समर्पण जीवन भर उनके काम आएगा। राष्ट्रपति ने छात्रों को अपनी महत्वाकांक्षाओं और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता एक स्वाभाविक गुण है। कुछ लोग परिवेश, शिक्षा और मूल्यों में व्याप्त बुराइयों से अंधे स्वार्थ का रास्ता अपना लेते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों का भला करने से ही अपना कल्याण किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से ऐसा कोई काम न करने का आग्रह किया जिससे उनके चरित्र पर धब्बा लगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम नैतिक मूल्यों को उनके आचरण और कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए। उनके जीवन के हर पहलू में ईमानदारी होनी चाहिए। उनका हर कार्य न्यायपूर्ण और नैतिक होना चाहिए।

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 6



# 20 वर्षों के जल जमाव से ग्रामीणों को मिलेगी निजात

### अस्पताल,मंदिर और मजार के करीब बहते नाले की समस्या का हुआ समाधान

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**



रोहतास नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ में वर्षो से चला आ रहे जल जमाव से अब ग्रामीणों को जल्द निजात मिलेगी। गुरुवार को मुख्य पार्षद सुम्बुल आरा ने वार्ड पार्षद अमन गुप्ता के साथ नाला निर्माण का शिलान्यास किया, इस मौके पर मुख्य पार्षद ने बताया कि ये नाला निर्माण सलैब के साथ किया जाएगा और इस कार्य को जल्द पुरा कर लिया जायगा। वहीं इसके अतिरिक्त भी नगर क्षेत्र के सभी आवश्यक एवं अति आवश्यक कारों को जल्द से जल्द संपूर्ण कराया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हम लोग काम कर रहे हैं और बहुत जल्दी इस तरह की सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा। बताते चलें कि इस जल जमाव से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आसपास के अस्पताल, मंदिर समेत कई घरों के चापाकल का पानी भी खराब हो गया है। ग्रामीणों को अपने गांव के मंदिर और अस्पताल में जानें में परेशानी हो रही थी। वंही इस नाले की वजह से मजार पर भी गंदगी रहती थी,जहां पर जल जमाव है उसी के बगल में ही अस्पताल और मंदिर मजार भी है। इस रास्ते से दिन भर लोगों को आना जाना रहता है। गांव के सतेन्द्र सोनी क्यूम खलीफा रीना देवी आदि लोगों ने कहा कि कई वर्षों से जल जमाव गांव के लिए नासूर बना हुआ था। नाला निर्माण से ग्रामवासियों की समस्या दुर हो जायेगी। इससे आने जाने में काफी राहत मिलेगी। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तोराब नियाजी,उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि इरफान मोहम्मद,वार्ड पार्षद अजमत अली,मुरारी तिवारी, गुलाम सरवर अंसारी, मिथुन पासवान, कुस पासवान,जोखन सिंग,टंनु खान, सादिक रजा,विशाल देव,संजीव सिंह के साथ अन्य कई समाजसेवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन ने जनप्रतिनिधि को 46 रन से पराजित कर बना विजेता

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण संझौली रोहतास**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के मौके पर संझौली प्रखंड स्थित के-के हाई स्कूल के मैदान में प्रशासन व जनप्रतिनिधि के बीच एक दिवसीय शानदार क्रिकेट मैच खेला गया। इसके उपरांत जनप्रतिनिधि व प्रशासन द्वारा संयुक्त कबूतर उड़ाकर मैच का शुभारंभ किया गया। प्रशासन की तरफ से बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रशासन की टीम ने 10 ओवर में कुल-138 रन बनाया। इसमें एसआई अभिषेक कुमार-55 व आशुतोष कुमार-54 रन सवार्धिक रन बनाए। जनप्रतिनिधि की टीम ने 10 ओवर में कुल 92 रन बनाया। इस प्रकार प्रशासन टीम ने जनप्रतिनिधि टीम को 46 रन से पराजित कर दिया। जनप्रतिनिधि की तरफ से करमैनी पंचायत मुखिया सुबाष कुमार ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। पूर्व बीडीसी सदस्य रबिन्द्र सिंह ने एक ओभर में चार चौका लगाकर दर्शकों का दिल जीता। और उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। प्रासशन की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दस ओवर में 92 रन देकर चार विकेट लिया। जवाब में जनप्रतिनिधि की टीम निर्धारित-10 ओवर में तीन विकेट लेकर कुल-92 रन पर सिमट गई। अभिषेक कुमार को मैन आफ-द-मैच व बेस्ट बॉलर में एसआई गणेश तिवारी का पुरस्कार मिला। वही प्रतिनिधि की तरफ से बेस्ट बल्लेबाज में मुखिया सुबाष कुमार का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीप उपाध्यक्ष वंदना राज,प्रखंड प्रमुख समीरचन्द,सर्किल इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी किशोर पासवान, बीसीओ मनोज कुमार,उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात कुमार,उप प्रमुख प्रतिनिधि बरुण सिंह, पूर्व उप प्रमुख वर्तमान बीडीसी सदस्य डॉ मधु उपाध्याय,पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,मुखिया मिथलेश सिंह,चंद्रहॉस कुमार,संगीता देबी,बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरीफ एक सामान : सहायक विद्युत अभियंता

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत पांच प्रशाखा है एवं सभी उपभोक्ताओ के परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य प्रगति पर है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के परिसर मे निःशुल्क लगाया जा रहा है तथा मीटर लगाते समय कर्मियों का सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न करें। एसडीओ के द्वारा आगे बताया गया की उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पहली बार मीटर रिचार्ज करने हेतु मैसेज प्राप्त होने के बाद दो दिनों का समय दिया जाता है तथा बैलेंस शून्य अथवा निगेटिव होने पर उपभोक्ता को एसएमएस के माध्यम से रिचार्ज करने हेतु सुचना दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं, इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः काट जाती है साथ ही साथ रिचार्ज होने के बाद बिजली स्वतः चालू हो जाती है। बता दें की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है एवं रात मे भी विद्युत विभाग द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरीफ एक सामान है, उपभोक्ता किसी भी भ्रान्ति का शिकार न हों। स्मार्ट मीटर से सम्बंधित एप्प के माध्यम से उपभोक्ता दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक बिजली खपत की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हुए उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने हेतु बिजली कार्यालय काउंटर पर जाने की आवश्यकता भी नहीं है। उपभोक्ता ऑनलाइन के माध्यम से बिजली बिल जमा कर सकते हैं। आपको बता दें की बिक्रमगंज शहरी क्षेत्र मे कुल 9890 एवं ग्रामीण क्षेत्र मे 81127 उपभोक्ता हैं। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज द्वारा अखबार के माध्यम से उपभोक्ताओं से आग्रह की गयी है स्मार्ट मीटर बदलने के दौरान सहयोग की जाय, उक्त कार्यों मे किसी भी उपभोक्ताओं के द्वारा बाधा उत्पन्न किया जाता है तो बिहार विद्युत आपूर्ति संहिता की धारा 8.2 एवं 8.6 (सी) के तहत्त कम्पनी हित में कर्तव्य निर्वहन का उल्लंघन मानते हुए परिसर की विद्युत आपूर्ति को काटते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने के विरूद्ध कानूनी कार्यवाई की जा सकती है।

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया। व्रत रखकर देवी भक्तों ने विधिवत मां शेरावाली के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर सपरिवार व राष्ट्र की उन्नति हेतु मन्नतें मांगी। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।



गुरुवार को पूरे दिन भक्तिमय माहौल रहा। माता रानी के सभी भक्तों के चेहरे पर हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। नवरात्र के प्रथम दिन से ही क्षेत्र का माहोल भक्तिमय रहा। सभी श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान करने के उपरांत आचार्यों के श्रीमुख से वैदिक मंत्रोच्चारण साथ घरों में घट स्थापना कर माता रानी का दरबार सजाया। साथ ही उसके बाद घी, दूध, शहद,नारियल,तिल,धूप,फल,फूल आदि सामग्री से मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। अनुमंडल भर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित माता रानी के मंदिरों समेत अन्य मंदिरों पर भारी संख्या में देवी माता के भक्तों की भीड़ देखी गई। पूरे दिन मंदिरों में माता के भजन और जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों में देवी भक्त पूजा-अर्चना करते दिखाई दिए। भक्तों ने कतारों में खड़े रहकर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में भक्तों का आना जाना लगा रहा। वहीं दूसरी ओर घरों में भी देवी भक्तों ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की।

# बैंकों के सीडी दर में सुधार करे:डीएम

**मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण**



रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित कलेक्ट्रेट की डीआरडीए सभागार में बृहस्पतिवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय,प्रभारी पदाधिकारी मनीष कुमार,जिला बैंकिंग शाखा शैलेश कुमार,अग्रणी बैंक प्रबंधक आशीष रंजन,महाप्रबंधक जिला उधोग केंद्र सुनील कुमार,डीडीएम,नाबार्ड तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे। जिला पदाधिकारी द्वारा बैंकों के सीडी दर में सुधार का निर्देश दिया गया,जो कि 30 जुलाई 2024 तक 50.02 प्रतिशत के करीब है। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं जिन में वित्तीय समावेशन का प्रावधान है। उन सभी योजनाओं का भी समीक्षा की व उनके लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशीष रंजन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना में 352 का लक्ष्य के सापेक्ष 102 आवेदन स्वीकृत व 26 आवेदक को ऋण वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिला को 212 लक्ष्य दिया गया है। जिसमें 186 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी स्वीकृत आवेदन को तेजी से वितरण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त के साथ वार्षिक ऋण योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,जीविका, ग्रामीण स्वरोजगार, प्रसिक्षण संस्थान,नोखा,मुद्रा ऋण, कृषि आधारभूत संरचना निधि योजना (नाबार्ड) व किसान उपादक संगठन की प्रगति की समीक्षा की गई।

# मां के आगमन पर कलश स्थापन के साथ किया गया पाठ का प्रारम्भ:डॉ मनीष

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**



स्थानीय वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में बृहस्पतिवार को शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने पर विधि-विधान, मंत्रोचारण एवं धूम धाम से कलश स्थापित किया गया.भाजपा नेता डॉ मनीष रंजन ने बताया कि 11 बजकर 48 मिनट पर विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ पंडित हरिशंकर मिश्रा के द्वारा कलश स्थापन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. डॉ रंजन ने कहा कि शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग अलग स्वरूपों का पूजन किया जाता है.शास्त्रीय नवरात्रि नारी शक्ति का पर्व है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा की आराधना का सबसे श्रेष्ठ समय नवरात्रि है. नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान मां के अलग-अलग नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है. नवरात्रि का हर दिन मां के विशिष्ट स्वरूप को समर्पित होता है और हर स्वरूप की अलग महिमा होती है. आदिशक्ति जगदम्बा के हर स्वरूप से अलग-अलग मनोरथ पूर्ण होते हैं.उन्होंने कहा कि कलश स्थापना एवं पाठ का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों की मंगल कामना हेतु तथा काराकाट विधानसभा की समस्त जनता के खुशियों की कामना हेतु किया जा रहा है.मां का आशीर्वाद हम सभी पर ऐसे ही बना रहे.पाठ के दौरान पूरा महाविद्यालय परिवार भक्ति रस में डूब गया है.डॉ रंजन ने कहा कि नौ दिनों तक मां का पाठ चलेगा और नवमी के दिन विधिवत रूप से हवन एवं पूणार्हुति किया जाएगा.पूजा में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह एवं अभय कुमार सिंह शामिल हैं.साथ ही वीर बहादुर सिंह,उमाशंकर सिंह,प्रियतम कुमार ,रंजीत कुमार चौधरी,शशिभूषण प्रसाद,अनिल कुमार, रमेश कुमार ,नरेंद्र कुमार सिंह,रोहित कुमार तिवारी,मंटू कुमार चौधरी,चंदेश्वर पांडे,आलोक राम आदि उपस्थित थे.

# गाय-भैंस व्यापारियों के साथ मारपीट, डेढ़ लाख रुपये की छिनतई

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास**



रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट थाना क्षेत्र में गाय व भैंस के व्यापारी से एक लाख पचास हजार रुपए छिनने का मामला प्रकाश में आया है। बतादें कि थाना क्षेत्र के भरथाडीह निवासी अजय कुमार सिंह इसी साल तीस सितंबर को सर्वदानंदडिहरी निवासी बूढ़ा गोसाई के पुत्र संतोष गोसाई को भैंस खरीदने के लिए पांच सौ रुपया बयाना दिया। फिर भैंस के लिए गए तो अजय सिंह व सहयोगियों को पसंद नही आई इसीलिए इसके लिए उसने बयाना वापस मांगा। उसके बाद इसी वर्ष तीन अक्टूबर को वापस अपना पैसा मांगने गए। तकरीबन दस बजे दिन में संतोष गोसाई और उसके पिता अजय कुमार और जनार्दन सिंह को अपने घर बुलाया तो बुलाने के बाद अंदर बुलाकर मारपीट करते हुए हथियार के बल पर एक लाख पचास हजार रुपया छीन लिया। अजय कुमार सिंह और जनार्दन सिंह मिलकर गाय और भैंस खरीदने व बेचने का कार्य करते हैं। हालांकि इस मामले में थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी से जब जानकारी ली गई तो बताया कि पैसा छीनने का मामला प्रकाश में आया है। लेकिन अभी तक पीड़ित के द्वारा कोई आवेदन थाना में नही दिया गया है।

# बाइक चोरी करते दो चोरों को पकड़ किया पुलिस के हवाले

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर गांव में बाइक चोरी करते ग्रामीणों ने दो चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोहनपुर गांव में राजेश कुमार पिता स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की बाइक दरवाजे पर खड़ी थी। मौका पाकर दो चोरों ने मास्टर चाबी से बाइक को चालू कर दिया । बाइक जैसे हीं लेकर आगे बढ़े तब ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों चोरों की पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि चोरों के पास से मास्टर चाबी बरामद किया गया है। चोरों की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी गया सिंह के पुत्र अमित कुमार उर्फ चंदन कुमार और कौपा निवासी शत्रुधन राम के 17 वर्षीय पुत्र विधि विरुद्ध बालक के रूप में की गई है। दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुछताछ के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

# डीएम-एसपी ने किया बेयरहाउस का निरक्षण

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतास**

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में बृहस्पतिवार को ई०वी०एम० व वी०वी०पैट बेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किया गया। साथ हीं




वेयरहाउस में कार्यरत सी०सी०टी०वी०,विद्युत व्यवस्था अधिष्ठापित हाइड्रेट व अग्निशमन यंत्र के संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त पुलिस बल के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

# बीज उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**रोहतास ब्यूरो, दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**



कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास में रबी फसलों के बीज उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों के बीज उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मत्स्य वैज्ञानिक डॉक्टर आर के जलज ने बताया कि उचित गुणवत्ता वाले बीज फसल की उत्पादकता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। फसलों के बीज उत्पादन करने से किसानों को अनाज उगाने की तुलना में 15 से 20% अधिक मुनाफा मिलता है। वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक संजू कुमारी ने उन्नत बीज की विशेषता एवं बीज प्रमाणन के मानकों के बारे में किसानों को बताया। किसानों को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और धान,गेहूं,दलहन व तिलहन के बीजों का उत्पादन स्वयं करना चाहिए। इसके लिए बिहार सरकार द्वारा निबंधन कराया जाता है। जिसे कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है। डॉ रामाकांत सिंह ने बीज उत्पादन के लिए भूमि की तैयारी, खाद-बीज अनुपात पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। डॉ रतन कुमार ने किसानों को बीजों के संरक्षण और भंडारण के तरीकों के बारे में बताया व प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. डीपी कुशवाहा ने किसानों को बीज प्रसंस्करण में उपयोगी अभियंत्रों के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने आशा व्यक्त किया है कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण किसानों को बीज उत्पादन करने में सफलता दिलाएगी ,जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिसमें बिक्रमगंज ,दिनारा, कोचस व संझौली प्रखंड के 40 महिला व पुरुष किसानों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महिला प्रशिक्षणार्थियों में जीविका समूह की सदस्य शारदा देवी,अनीता देवी,सुमंती कुमारी,शोभा देवी, गीता देवी सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम दौरान पुरुष कृषकों में अंकित कुमार,संदीप कुमार, रविश कुमार, रवि कुमार, विनोद महतो, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रोहतास में होगा विज्ञान मेला का आयोजन

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतास**

कला,संस्कृति व युवा विभाग बिहार, जिला प्रशासन व नेहरू युवा केंद्र, रोहतास, सासाराम के सहयोग से विज्ञान मेला का आयोजन 5 अक्टूबर 2024 को स्थान शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज सासाराम में किया जाएगा। जिसमें जिले भर के 15 से 29 वर्ष के युवा भाग लेंगे। निर्णायक मंडल द्वारा जो भी विज्ञान प्रोजेक्ट को सबसे अच्छा चुना जाएगा, उसको प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जिला कला, संस्कृति व युवा विभाग रोहतास के प्रभारी सह साइंस मेला, रोहतास के नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने बताया की यह सरकार द्वारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है। जिसमें जिले के जो भी युवा 15 से 29 वर्ष के भाग लेना चाहते हैं वह अपनी प्रतिभा इसमें अपने बेहतरीन विज्ञान प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखा सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रोहतास जिले के नोडल अधिकारी पंकज कुमार से 87096 64245 पर संपर्क कर सकते हैं। इस विज्ञान मेला में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों को सुबह 10 बजे तक शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, सासाराम में पहुंच जाना होगा,वहां पर उनका रजिस्ट्रेशन कर दिया जाएगा।

# आर्म्स मामले में युवक गिरफ्तार,दूसरा फरार

**ओंकारनाथ दुबे,दैनिक समाज जागरण सवांददाता दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा थाने की पुलिस ने आर्म्स मामले में एक युवक को किया गिरफ्तार, दूसरा फरार। गिरफ्तारी में जुटी पुलिस। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमसेज निवासी हरेराम यादव के 22 वर्षीय पुत्र टिंकू यादव आर्म्स लेकर फेसबुक एवं मोबाइल पर अपने साथ एक युवक का फोटो खींचकर भेजा। जिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए सत्यापन हेतु स्वयं मैं अपने दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले का सत्यापन होते ही पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ शुरू कर दी। पुलिस को देख युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस ने भागने के क्रम में युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में प्रयुक्त आर्म्स बरामद नहीं हुआ है। बताया कि मामले में फरार दूसरे युवक के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए उसके संभावित ठिकानों पर स्थानीय पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है। फरार युवक को बहुत जल्द ही पुलिस हिरासत में ले लिया जाएगा। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमसेज निवासी हरेराम यादव के 22 वर्षीय पुत्र टिंकू यादव के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते उसे जेल भेज दिया गया।

# रोहतासः एसपी ने दुर्गा पूजा में बिधी व्यवस्था को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्र में किया निरीक्षण

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतास**

रोहतास एसपी रौशन कुमार ने दुर्गा पूजा में बिधी व्यवस्था को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्र में निरीक्षण किया। एसपी ने विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान दुर्गा पूजा में बिधी व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा रौशनी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती को लेकर निर्देश दिए। रोहतास पुलिस कप्तान ने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के थाना क्षेत्र का दौरा करने के क्रम में सूर्यपुरा थाना पहुंचे। एसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा हेतु बना पंडालों का सत्यापन,लाइसेंस धारियों का सत्यापन वोलेंटियर का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही रूट का सत्यापन भी किया जा रहा है कि पूजा के दौरान पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति



पूर्ण रूप सुनिश्चित हो सके। संबंधित थानाध्यक्ष और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा किए गए रूट सत्यापन के मोताबिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। एसपी ने अपील किया की शांति सौहार्द के साथ दुगार्पूजा मनाया जाय। निरीक्षण के दौरान विक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय,थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी आदि मौजूद रहे। एसपी ने अपराध नियंत्रण व अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिए निरंतर अभियान जारी रखने हेतु निर्देश दिया।

# शारदीय नवरात्र के कलश यात्रा में भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

**ददन सोनी दैनिक समाज जागरण संवाददाता अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला, दरिहट एवं आयरकोठा थाना क्षेत्र के सभी पूजा कमिटियों ने वृहस्पतिवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कलश यात्रा निकाली गई। समस्त पूजा कमिटीयों ने पूजा स्थल से कलश यात्रा गाजे बाजे एवं लाउडस्पीकर के साथ शुरूआत कर नगर के प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए अपनी सुविधा अनुसार सोन नदी, एवं नहरों पर जाकर विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि



विधान से पूजा अर्चना करते हुए अपने-अपने कलश में जल भरकर पूजा कमिटी के पास लाकर कलश को स्थापित कर माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया गया। आदर्श नवयुवक कला मंच हुरका पूजा कमिटी द्वारा भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी की झांकी को कलश यात्रा में शामिल किया गया वहीं भक्ति गीतों की धुन पर भक्ति रस में सराबोर भक्त नाचते गाते हुए नजर आए। मौके पर नंदू यादव, उप मुखिया गुप्तेश्वर सिंह, डॉ अनिल शर्मा, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, सत्येंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 7



# भाजपा सदस्यता अभियानः नागेश्वर यादव की सक्रियता से जोशित

**बाढ़ के बीच भी रिमझिम बारिश में जारी है अभियान, "फ्रेंड्स ऑफ नागेश्वर" ने संभाला मोर्चा**

**दैनिक समाज जागरण नरपतगंज**



भाजपा के सदस्यता अभियान का विस्तार नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में तेजी से हो रहा है। युवा भाजपा नेता नागेश्वर यादव ने बथनाहा-बीरपुर पथ पर बाढ़ की चुनौतियों के बावजूद रिमझिम बारिश में भी लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान का विस्तार क्षेत्र में काफी सक्रियता के साथ किया जा रहा है। हालात चाहे कितने भी चुनौतीपूर्ण हों, जैसे कि बाढ़ के कारण बथनाहा-बीरपुर पथ पर पानी बहने के बावजूद, युवा भाजपा नेता नागेश्वर यादव ने रिमझिम बारिश में अचरा पंचायत के आदिवासी टोला सहित विभिन्न वार्डों में भी अभियान को जारी रखा। ,नागेश्वर यादव अपने कार्यकताओं के साथ एक्टिव मोड में युवा दिलों के धड़कन भाई नागेश्वर यादव अपनी टीम"फ्रेंड्स ऑफ नागेश्वर" के साथ सदस्यता अभियान को लेकर मोर्चा संभाल रखा है। सदस्यता अभियान के तहत, उन्होंने स्थानीय लोगों को पार्टी की नीतियों और विकासात्मक कार्यों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने स्थानीय स्तर पर अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है, साथ ही लोगों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

# कोसी में फिर उफान, चिंतित प्रशासन, दहशत में लोग

**दैनिक समाज जागरण सुपौल /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



जिले में कोसी नदी का जलस्तर गुरुवार को अचानक बढ़ गया. कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से लोगों के बीच दहशत का माहौल है, वहीं जिला प्रशासन की चिंता बढ़ गयी है. बाढ़ सुरक्षा में कार्यरत कर्मी और पदाधिकारी एक बार फिर अलर्ट मोड पर आ गए हैं. इंजीनियर और अधिकारी तटबंध पर कैंप कर रहे हैं. किसी भी हालात से निबटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार दिख रहा है. सुपौल डीएम कौशल कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह 12 बजे कोसी बराज का जलस्तर 1 लाख 46 हजार 620 क्यूसेक और नेपाल के बराह क्षेत्र का जलस्तर 1 लाख 21 हजार 800 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया. कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है. राहत और बचाव कार्य में जुटे कर्मियों को चिन्हित जगहों पर तैनात किया गया है. अधिकारी और इंजीनियर तटबंधों पर कैंप कर रहे हैं और हालात पर नजर बनाये हुए हैं. जिले के सुपौल, किशनपुर, सरायगढ़, निर्मली और मरौना के तकरीबन 1 लाख 30 हजार 235 लोग प्रभावित हुए हैं. सैकड़ों लोगों के घर कोसी की तेज धारा में विलीन हो गए हैं. लोग खुलेआसमान के नीचे रहनेको मजबूर हो रहे हैं. जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रही है कि तटबंध को किसी प्रकार की क्षति न हो. बांध की देखभाल के लिए इंजीनियर को ड्यूटी पर लगाया गया है. तटबंध के भीतर इलाकों में जलस्तर का पल पल अपडेट लिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति के सामना करने के लिए तैयार हैं. पीड़ित लोगों के लिए भोजन, सूखा राशन, पीने का पानी, मेडिकल, पशुओं का चारा आदि सुविधाएं दी का रही है।

# जिला भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान प्रथम चरण की हुई समीक्षात्मक बैठक

**सदस्यता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेमकिशोर चौधरी और अखिलेश यादव हुए सम्मानित**

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में चल रहे सदस्यता अभियान प्रथम चरण का समीक्षात्मक बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई,बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री स्वदेश यादव जिला प्रभारी लखी महतो नरपतगंज के विधायक जयप्रकाश यादव निवर्तमान जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा के अलावा



महामंत्री कृष्ण कुमार सेनानी प्रताप नारायण मंडल महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष चांदनी सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश राज अनुसूचित मोर्चा के गंगा ऋषिदेव के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री मोर्चा के महामंत्री गण मौजूद रहे,बारी बारी सभी मंडल के पदाधिकारियों शक्ति केंद्र प्रमुख बूथ अध्यक्ष जिला के पदाधिकारी मोर्चा के पदाधिकारी विधायकगण सांसद और अन्य पदाधिकारियों के द्वारा की गई सदस्यता और उनके योगदान की समीक्षा की गई,साथ ही सिकटी मंडल के बरदाहा शक्ति केंद्र उपप्रमुख प्रेमकिशोर चौधरी और नरपतगंज के फरही के बूथ अध्यक्ष अखिलेश यादव को सदस्यता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया।

# यूभीके कॉलेज कड़ामा में मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**दैनिक समाज जागरण पुरैनी ।**



प्रखंड क्षेत्र के कड़ामा स्थित यूभीके कॉलेज में बुधवार को धूमधाम के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. जानकारी के अनुसार बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पहले तो महाविद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश को हिंसा का पाठ पढ़ाकर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सदैव पूजनीय है. वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पद पर रहते हुए उनकी सादगी और ईमानदारी पर चर्चा की गई. इस दौरान बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का गायन कर उन्हें याद किया गया. बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने के साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई. कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता रैली निकालकर साफ सफाई अभियान भी चलाया गया. कार्यक्रम के दौरान मौके पर इंजीनियर डॉक्टर सिप्पू कुमार, डॉ चंद्रशेखर मिश्र प्रोफेसर शिवेंद्र आचार्य, डॉक्टर शेखर झा, प्रोफेसर शिव किशोर सिंह, प्रोफेसर अजय कुमार, प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार झा, प्रोफेसर संजय कवि, प्रोफेसर चंदेश्वरी मेहता, प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य, प्रोफेसर कुमार चंद्रशेखर, रूपेश कुमार, हरिओम कुमार, सन्नी कुमार, आयुष कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर समारोह आयोजित, बीपीएस कॉलेज बभनगामा में हुआ कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा ।**

जिला के बिहारीगंज प्रखंड अन्तर्गत बभनगामा स्थित भोला पासवान शास्त्री इंटर और डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। समारोह में सबसे पहले मुख्य रूप से दोनों महापुरुषो के चित्रो पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से कालेज के संरक्षक अखिलेश कुमार, प्राचार्य अतुलेश वर्मा उर्फ बाबुल जी, प्रो मदन मोहन, प्रो रत्नेश कुमार, प्रो रामचन्द्र सिंह, प्रो अमोल यादव, प्रो शंकर कुमार, प्रो कमल किशोर यादव, प्रो साधना वर्मा, प्रो सूरत राय, गाव के मुखिया गुलाबचंद दास, सामाजिक कार्यकर्ता छोटु कुमार, प्रिंस कुमार, अटल बिहारी, पंकज कुमार, जितेन्द्र कुमार के अलावा कालेज के सदस्य राम नारायन प्रसाद यादव जी उपस्थित थे! कार्यक्रम में सर्व प्रथम प्राचार्य प्रो अतुलेश वर्मा ने गांधी और शास्त्री जी की सादगी पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को सीख लेने की सलाह दी। उन्होने कहा कि यू ही नहीं देश उन्हे याद करता है ! कालेज के संरक्षक प्रो अखिलेश कुमार ने समारोह में मौजूद आगुन्तको को विस्तृत जानकारी देते हुए डिग्री कॉलेज की मान्यता मिलने की जानकारी दी और कहा कि अब इन्टर के साथ बीए भी लोग आसानी से कर सकते हैं! उन्होंने कालेज के संस्थापक श्री दीनानाथ प्रबोध और अध्यक्ष प्रो देव नारायण पासवान देव द्वारा इस प्रकार के शिक्षाप्रद कार्यो की जानकारी देते हुए लोगों में खुशी जाहिर करते हुए मिठाईयां खिलाई और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का आश्वासन दिया!

# नवरात्रि के पावन मौके पर बजरंग दल लगाएंगे सेवा शिविर : मनोज सोनी

**दैनिक समाज जागरण नरपतगंज ।**

हर साल के तरह इस साल भी मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए स्टॉल लगाकर बजरंग दल की ओर से सेवा की जाएगी उक्त बातें बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने गुरुवार को घूरना पासवान टोला वार्ड नंबर 10 सलहेश स्थान मंदिर के प्रांगण में बैठक के दौरान कहा उन्होंने कहा नवरात्रि के पवन मौके पर अष्टमी और नवमी को बजरंग दल के द्वारा स्टोर लगाकर श्रद्धालुओं को शुद्ध पीने का पानी पिलाएंगे साथ ही मेले में



घूम रहे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या होने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रशासन के साथ हर संभव मदद के लिए आगे रहेंगे ' श्री सोनी ने कहा बजरंग सेवा सुरक्षा संस्कार के लिए पूरे देश विदेश में प्रसिद्ध है वे हमेशा राष्ट्रहित एवं हिंदू हित के लिए समर्पण भाव से कार्य करते हैं उन्होंने कहा दशहरा के मौके पर मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए बजरंग दल के द्वारा कई सालों से सेवा कार्य किया जा रहा हैं जो आगे भी जारी रहेगा ' इस मौके पर बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी, अरुण मुखिया, गणेश गुप्ता, विशाल पासवान, विनय शाह, प्रिया रंजन शाह, अजय पासवान, मोनू पासवान, संजू मुखिया, पप्पू मुखिया, रोशन सोनी, रोहित सोनी, अमरेश शाह, प्रमोद पासवान, आनंद शाह, अमन गुप्ता, अनिल पासवान, भोला पासवान, रामप्रवेश पासवान,

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7

**वॉलीबॉल प्रतियोगिता ओपन टू आल के फाइनल मुकाबले में आजाद क्लब शमशेर गंज कटिहार एवं एम एल भी सी सुपौल ने पक्का कर ली अपनी जगह आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किजिए और अपनी क्लब को फाइनल मुकाबला में पहुंचाए। यही मेरी शुभ कामनाएं है: संजीव मिश्रा**

**दैनिक समाज जागरण पूर्णिया।**



पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 खेली जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 के प्रथम चरण के बैडमिंटन वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता बालक - बालिका वर्ग के साथ - साथ ओपन टू आल प्रतियोगिता खेली जा रही है। 11 वां दिन का मैच का शुभारंभ पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स श्री संजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं टास कराकर और राष्ट्रीय गान गाकर विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल मुकाबले आज चारों क्लब खेलने जा रहें हैं। आप सभी क्लब को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किजिए और अपनी क्लब को फाइनल मुकाबला में पहुंचाए। यही मेरी शुभ कामनाएं है। सुपौल हमारा जन्म स्थल है पूर्णिया - कटिहार कर्म स्थल है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि द्वितीय चरण दिनांकः- 5/10/2024 से शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता एवं तृतीय चरण दिनांक :- 08/10/2024 से कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता पनोरमा ई होम्स पूर्णिया में आयोजित की जाएगी। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में भाग लें और रजिस्टर शतरंज, टेबल - टेनिस, कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से आग्रह है कि उक्त निर्धारित तिथि से पूर्व टाई सीट ले लेंगे।

**मैच परिणामः-**

बैडमिंटन प्रतियोगिताः-अंडर - 17 बालक वर्ग में।1. इंजामूल हक ने अर्णव आनंद को 15-10,15-07 से हराया।2. आर्यन कुमार ने रवि किशन को 15-10,15-12 से हराया।3. मो ताज ने आदित्य शर्मा को 15-06,15-12 से हराया।4. राधे कुमार ने विनित कुमार को 13-15,019-17,17-15 से हराया।5. नायक पंसारी ने सत्यम राज को 15-09,15-10 से हराया।6. अक्षित राज सिंह ने आर्यन कुमार को 15-04,15-07 से हराया।7. चेतन देव ने मिशन कुमार शाह को 15-03,15-12 से हराया।8. ऋषभ चौधरी ने शांतनु कुमार को 15-08,15-12 से हराया।9. शुभम शास्त्री ने हर्ष कुमार को 15-08,16-14 से हराया।10. श्रेयस कुमार ने ऋषभ कुमार को 15-07,11-15,15-07 से हराया।
11. रियांश राज यादव ने साकेत राज को 15-06,15-07 से हराया।
12. आर्यन जायसवाल ने अभिनव वैभव को 15-07,15-11 से हराया।13. करण कुमार ने सेमियक केसरी को 15-10,15-13 से हराया।वॉलीबॉल प्रतियोगिताः-ओपन टू आल प्रतियोगिता बालक वर्ग में:- प्रथम सेमीफाइनल मुकाबलाः- 1.आजाद क्लब शमशेर गंज कटिहार ने पूर्णिया वॉलीबॉल संघ को 2-0 से हराकर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई।द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबलाः-एम एल भी सी सुपौल ने नेशनल यूथ क्लब को 2-1 से हराकर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई।

**बालिका वर्ग में:-**

1. पूर्णिया स्पेकर ने विद्या विहार आवासीय विद्यालय को 2-0 से हराया।2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय ने टीम यूनिटी को 2-1 से हराया। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स श्री संजीव मिश्रा, आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, अमृत साजन, विकास कुमार, मो एजाज अहमद, रितु राज, मो नैय्यर अली, मो मंजर मोहशिम, सैयद जब्बर हुसैन, भावना कुमारी, अराधना कुमारी सिंह, खुशी कुमारी, निभा कुमारी, पुनित कुमार सिंह, अभिषेक कुमार,चन्दन कुमार विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य गण, शारीरिक शिक्षक, खिलाड़ियों के अभिभावक गण, बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# उद्योग मंत्री ने कारोबारियों और निवेशकों के साथ बातचीत की

श्री गोयल ने भारत में निवेश, विनिर्माण और व्यापार के अवसरों के बारे में चर्चा की केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख कारोबारियों और प्रवासी भारतीयों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। श्री गोयल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन ब्लैकरॉक के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री रॉबर्ट गोल्डस्टीन, सिस्टम टेक्नोलॉजी ग्रुप के अध्यक्ष और सीईओ श्री अनूप पोपट, टिलमैन होल्डिंग्स के सीईओ श्री संजीव आहूजा, सी4वी के सीईओ श्री शैलेश उप्रेती और जेनस हेंडरसन इन्वेस्टर्स के सीईओ श्री अली डिबडज सहित प्रमुख निवेशकों से मुलाकात की।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

**दो दिवसीय यह कार्यक्रम कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में है आयोजित**

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**




जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आज टाउन हॉल, अररिया में जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 दिनांक 03.10.2024 से 04.10.2024 तक निर्धारित है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में आए हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि आप अपने मन में किसी तरह की घबराहट नहीं रखें। पूरे उत्साह के साथ जिला स्तरीय युवा उत्सव में पार्टिसिपेट करें। आप एक गांव, पंचायत फिर प्रखंड से होकर जिलास्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने आए हैं, यह आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। आप जो भी विधाओं में भाग लेंगे, उसमें पूरे उत्साह के साथ अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय युवा उत्सव के सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे और अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई लिखाई के साथ ये सब भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के माध्यम से भी आप अच्छी चीज सीखें और उससे आप कितना बेहतर कर सकते हैं, उसे करें। टेक्नोलॉजी का सही प्रयोग करें और उससे अपने सपने को साकार करने का प्रयास करें। आप अपना बेस्ट देने का प्रयास करें और जो भी रिजल्ट आए उसे स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि हम लोग चाहेंगे कि अररिया जिले के बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परिचय दें। संबोधन के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विधाओं के प्रस्तुति का भी अवलोकन किया गया। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार समूह लोक गायन, समूह लोक नृत्य शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन शास्त्रीय नृत्य का प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। वहीं दिनांक 04.10.2024 को लोकगीत एकल, हारमोनियम वादन वक्तृता, एकांकी नाटक, कविता लेखन कहानी लेखन, चित्रकला, मुर्तिकला छायाचित्र संबंधित प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा। मौके पर अपर समाहर्ता अररिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अररिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, सभी वरीय उप समाहर्ता अररिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अररिया, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अररिया सहित संबंधित पदाधिकारी एवं स्थानीय कलाकार गण उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन ने आयोजित किया एक दिवसीय कार्यशाला

**परमान सभागार में यह कार्यशाला विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के सफल संचालन, दत्तकग्रहण जन जागरूकता एवं UDID कार्ड तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र विषय पर था**

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**




जिला पदाधिकारी अररिया श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के सफल संचालन, दत्तकग्रहण जन जागरूकता एवं UDID कार्ड तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अररिया जिला के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, सभी बाल विकास परियाजना पदाधिकारी एवं नीजी प्राइवेट नर्सिंग होम, मैटरनिटी सेंटर के डॉक्टर उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के पाँच नये लाभुकों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। पाँच दिव्यांगों को सम्बल योजना अंतर्गत बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई तथा दत्तकग्रहण पर जागरूकता हेतु प्रचार गाड़ी एवं UDID कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और दिव्यांगों के लिए योजनाओं से संबंधित प्रचार गाड़ी को जिला पदाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पूर्व सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर संक्षिप्त परिचय दिया गया। जिला पदाधिकारी ने अररिया जिले में संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में अनाथ, परित्यक्त, अभ्यर्पित बच्चों को नियमानुकूल आवासित किए जाने पर विशेष रूप से बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किन्हीं को बच्चा गोद लेना है तो उसके लिए विशेष पोर्टल बना हुआ है जिस पर ऑनलाइन आवेदन कर योग्य व्यक्ति बच्चा गोद ले सकते है। कानूनी प्रक्रिया से ही कोई व्यक्ति बच्चा गोद ले सकता है। इस संबंध में सभी डॉक्टर्स से कहा गया कि अगर आपके क्षेत्र में इस तरह के बच्चे मिलते है तो उनको विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में आवासित कराने में सहयोग करें साथ ही लोगों को जागरूक भी करें। जिला पदाधिकारी ने स्पॉन्सरसिप योजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के बेहतर परवरिश के लिए 4000/- रुपए प्रति माह दिए जाने का प्रावधान है। बताया गया कि पूर्व से 312 ऐसे बच्चों को स्पॉन्सरशिप का लाभ दिया जा रहा था। अब 74 नये बच्चों को इसका लाम देने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल 386 बच्चों के लिए स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। UDID कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन एवं सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता के साथ नियमानुकूल वउक्क्ष्ठ कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र ससमय बनवाना सुनिश्चित करें। सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई-सह-जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग को भी निदेशित किया गया कि बच्चों को, दिव्यांगों को मिलने वाली योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, श्री राजमोहन झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, श्री मनीष कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री नितेश कुमार पाठक, जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुनियाद केन्द्र के पदाधिकारी एवं कर्मी, पटना से आए यूनिसेफ के विशेषज्ञ, श्री सैफुर्र रहमान तथा विशेषज्ञ श्री अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

# हेल्थ वेलनेस सेंटरों को एनक्वास प्रमाणीकृत बनाने की हो रही पहल

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**

जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों की तर्ज पर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके में अवस्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसके लिये नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड यानी एनक्वास प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत सिर्फ बड़े अस्पताल ही नहीं छोटे अस्पतालों में




भी प्रमाणीकृत बेहतर चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की पहल की जा रही है। जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को चरणबद्ध तरीके से एनक्वास प्रमाणीकृत बनाया जाना है। इसके पहले चरण नरपतगंज के पिठोरा, फारबिसगंज के हरिपुर, जोकीहाट के केसर्रा व अररिया प्रखंड अंतर्गत मुडबल्ला हेल्थ एंड वेलनेस के प्रमाणीकरण को लेकर जरूरी तैयारियों की जा रही है।

# नहीं रहे कुमार साउंड अररिया के प्रोपराइटर कुमार भैया, उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षतिः आलोक भगत

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**



कुमार साउंड अररिया के प्रोपराइटर कुमार भैया ( कृष्ण कुमार गुप्ता ) का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त बात जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत ने कही। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने श्री चरणों में स्थान दे।1990 के दशक में अररिया शहर में बजरंग दल और भाजपा के विस्तार में भी दिवंगत कुमार साहब ने अहम भूमिका निभाई इनके निधन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत, रणधीर सिंह, नवीन यादव, दीपक पोद्दार,विकास भगत, रूपेश गुप्ता, प्रदीप भगत, शुभम चौधरी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।नमन! श्रद्धांजलि अर्पित।

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 8



## नाबार्ड के वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत रूट्स फाऊंडेशन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया

**सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,स्वास्थ्य बीमा योजना आदि के बारे में विधिवत जानकारी दी गई**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड सिरसिया के बैंक शाखा जोखवा बाजार के





ग्राम दुगार्पुर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत रूट्स फाऊंडेशन के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया जादूगर अमित सिंह राणा ने जादू के माध्यम से ग्रामवासियों को बैंक उत्पादों, नाबार्ड की प्रमुख योजनाओं, सरकारी बीमा योजनाओं जैसे झप्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं आनलाइन ठगी से बचने के उपाय एवं बैंक से लोन लेकर रोजगार करें सेठ साहुकारों के कर्जे से बचें।

**ग्रामीणों को बताकर लोगों को जागरूक किया गया**

कार्यक्रम में बैंक मैनेजर सोनू कुमार चौरसिया,बैंक सखी पूनम देवी, रिकवरी एजेंट राजेन्द्र प्रसाद शर्मा अन्य गणमान्य ओंकार नाथ चौधरी एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे`

# बीआरसीएम बहल के उच्च शिक्षण संस्थानो द्वारा मनाया गया सांस्कृतिक उत्सव और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह "उड़ान-2024"

**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र प्रजापत बहल**

बहल, 3 अक्टूबर। बीआरसीएम शिक्षण समिति बहल के उच्च शिक्षण संस्थान इंजीनियरिंग कॉलेज , जीडीसी कॉलेज व लॉ कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया गया सांस्कृतिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह "उड़ान-2024" । कार्यक्रम का सुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति प्रोफेसर एस के गखड़, उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकिशन चौधरी ने की । संस्थान के निदेशक डॉ एस के सिन्हा ने अतिथियों का परिचय करवाया एवं स्वागत किया। प्रोफेसर गखड़ ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की हमारा देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हैं यह आप सब पर निर्भर है क्योंकि हमारा देश युवाओं का देश हैं युवा देश की शक्ति होते है । आपको अपना गोल तय करना हैं एवम उसको पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी चाहिए। निष्ठा ईमानदारी और मेहनत से काम करोगे तो अवश्य ही बहुत जल्द हमारा देश विकशीत भारत होगा। डिग्री और डिप्लोमा हासिल करने के लिए पढाई नहीं करनी है आपको ज्ञान आधारित शिक्षा ग्रहण करनी है। आपको चिंता से चिंतन की और जाना है। बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकिशन चौधरी ने बीआरसीएम की प्रारंभिक यात्रा से आज तक के अपने अनुभवों को छात्रों से सांझा किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों के बीच अपने विदेश भर्मण के अनुभव को भी साँझा करते हुए कहा की आपको विभिन्न भाषाओं को जानना चाहिए। बीआरसीएम से



पढ़े हुए छात्र आज देश व विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत है। उन्होंने छात्रों को कहा की आपके सुझाव हमेशा अपेक्षित है। इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व सत्र 2023-24 में उत्कर्ष प्रदर्शन करने पर इंजीनियरिंग कॉलेज के बेस्ट छात्र विकास पोडल व लॉ कॉलेज के छात्र जीतेश को महेंद्र चौधरी अवार्ड व बेस्ट छात्रा आकृति व जीडीसी कॉलेज से समीक्षा व लॉ कॉलेज की बेस्ट छात्रा आइना को मनीषा चौधरी अवार्ड दिया गया। जीडीसी कॉलेज में बेस्ट छात्र ओमबीर को छोगमल चौधरी अवार्ड दिया गया। छात्र भारत प्रसाद शाह, सिद्धार्थ, राजू को हरिकिशन चौधरी अवार्ड , छात्रा लक्ष्मी, कल्पना यादव, सपना को उर्मिला चौधरी अवार्ड दिया गयो खेल के क्षेत्र में सवश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बीपीएससी के छात्रा विशाखा को सम्मानित किया गया। बेस्ट फैकल्टी अवार्ड इंजीनियरिंग कॉलेज से अमित रंजन , जीडीसी कॉलेज से कीर्ति मालिक व लॉ



कॉलेज से शिम्पी गेरा को दिया गया। बेस्ट एम्प्लॉय अवार्ड कार्यालय सहायक नीरज शर्मा को दिया गया। संस्थान में दस साल पुरे होने पर लॉन्ग सर्विस अवार्ड रविन्द्र राय को दिया गया। सरोज गोयल अन्नपूर्णा अवार्ड दयाल मनी को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्राचार्य डॉ अनुज शर्मा ने दिया। मंच संचालन कीर्ति मलिक व ऐश्वर्या ने किया। इस अवसर पर उर्मिला चौधरी , डॉ एस के सिन्हा, डॉ सुरेंद्र शर्मा , विनोद अग्रवाल, उषा सिन्हा महेंद्र साबू , डॉ अनुज कुमार शर्मा , प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, डॉ सुनील कुमार शुक्ला प्राचार्य लॉ कॉलेज, राजेश झाझड़िया प्राचार्य बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल , संदीप टंडन प्राचार्य बीआरसीएम शिशु कुंज , सरस्वती दीक्षित, वाइस प्रिंसिपल ज्ञानकुंज, डा डी पी बूरा , पवन पंघाल रजिस्ट्रार सभी संस्थाओं के स्टाफ व छात्र आदि उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

फुल पेज कलर 40K

हाफ पेज कलर 20K

क्वार्टर पेज कलर 10K

मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

# विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष ,शांतिपूर्वक तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निदोर्षो की पालना करनी चाहिए: एसडीएम मनोज दलाल

**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र प्रजापत बहल**

बहल, 3 अक्टूबर। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष ,शांतिपूर्वक तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन के लिए निर्देश जारी किए हैं। इन निदेर्शों की सभी उम्मीदवारों को पालना करनी चाहिए ताकि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाए जा सके। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन कोई भी पार्टी अपना बुथ बिना अनुमति नहीं लगाएगी। उसके लिए रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। मतदान केन्द्र से पार्टी का बूथ 200 मीटर दूर होना चाहिए। जिसमें केवल एक टेबल और दो कुर्सी होनी चाहिए। ये किसी भी स्कूल या हस्पताल में नहीं खुल सकता।

**मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भीड़ इक्ट्ठी न हो।**

एसडीएम ने बताया कि स्कूल या धर्मशाला के पूरे कैम्पस में भीड़ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस भी मतदाता की ऊंगली पर स्याही लगी हो वो कैम्पस में बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। लाईन में लगे मतदाता को छोड़कर कोई भी वोटर अन्दर न हो। किसी भी मतदाता को मतदान के लिए जाने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चुनाव अयोग की हिदायता / नियमों की अवहलेना पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। 100 मीटर के दायरे में कोई भी फोन नही रखें। किसी भी व्यक्ति के पास 100 मीटर के दायरें में हथियार बिल्कुल न हों।

# मेहंदी प्रतियोगिता में कार्यकताओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर यह दशार्या है कि वोट देना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि अधिकार भी है : वंदना

**दैनिक समाज जागरण, महेन्द्र प्रजापत बहल**

बहल, 3 अक्टूबर। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर वंदना ने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एस डी एम मनोज कुमार दलाल के निदेर्शानुसार ब्लॉक बहल में आंगनवाडी कार्यकताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि आन बान और शान से मतदान करो अधिकार से, ब्लॉक बहल में सुपरवाइजर वंदना ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से लोगो को मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया । मेहंदी प्रतियोगिता में कार्यकताओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर यह दशार्या है कि वोट देना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि अधिकार भी है। वंदना द्वारा बताया गया कि वोट हमारा मौलिक अधिकार है और यह अधिकार हमे सविधान द्वारा प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय मतदान दिवस पड्ड भारत के प्रत्येक



नागरिक के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।राष्ट्र के विकास और उत्थान हेतु अपने वोट का योगदान करें और अपनी भागीदारी दें। देश के विकास में दें अपना योगदान ,हर हाल में करें अपना मतदान। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को ओर भी मजबूत बनाया जा सके। हमें गर्व है लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमारे सविधान निमार्ता पर गर्व है।सुपरवाइजर वंदना ने कहा कि हम सभी भारतीयों को अपने मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए ।राष्ट्रीय लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दाओं को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण मतदान करें। 5 अक्टूबर को बूथ पर जाएं ओर अपने मत का कर्तव्य और अधिकार से मतदान करे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला हरियावास, कविता गोपालवास, सुनीता सिधनवा, गायत्री, बलजीत, हेमा, आशा, राजकला, सुमन गोकलपुरा, मनीषा ओबरा अनेक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# कांग्रेस पार्टी झूठ और लूट व भ्रष्टाचार की जननी, बाप बेटे व मां बेटे की वंशवाद और परिवारवाद बढाने वाली पार्टी :मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र प्रजापत बहल ) बहल-लोहारू,3 अक्टूबर। राजस्थान की मुख्यमंत्री व भाजपा के स्टार प्रचारक प्रचार ने लोहारु विधानसभा के गांव कुड़ल में भाजपा प्रत्याशी एवम पूर्व वित्तमंत्री जेपी दलाल के पक्ष में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि भाजपा किसान व गरीब कल्याण की अनेक योजनाओ लागू की है। प्रदेश व देश हित मे लागू की गई अनेक कल्याणकारी नीतियों की बदौलत 8 अक्टूबर को आने वाले चुनाव परिणाम से हरियाणा में हैट्रिक लगाना तय है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ और लूट व भ्रष्टाचार की जननी है। बाप बेटे, मा बेटे की परिवार वाद बढाने वाली पार्टी है।

कांग्रेस पार्टी तुस्टीकरण और भ्रष्टाचार की जनक होने साथ साथ आंतकवादियो की रक्षा भी करती है। जिसके परिणाम स्वरूप ही कांग्रेस जम्मूकश्मीर में आतंकवादियों से समझौता और धारा 370 दोबारा प्रभावी करने का वादा करती है। कांग्रेस पार्टी को देश प्रदेश के विकास और किसान, गरीब, मजदूर, महिला व युवाओ के कल्याण से कोई वास्ता नही है। कांग्रेस पार्टी इन्दिरा गांधी से लेकर राहुल तक तीन पीढ़ियों ने गरीबी हटाने के नारे के बहाने देश को जमकर लुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी हटाने का काम किया है। गरीबो को मकान, शौचालय, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनधन, उज्वला से रसोई आबाद, हर घर नल हर घर जल देने का काम किया है। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार में व्यवस्था परिवर्तन करके प्रदेश में बिना खर्ची बिन पर्ची से नौकरियां देने का काम किया। भाजपा के मैरिट से नोकरिया देने से आस पास अनेक लाइब्रेरी बनी है इनको बनी रहने के भाजपा का रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेश राज में जमीनों के घोटाले और बम धमाकों के समाचार रोजाना सुनने को मिलते थे। किसानों को दो दो रुपये के चैक दिए जाते थे। भाजपा के दस वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है कांग्रेस का दस साल का शासनकाल ओर भाजपा के दस साल के शासनकाल में दिन रात का फर्क है। कांग्रेस



के कल में जमीन ,आकाश, पाताल के घोटाले होते थे। राजस्थान में सरकार के आठ के कार्यकाल में 50 प्रतिशत वायदे पूरे कर दिए है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर का बेटा सेना में देश की रक्षा करता उनकी लम्बे समय से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोंदी जी पूरा किया। हरियाणा में 24 फसल एमएसपी पर खरीदी जा रही है। राजस्थान में हमारा बाजरा 1200 रुपये खरीदा जाता था, हरियाना में 2500 रुपये का भाव मिलता है। उन्होंने कहा कि जेपी दलाल जो मेरा मित्र है को सबसे अधिक मतो से जीता दो भाजपा भी दलाल को बड़ा पद देगी। किसान और गरीब सहित हर वर्ग का भला करने वाल सच्चा और बेदाग छवि का ईमानदार नेता है जेपी दलाल। राजस्थान स-रकार में जिन्होंने भ्रष्टाचार और पेपर लीक किया था वो सलाखों के पीछे है।

भाजपा प्रत्याशी एवम पूर्व वित्तमंत्री जेपी दलाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कांग्रेस के गुबारे में किसानों से छेद कर दिया है। इसलिए निश्चित तौर पर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार ने किसान को मुआवजा दिया, गरीब को बिन मांगे हक दिया, गरीबो के बच्चों को योग्यता के आधार पर नोकरी दी परन्तु हुड्डा के दस साल के राज में किसानों को बिजली और पानी नही मिला। गरीब की नोकरी को महंगे दामो में बेचने का काम किया गया। हुडा ने लोहारु हल्के में ठेकेदार को लोहारु हल्के के वोट का ठेका दिया।

उन्होंने कहा कि लोहारु को हरियाणा का ही नही बल्कि पूरे देश मे सर्वश्रेष्ठ हल्का बनाने का काम करूंगा। लोहारु से दिल्ली हाइवे का निर्माण कर दिल्ली के कारखाने लोहारु ओर सिवानी में लगावाने का काम करूंगा। लोहारु क्षेत्र में खजूर की खेती करवाना ही मेरे मुख्य लक्ष्य है। लोहारु में कृषि, बागवानी, मछलीपालन, पशुपालन आदि के अनेक परियोजनाओं पर निर्माण कार्य चल रहा है पूरी होने के बाद अन्य राज्य से देखने आएंगे। लोहारु क्षेत्र का झींगा पालन विकसित देशों में निर्यात होता है। आठ तारीख के बाद वोटो का ठेकेदार ढूंढने से भी नही मिलेगा। कार्यक्रम को सांसद डीपी वत्स, विराट नगर के विधायक कुलदीप धनखड़, वरुण श्योराण, बजरंग लाल शर्मा, राजबाला श्योराण, सन्दीप बुधेडा, रामशरन बिठान, आत्माराम आदि नेताओं नेभी सम्बोधित किया और भाजपा की कल्याण कारी नीतियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में हजारों पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, किसान,आमजन व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# जसदेव सिंह निक्का ने रोड़ शो कर किया शक्ति प्रर्दशन, पंजाब के कैबिनेट विधायक गुरप्रीत सिंह बनवाली ने किया समर्थन

**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आम आदमी पार्टी की और से आज रोड़ शो निकाला गया। इस रोड़ शो की शुरूआत पार्टी के कार्यलय से कि गई। रोड़ शो मे पंजाब से कैबिनेट मंत्री डा. बलजीत कौर महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब सरकार, विधायक गुरूप्रीत सिंह बनवाली अपने साथीयों के साथ रोड़ शो मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। रोड़ शो मे कार जीप पिकअप ट्रैक्टर आदि वाहनो के साथ शक्ति प्रर्दशन किया गया। कालांवाली मे जाम कि स्थिति बन गई। पंजाब कैबिनेट मंत्री डा. बलजीत कौर व विधायक ने जसदेव सिंह निक्का के समर्थन मे वोट कि अपील कि उन्होने ने का कि आम पार्टी आम लोगो की पार्टी है किसानो मजदूरो की सच्ची हितेषी है। उन्होने ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मुझे जैसे गरीब किसान व मेरे भाई जसदेव सिंह निक्का जोकि रंग रोगन करने का काम करता है पार्टी ने उस अपना आर्शिवाद किया है। मै आदरणीय अरविन्द केजरीवाल को नमन करता हूँ जिन्होने



ने साधारण,गरीब परिवार के लड़के को पार्टी का टिकट दिया और आपके सामने विधायक के रूप मे चुनकर भेजा। जसदेव सिंह निक्का ने कहा मै आप मे से ही हूँ। मै कोई राज घराने व धनवान नही हूँ मेहनत मजदूर रंग रोगन का काम करता भाई बहनो एक साथी कहता है कि मेरी मेहनत की मजदूरी मांगता हूँ एक कहता है मै शरीफ हूँ। मेरे भाईयों समय आ गया है' अपनो को पहचाने का झाडू का बटन दबाकर यह साबित कर दो कि हरियाणा मे आम आदमी की सरकार बन रही है। कैबिनट मंत्री डा. बलजीत कौर ने मिडिया से वार्ता करते हुऐ कहा कि आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था मै अपने छोटे भाई के प्रचार मे आई हूँ । प्रचार की समय पूरा होने तक। जिस प्रकार पंजाब मे भगवंत मान व दिल्ली के मुख्यमंत्री ने शिक्षा बिजली, स्वास्थ्य पर ध्यान दिया है और स्थिति बदली है उसी प्रकार हरियाणा वालो ने मन बना लिया है सत्ता परिवर्तन होगा। पंजाब मे चुनावो के दौरान कहा गया कि महिलाओ को 1000 रुपए महिना दिया जाऐगा अभी तक लागू नही हुआ है। उन्होने ने कहा कि हमारी सरकार है यह सब लागू होगा अभी कुछ कार्य करने वाले है उनके बाद इस वायदे को पूरा कर दिया जाऐगा। इस मौक पर कुलदीप सिंह, जस्स सिंह मक्कड़, नेत्री दर्शना कौर, रानी कौर, गोबिंद शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# राजेन्द्र देसूजोधा ने शहर मे निकाला रोड़ शो कर किया शक्ति प्रर्दशन,

**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) भाजपा के उम्मीदवार ने सैकड़ो वाहनो के साथ रोड़ शो निकाला किया। इस रोड़ शो की गांव नेजाडेला से कि गई यह काफिला रोड़ी, फग्गू, रोहन, करूंगावाली, से विभिन्न गांवों से होते हुऐ कालांवाली मंड़ी मे समाप्ति कि गई। इस रोड़ शो मे कार जीप पिकअप बडे वाहनो का बडा काफिला था वाहनो के साथ शक्ति प्रर्दशन किया गया। कालांवाली मे जाम कि स्थिति बन गई। राजेन्द्र देसूजोधा ने हाथ जोड़कर सभी से वोट कि अपील कि। उन्होने ने कहा कि मै कोई विधायक या मंत्री नही था फिर भी मै कालांवाली मे विकास कार्य करवाऐ। साथीयों मै आप सभी से वोट की अपील करता हूँ, कि आप सभी मुझे एक मौका दे, एक मौका देसू जोधा नूं। उन्होने ने कहा कि यह मेरा रोड़ शो नही था, लोगो का रोड़ शो था। मिडिया से संवाद करते



हुऐ कहा कि मेरा किसी से मुकाबला नही है मेरे इन सभी भाईयों का साथ है। अशोक तंवर कांग्रेस मे चले गऐ क्या इसका पार्टी को बड़ा झटका लगेगा। राजेन्द्र देसू जोधा ने कहा कि यह उनका निजी विचार है किसी के आन जाने से काफिले रूकते नही है। वह मेरे सम्मान के योग्य है। उनकी ईच्छा होगी चले गऐ। देसूजोधा ने कहा कि लोगो का मुझ पर विश्वास है। लोगो को सब पता ही है यहां से शीशपाल केहरवाला, चरणजीत रोड़, बलकौर सिंह विधायक रहे है उन्होने कोई भी नई एक ईट भी नही लगाई। जो आपका भाई कहता है करता है चाहे मंड़ी का विकास हो या गांवो का नशा रोकना व साफ पीने का पानी लाने का कार्य देसूजोधा कर सकता है चिंट कपड़ीऐ करीजो वालो की बस की बात नही है और यह कर भी नही सकते मुझे इनकी जरूरत भी नही है। एक बार पुनः फिर से उन्होने वोट की अपील कि। प्रचार की समय पूरा होने तक। इस मौके पर जोती सरां, वीर सिंह, महेश आजाद, संतोख सिंह, निहाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## प्रयोगधर्मी हैं रंगकर्मी

हे देश के प्रयोगधर्मी,
काश तुम होते रंगकर्मी।
अगर तुम भी होते अभि-नेता,
तब तो तुम्हें कोई भी स्वीकार लेता।
क्या-क्या नहीं तुम कहते रहते हो?
जमीं पर नहीं आसमां पर विचरते हो।
न होने वाला असंभव सा ज्ञान,
जिसके पहले ही निकले हुए हो प्राण!
चुनाव में जब चाहे बाटते रहते हो।
हे देश के प्रयोगधर्मी,
काश तुम होते रंगकर्मी।

आलू से सोना बनाने का प्लान भी,
हमें तुमने ही लाकर दिया था!
सारा जग जम के हँस रिया था।
तुम्हारे आसपास रहने वाला भी,
बगले झाँक जोर से हंस दिया था।
हे देश के प्रयोगधर्मी,
काश तुम होते रंगकर्मी।

भई आपने जलेबी क्या खाई?
फिर दिमाग में नया प्लान घूम रहा था।
जलेबी की फैक्ट्री लगाने का सोच लिया था।
पच्चिस-पचास हजार लोगों को रोजगार,
देने का भी ख्वाब देख मन बना लिया था।
विदेशों में एक्सपोर्ट की उम्मीद भी लगा लीं थीं।
हे देश के प्रयोगधर्मी,
काश तुम होते रंगकर्मी।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986

## मूर्ति चोर के घर टूटा आफत का पहाड़ तो मांफी के साथ वापस कर दी मूर्तियां

संजय सक्सेना,लखनऊ/ प्रयागराज। चोरी के बाद उसने मूर्ति को बेचने की कोशिश में उसे पालिश करवाया। पालिश करवाने में मूर्ति का आकार बदल गया, लेकिन इसी दौरान उसके बेटे की तबीयत खराब हो गई। बाद में मूर्ति चुराने का उसे पश्चाताप हुआ और उसने मूर्ति वापस करने का फैसला किया। फिलहाल, मूर्ति चोरी का इस ढंग से पटाक्षेप होगा, पुलिस ने भी नहीं सोचा था। यह रहस्यमय घटना उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की है। बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 22 सितंबर की रात श्रृंग्वेरपुर धाम के गऊघाट से अष्टधातु की राधा और कृष्ण की दो प्राचीन मूर्तियां चोरी हो गई थीं। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की, दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर कई दिनों तक पूछताछ की, पर कोई पता नहीं चला। इधर, पुजारी श्री श्री 1008 श्री जयराम दास उर्फ फलाहारी बाबा ने फल और जल का त्याग कर दिया था। हालांकि, अफसरों के मान-मनव्वल के पश्चात उन्होंने चार दिन बाद जल ग्रहण कर लिया। इस दौरान सप्ताह भर चली पुलिसिया जांच में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं आया।

इसी दौरान किसी की नजर नेशनल हाईवे रोड के किनारे एक बोरी पर पड़ी। आशंका होने पर लोग नजदीक गए और बोरी को खोलकर देखा तो उसके अंदर दो मूर्तियां मिलीं, साथ ही एक खत भी मिला, जिसे उस चोर ने लिखा था, जिसने मूर्ति चुराई थी और बाद में यहां खत के साथ रख दिया।खत में अज्ञात चोर ने इस बात का जिक्र किया था कि मूर्ति चोरी करने के बाद उसका बेटा बहुत बीमार पड़ गया था। फिलहाल, मूर्ति मिलने की खुशी में राधा कृष्ण का जयकारा लगाते आश्रम पहुंचे और मूर्ति मिलने की जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर तमाम भक्त जमा हो गए। मूर्ति को मंदिर में विधि-विधान से स्थापित कर पूजा अर्चना की गई और भजन-कीर्तन किया गया।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

फुल पेज कलर 40K

हाफ पेज कलर 20K

क्वार्टर पेज कलर 10K

मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

# रेलवे ने आंदोलनकारी किसानों को चेताया बिना टिकट नहीं करें यात्रा

**अजय कुमार,लखनऊ**

लखनऊ। लोकतंत्र में सरकार की नीतियों या किसी संगठन के मनमानी रवैये के खिलाफ अपना विरोध जताने के लिये धरना-प्रदर्शन एक आम बात है। तमाम ऐसे धरने भी होते हैं जिसमें दूर दराज से लोग भाग लेने आते हैं,लेकिन ऐसे आंदोलनों पर तब प्रश्न चिन्ह लग जाता है जबकि प्रदर्शनकारी बिना टिकट लिये टेज्नों या सरकारी बसों में सवार हो जाते हैं।इससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान होता है।कभी कभी तो इन धरना प्रदर्शन में इतनी बढ़ी संख्या में आंदोलकारी पूरे देश से आ जाते है जिसके चलते कई बार तो यह धरना प्रदर्शन एतिहासिक हो जाता है। सरकार तक चली जाती है।

बहरहाल, प्रदर्शनकारियों का बिना टिकट रेल यात्रा करने के खिलाफ अब रेलवे ने तमाम किसान व अन्य संगठनों को पत्र लिखकर चेताया है। प्रयागराज रेल डिवीजन ने उत्तर प्रदेश की एक किसान यूनियन को पत्र लिखकर कहा है कि अगर वे दो से चार अक्टूबर तक अपने प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करते हैं तो रेलवे अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बता दें अखिल भारतीय किसान यूनियन (एबीकेयू) एक एटा जिसने दो अक्टूबर से लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में कार्यक्रमों का प्रस्ताव रखा है। उधर, रेलवे के इस पत्र के खिलाफ एबीकेयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रेलवे को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि किसान यूनियन के पदाधिकारी अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए ट्रेन में यात्रा करेंगे और वह भी पहले की तरह बिना टिकट। बता दें रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 55 के तहत कोई भी व्यक्ति बिना टिकट या रेलवे अधिकारी की अधिकृत अनुमति के बिना ट्रेन में यात्रा नहीं कर सकता। चूंकि बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है,

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 9



# अंबेडकर नगर के मदनगीर में पुलिस पब्लिक मीटिंग आयोजित,

## हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने होंगे ताकि वे सब के साथ अच्छा व्यवहार करें : एसएचओ रामपाल यादव

नई दिल्ली। कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे इसलिए दिल्ली पुलिस के आल्हा अधिकारी समय-समय पर आम लोगों से मिलकर समस्याओं पर चर्चा करते हैं। इसी कड़ी में दिल्ली के अंबेडकर नगर स्थित मदनगीर इलाके में वार्ड नंबर 166 में परिवर्तन आरडब्ल्यूए पुष्प विहार द्वारा पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राष्ट्र की आवाज एनजीओ की भी सहभागिता रहीं। इस मीटिंग में इलाके के सभी लोग शामिल रहे।






इस मौके पर अंबेडकर नगर थाने के थाना अध्यक्ष एसएचओ रामपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर नगर में पहले के मुकाबले अपराधीक गतिविधियों में कमी आई है। यह कार्य इसलिए संभव हो पाया कि अंबेडकर नगर के लोग पुलिस की कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया की अंबेडकर नगर इलाके में 6 लाख से अधिक पब्लिक है। इतने लोगों की सुरक्षा करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। यहां के लोगों को ही अपनी सुरक्षा के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अपराधी हमारे समाज के अपने लोग ही होते हैं। हमारे परिवार के लोग उन्हें अच्छे संस्कार नहीं दे पाते इसलिए वह अपराध के रास्ते को चुन लेते हैं।

एसएचओ रामपाल यादव ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने होंगे ताकि वे दूसरे लोगों को भी अपने परिवार का सदस्य ही समझे और सब के साथ अच्छा व्यवहार करें। युवा अपराध इसलिए कर रहे हैं कि परिवार के लोग उन पर लगाम नहीं लग पा रहे हैं। पहले दक्षिणपुरी अपराध के लिए ही जानी जाती थे मगर अब यहां के युवा धीरे-धीरे अच्छे रास्ते पर आते जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं अनेक इलाकों में नौकरी कर चुका हूं मगर यहां का इलाका बहुत चुनौतीपूर्ण है यहां के लोग अपने विकास के प्रति बहुत संवेदनशील नहीं है। इलाके के लोगों ने स्कूल जाने वाली लड़कियों की सुरक्षा के संदर्भ में चर्चा की लोगों ने बताया कि स्कूलों के बाहर जब लड़कियों की छुट्टी होती है तो भारी संख्या में लड़के खड़े हो जाते हैं और लड़कियों को परेशान करते हैं। बहुत सारे लोगों ने कहा कि क्षेत्र में कई इलाकों में युवा खुले आम शराब पीते हैं और लोगों के साथ बदतमीजी करते हैं।

इसके अलावा एसएचओ रामपाल यादव ने कहा कि पुलिस कई बार जानबूझकर शक्ति नहीं करती है पुलिस की एक एफआईआर किसी भी व्यक्ति के जीवन को खराब करने के लिए काफी होती है। पुलिस कई बार ऐसे अपराधी किस्म की युवाओं को पकड़ती है और उनको समझा कर छोड़ देती है बहुत सारे युवा तो संभल जाते हैं मगर कुछ फिर से दोबारा गलतियां करना शुरू कर देते हैं। एसएचओ रामपाल यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र में अपराधीक गतिविधियां तभी रुकेगी जब हम अपने बच्चों का ध्यान अन्य गतिविधियों पर केंद्रित करने के लिए बोलेंगे। हमें चाहिए कि हम अपने बच्चों को खेल की तरफ लेकर जाएं। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस हर व्यक्ति की मदद के लिए हमेशा तैयार हैं।

इस मीटिंग में मुख्य रूप से राजन नावरिया अध्यक्ष 166 परिवर्तन आरडब्ल्यूए पुष्प विहार, कैलाश बैरवा आरडब्ल्यूए महामंत्री, कमल सांवरिया अध्यक्ष राष्ट्र की आवाज एनजीओ, जगदीश सांवरिया पूर्व अध्यक्ष एससी मार्च महरौली जिला बीजेपी गमनराम परेवा,पूर्व सेवा दल अध्यक्ष अंबेडकर नगर के अलावा भारी संख्या में आम लोग मौजूद रहें।

# लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे

**दैनिक समाज जागरण**

मेरठ 3 अक्टूबर 2024: लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के फामेर्सी विभाग में फार्मासिस्ट डे बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता,विशिष्ट अतिथि डॉ धीरज बालियान प्रमुख अधीक्षक सरदार वल्लभभाई पटेल चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मेरठ एवं विशेष अतिथि डॉ योगेश माणिक डीन पैरामेडिकल पाठ्यक्रम मेडिकल कॉलेज मेरठ, फामेर्सी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विभु साहनी व डॉ एस के पालीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में फामेर्सी विभाग के छात्रों हेतु विभिन्न लघु नाटिका,नृत्य,भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें फामेर्सी विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ ललिता चौधरी, फामाकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मोनिका शर्मा तथा पैथोलॉजी विभाग की आचार्य डॉ नेहा सिंह ने किया । फामेर्सी विभाग के आचार्य डॉ प्रदीप यादव व सह आचार्य डॉ अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने पोस्टर प्रतियोगिता में मूल्यांकन टीम का सहयोग किया।



उपरोक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मंच का संचालन फामेर्सी विभाग की सहायक आचार्य डॉ रितु गुप्ता एवं डॉ राहुल सिंह व फामेर्सी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव फामेर्सी विभाग के आचार्य डॉ प्रदीप यादव द्वारा दिया गया। डॉ आरसी गुप्ता ने फामेर्सी पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि फामेर्सी पाठ्यक्रम चिकित्सा सवर्ग का एक महत्वपूर्ण अंग है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ योगेश माणिक ने फामेर्सी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। फामेर्सी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विभु साहनी ने विद्यार्थियों को फामेर्सी क्षेत्र के भविष्य संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

उपरोक्त कार्यक्रम 25 सितंबर 2024 को किया जाना था परंतु विद्यार्थियों की चल रही परीक्षा के मद्देनजर इस कार्यक्रम को 3 अक्टूबर 2024 को धूमधाम से मनाया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में फामेर्सी विभाग की सहायक आचार्य डॉ रितु गुप्ता,डॉ राहुल सिंह व डॉ वंदना सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में फामेर्सी विभाग के कर्मठ कर्मचारी श्री सुधीर शर्मा व श्री नितिन तोमर को प्रशस्ति पत्र भी दिये गये। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ एस के पालीवाल,डॉ प्रदीप कुमार, डॉक्टर नीरज मसंद, श्री मणिकांत,श्री सुनील एवं फामेर्सी पाठ्यक्रम के विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने फामेर्सी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर विभु साहनी को कार्यक्रम के सफल संयोजन हेतु शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में भी इस तरह के ज्ञानवर्धक में कार्यक्रम को आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

फुल पेज कलर 40K

हाफ पेज कलर 20K

क्वार्टर पेज कलर 10K

मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

# स्वस्थ जीवन के लिए नेचुरल लाइफस्टाइल अनिवार्य: प्रो. रामगोपाल

**दैनिक समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से दो दिनी नेचुरल लाइफस्टाइल फॉर हॉलिस्टिक पर्सनैलिटी डवलपमेंट एंड स्टुडेंट्स डपलपमेंट प्रोग्राम, डीआरडीओ- जोधपुर के पूर्व डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) रामगोपाल ने बतौर मुख्य वक्ता की शिरकत

डीआरडीओ, जोधपुर के पूर्व डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) रामगोपाल ने स्वस्थ जीवन शैली के लिए शरीर में पंच तत्वों- पानी, वायु, अग्नि, पृथ्वी और आकाश के सही अनुपात को जरूरी बताया। नेचुरल लाइफस्टाइल के जरिए शरीर को डीटॉक्सीफाई करना, स्ट्रेस को कम करना और पॉजिटिव एंड नेगेटिव एनर्जी का बैलेंस करना जरूरी है। हमें सूर्योदय से पहले जगना चाहिए, जिससें प्रचुर मात्रा में शरीर को ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। आंतरिक शांति के लिए योग और मेडिटेशन के महत्व को भी विस्तार से समझाया। कोई भी सिंगल मेडिसिन बॉडी की किसी भी बीमारी का पूर्ण उपचार नहीं कर सकती है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की शोध के अनुसार किसी रोग के उपचार में मेडिसिन 10 प्रतिशत, अनुवांशिकी 18 प्रतिशत, पर्यावरण 19 प्रतिशत और लाइफस्टाइल की 53 प्रतिशत भूमिका होती है। अतः हमें अपने लाइफस्टाइल पर विशेष ध्यान देने की दरकार है। प्रो. रामगोपाल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से नेचुरल लाइफस्टाइल फॉर हॉलिस्टिक पर्सनैलिटी डवलपमेंट पर आयोजित दो दिनी लीडरशिप टॉक सीरीज सेशन-07 में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पहले प्रो. (डॉ.) रामगोपाल ने बतौर मुख्य वक्ता, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके टॉक सीरीज सेशन-07 का ऑडी में शंखनाद किया। मुख्य वक्ता का बुके देकर स्वागत किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. नेहा आनन्द ने किया।



प्रो. (डॉ.) रामगोपाल ने शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को स्वस्थ जीवन के चार आयाम बताते हुए स्वस्थ जीवन के लिए अष्टांग योग के बारे में विस्तार से समझाया। वह बोले, हैल्दी लाइफस्टाइल को अपनाने से हमारा शरीर स्वंय ही बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित कर लेता है। दूसरे दिन इंडोर स्टेडियम में आयोजित योग सेशन में प्रो. रामगोपाल ने सूर्य नमस्कार के बारह मंत्रों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विपसना योग के जरिए शरीर, मन, बुद्धि के विकास पर जोर दिया। ओम शब्द की उत्पत्ति पर बोले, ओम शब्द को धर्म से जोड़ा जाता है, लेकिन यह एक कॉस्मिक साउंड है, जो सूर्य से न्यूक्लियर फ्यूजन के दौरान उत्पन्न होती है। अंत में शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य वक्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीण जैन, फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. वरूण कुमार सिंह, फैकल्टीज- मिस अंकिता, श्री अभिलाष सक्सेना, मिस स्वाति आदि के संग-संग सीसीएसआईटी, पैरामेडिकल, फिजियोथैरेपी, फिजिकल एजुकेशन के करीब 300 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने विस्फोट से घायल हुए पीड़ितों से की मुलाकात

बरेली : उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास ने आंवला विधानसभा के सिरौली स्थित कल्याणपुर गांव में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से घायल हुए पीड़ितों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि इस दुखद हादसे में घायल सभी लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ हो और वे फिर से अपनी जिंदगी की खुशियों की ओर लौट सकें। घटना में कुछ लोगों के निधन होने से उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएँ हैं।



# मंत्री राकेश सचान ने इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन के लिए व्यक्त किया धन्यवाद

## *योगी सरकार का अगला कदम मंडल स्तर पर भी होंगे ट्रेड शो*

संवाददाता रेनू गौड़ लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस आयोजन ने प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि इस बार ट्रेड शो में 4,25,268 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.91 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के उद्योगों की बढ़ती क्षमता और व्यापारिक अवसरों की पुष्टि करती है।



प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस बार इ2इ (बिजनेस टू बिजनेस) और इ2उ (बिजनेस टू कस्टमर) क्षेत्रों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। इसमें 1,03,688 बिजनेस टू बिजनेस प्रतिभागियों और 3,21,580 बिजनेस टू कस्टमर प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो क्रमशः 42.84 प्रतिशत और 50.98 प्रतिशत की वृद्धि है। यह औद्योगिक विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है। मंत्री सचान ने कहा कि इस साल के आयोजन में 2,500 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,000 थी। इस आयोजन में 70 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने भी हिस्सा लिया, जिससे राज्य के अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिली। खासतौर से वियतनाम जैसे देशों ने उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ किया है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यावसायिक पूछताछ और लीड्स उत्पन्न हुई हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। राकेश सचान ने बताया कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में केवल स्थापित उद्योग ही नहीं, बल्कि विभिन्न श्रेणियों के नए उद्योगों को भी शामिल किया गया है। इस बार रक्षा निर्माण, ई-कॉमर्स, चीनी मिलों और वन उत्पादों जैसे क्षेत्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक दायरे का विस्तार हुआ है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।


ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में मंडल स्तर पर भी इस तरह के ट्रेड शो आयोजित करने की योजना बनाई है। 5 मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, और आगरा में इन शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इन आयोजनों के लिए प्रत्येक मंडल में एक एग्जीबिशन सेंटर की स्थापना पर काम किया जा रहा है, ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जा सके। मंत्री सचान ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित उत्पादों को विदेशी खरीदारों ने काफी सराहा। जूट से बने थैलों को 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला, जबकि वाराणसी की प्रसिद्ध गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला। यह उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। वियतनाम पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में जुड़ा और वह टूरिज्म और टेक्सटाइल क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बुद्धिस्ट सर्किट के तहत वियतनाम का यूपी के पर्यटन क्षेत्र में बड़ा निवेश करने की योजना है। उत्तर प्रदेश के लिए अब आक्रामक मार्केटिंग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य को केवल आंतरिक बाजारों पर ही नहीं, बल्कि बाहरी बाजारों पर भी ध्यान देना चाहिए, जहां प्रदेश के उत्पादों की बड़ी मांग हो सकती है। मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले ट्रेड शो से इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जाएगा, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। मंत्री राकेश सचान ने अंत में कहा कि सरकार द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों और इस प्रकार के आयोजनों से प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और राज्य की आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ़ होगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजनों ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक नए व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है, जिससे प्रदेश की आर्थिक विकास दर में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# राम मंदिर की थीम पर बना तीन मंजिला नव श्री केशव रामलीला कमेटी का मंच लोगों के बीच रहा आकर्षण का केन्द्र

## *गणेश वंदना व शिव पार्वती संवाद से शुरू हुई नव श्री केशव रामलीला*

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली: दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क, नजदीक बोट क्लब, सेक्टर 11 के सामने नव श्री केशव रामलीला कमेटी की रामलीला गणेश वंदना व शिव पार्वती संवाद से शुरू हुई। नव श्री केशव रामलीला कमेटी के चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी ने बताया कि राम मंदिर थीम पर इस बार तीन मंजिला भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा है, जो लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। हर बार की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 10 दिन तक उत्सव का माहौल रहेगा। शिव पार्वती संवाद में अपने दृश्यों को जीवंत बनाने के लिए कलाकार अपने संवादों में चैपाइयों को भी इस्तेमाल कर रहे थे। लोगों ने अपने स्थान पर खड़े होकर इन कलाकारों का जोरदार तालियों से इनका हौसला बढ़ाया। श्रीराम कला केन्द्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस श्री प्रमेन्द्र सिंह डोबाल एसएसपी हरिद्वार, संस्था चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी, अध्यक्ष जय किशन बंसल, एडिशनल चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता, महामंत्री कृष्ण जिंदल, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम का यह 28वां वर्ष है। संस्था चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी बताया कि यहां पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा में प्राइवेट वालंटियर, सीसी टीवी कैमरा, हैंड मेटल डिटेक्टर के साथ दिल्ली पुलिस के जवान के नेतृत्व में सुरक्षा का इंतजाम है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरों, वकीलों और शिक्षाविदों का एक विशेष समूह इस कार्यक्रम का प्रबंधन कर रहा है। इसमें 100 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं और मेले में हर प्रकार के झूले हैं, जो कि बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। नव श्री केशव रामलीला कमेटी पंजी में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी व पर्यावरण की रक्षा एवं प्रदूषण मुक्त रामलीला मंचन को ध्यान में रखते हुए आतिशबाजी के लिए पटाखों का प्रयोग नहीं किया जाएगा।



उन्होंने बताया की रामलीला मैदान में सैकड़ों गाडियों के पार्किंग की व्यवस्था की गई। सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था भी है, वहीं मेले का भी आयोजन जा रहा। रामलीला मैदान में जगह जगह एलईडी स्क्रील लगाई गई है, जिससे लोग रामलीला देख सकते हैं। नव श्री केशव रामलीला कमेटी द्वारा डांडिया नाईट, मेला सहित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होंगे, मेले में हर प्रकार के झूले लगाए गए हैं जो कि बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

2 से 13 अक्टूबर तक प्रतिदिन यहां विभिन्न क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति पधारेंगे व रोज देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें, जिसमें हरियाणवी सिंगर एम.डी. रॉक, टीवी अभिनेत्री रागिनी खन्ना, मेघना मलिक, फिल्मी कलाकार के डुप्लीकेट रितिक रोशन, अल्लू अर्जुन, लाफ्टर चैलेंज कॉमेडियन नाईट के कलाकार नितेश शेट्टी व अनामिका व रामायण के राम तथा सांसद अरुण गोविल सहित कई नामी हस्तियां उपस्थित होगी।

# हाथरस भगदड़ कांड में भोले बाबा को बचा रही है योगी सरकार: मायावती

**अजय कुमार, लखनऊ**

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो ने आज बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि हाथरस में 2 जुलाई को हुए सत्संग भगदड़ कांड में 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। इस घटना की जांच के बाद अदालत में दाखिल चार्जशीट में भोले बाबा का नाम नहीं होना जनविरोधी राजनीति है, जिससे साबित होता है कि ऐसे लोगों को राज्य सरकार का संरक्षण है। उन्होंने इसे अनुचित करार देते हुए आगे लिखा कि मीडिया के अनुसार सिकन्दराराऊ की इस दर्दनाक घटना को लेकर 2300 पन्नों की चार्जशीट में 11 सेवादारों को आरोपी बनाया गया है। लेकिन बाबा सूरजपाल के बारे में सरकार द्वारा पहले की तरह चुप्पी क्या उचित है। ऐसे सरकारी रवैये से आगे ऐसी घटनाओं को रोक पाना क्या संभव होगा। इसे लेकर आमजन चिंतित है।




बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार के संरक्षण की वजह से हाथरस कांड की चार्जशीट में सूरज पाल सिंह उर्फ भोले बाबा का नाम नहीं है। बता दें कि हाथरस कांड के बाद बसपा ने सबसे पहले भोले बाबा की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी।

हाथरस भगदड़ केस में 2 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (हत्या के बराबर न होने वाली गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) और 238 (साक्ष्य मिटाना) के तहत दर्ज की गई थी। सितंबर महीने में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में आरोपी दो महिलाओं को सशर्त अंतरिम जमानत दी थी। इन महिलाओं के नाम मंजू देवी और मंजू यादव है। हालांकि 9 आरोपी अभी भी कस्टडी में हैं।

इससे पहले मामले की जांच कर रही एसआईटी ने भगदड़ में हुई मौतों पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद 6 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था। इन अधिकारियों में सर्किल ऑफिसर सिकंदर राव, आनंद कुमार, सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार और दो सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह और बृजेश पांडे शामिल हैं। इन लोगों को ड्यूटी में लापरवाही का दोषी पाया गया था। हालांकि एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में सूरजपाल सिंह उर्फ भोले बाबा पर कोई सवाल नहीं उठाया है।उस हादसे को लेकर पुलिस ने आज 3200 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जिसमें 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें कार्यक्रम के आयोजक देव प्रकाश मधुकर और अन्य लोग शामिल हैं। लेकिन उस चार्जशीट में भोले बाबा का नाम ही नहीं है।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

फुल पेज कलर 40K

हाफ पेज कलर 20K

क्वार्टर पेज कलर 10K

मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

14-4-2024:Layout 1  10/4/2024  1:47 AM  Page 10



# कलेक्टर ने मां विरासिनी की पूजा अर्चना कर किया घट स्थापित



उमरिया - शारदेय नवरात्रि का महापर्व 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है । उमरिया के बिरसिंहपुर पाली में स्थित कलचुरी कालीन आदि शक्ति माता विरासिनी देवी मंदिर में शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में माँ विरासिनी देवी मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा मंदिर के गर्भग्रह में माँ बीरासिनी देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रथम कलश स्थापित किया गया तथा मां विरासिनी की पूजा अर्चना की गई । प्रख्यात जवारा जुलुस 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को मंदिर प्रांगण से निकलेगा।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मां विरासिनी मंदिर प्रांगण का निरीक्षण भी किया तथा मंदिर के पुजारी से व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की । आपने कहा कि मंदिर तक आने वाले श्रध्दालुओ को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो, इसका ध्यान रखा जाए । इस अवसर पर एसडीएम टी आर नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, पंडित प्रकाश पालीवाल , मंदिर के पुजारी सहित श्रध्दालु उपस्थित रहे। मंदिर में समुचित सुरक्षा हेतु पूरे प्रांगण में जगह जगह सीसी कैमरे लगाए गए हैं जूते चप्पलों के रखने का स्थान निर्धारित किया गया है आगंतुक भक्तों से निर्धारित स्थान पर अपने जूते रखें। मंदिर गेट के आस पास बाजार और सडक में दुपहिया वाहन, कार अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग एवं प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है । नौ दिनों के नवरात्रि पर्व में हजारों हजार भक्त माता बीरासिनी देवी मंदिर पाली पर्व में दूर दूर से छत्तीसगढ़, महाकौशल, गोंडवाना, विंध्य,सरगुजा के साथ बुन्देल खंड बघेल खंड से भक्त हर साल आते है यहाँ पूजन हवन पाठ मुंडन कर्ण छेदन संस्कार कराने नवरात्रि में भारी संख्या में भक्त सपरिवार पहुँचते है।

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

## दहशत के माहौल में जीने को मजबूर ग्रामीण।

**संवाददाता मोहम्मद एजाज**



कटनी जिले का बड़वारा तहसील एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन को लेकर सुर्खियों में है यहां प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध रेत उत्खनन के कारण ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना लगातार करना पड़ रहा है। गुरुवार को राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाजपा सरकार और खनिज विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के नाम बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में संचालित अवैध खदान एवं परिवहन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि लदहर गांव में रेत की खदान स्वीकृत नही है इसके बावजूद भी कंपनी खदान को वैध बताते हुए जबरदस्ती खनन और कम क्षमता वाली सड़क पर रेत से भरे ओवरलोड वाहन निकालने में तुली हुई हैं, विरोध करने पर कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा ग्रामवासियों को तरह-तरह की धमकियां देकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है, हमारी प्रशासन से मांगे है की लदहर खदान की जांच कराई जाए और गांव के भीतर ओवरलोड वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए, राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश के मोहन सरकार मे रेत माफिया भू माफियो के हौसले बुलंद है कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में बंदूक की नोक पर नियम विरुद्ध रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है क्षेत्र की जनता दहशत से पनाह मांग रही है आज बड़वारा तहसील क्षेत्र के लदहर ग्राम के सैकड़ो ग्रामीण ने तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। हमारी मांगे हैं कि क्षेत्र में संचालित समस्त रेत खदानों की जांच कर सीमांकन कराया जाए एवं उन खदानों का क्षेत्रफल निर्धारित किया जाए इसके अलावा क्षेत्र में चल रहे ओवरलोड रेत के परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए।अगर हमारी मांगो पर जल्द से जल्द कार्यवाही नही की जाती तो बड़ी संख्या में ग्रामीणो का विरोध प्रदर्शन एवं चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन के दौरान उनकी रही उपस्थित अवध यादव, राजा चौधरी,विजय चौधरी ,भूरेलाल चौधरी, सुरेश चौधरी,लाल सिंह,संतोष सिंह,राकेश सिंह राजेन्द्र सिंह,रघुनाथ सिंह, अनिल सचिन चौधरी, मुन्ना,सरोज केवट,सरिता चौधरी, उर्मिला चौधरी,मुन्नी चौधरी, आदि।

**इनका कहना है।**

बड़वारा तहसील क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में ग्रामीण जनों से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियो एवं संबंधित विभाग को पत्र प्रेशित किया गया है

# कानपुर : अब गोविंद नगर में भी कठोर परिश्रम के साथ कर्तव्य पथ पर अग्रसर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह

**- पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने लापरवाह थानेदारों को लाइन भेज कई में किया फेरबदल ,जिसमें बाबूपुरवा ,शिवराजपुर और घाटमपुर के सफल कार्यकाल के बाद गोविंद नगर पहुंचे इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह**

**सुनील बाजपेई**

कानपुरककानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने लापरवाह थानेदारों को लाइन का रास्ता दिखाने के साथ ही कई थानेदारों में फेर बदल बदल भी किया है, जिसके क्रम में बाबूपुरवा, शिवराजपुर और घाटमपुर के बाद अब चुनौती पूर्ण गोविंद नगर की कमान इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के हवाले की है।

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह गोविंद नगर से पहले बाबूपुरवा, शिवराजपुर और घाटमपुर में भी पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के मामले में सफल रहे हैं और अब कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा कठोर परिश्रम के साथ पीड़ितों के हित में अपराधियों के खिलाफ गोविंद नगर में भी सक्रिय है।

दरअसल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की मंशा चार्ज के मामले में केवल उन्हीं थानेदारों को महत्व देना है ,जो कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करते हुए अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करते हैं ,जिनमें इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह का भी नाम शामिल है। जहां तक प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर के रूप में तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है , उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपनी धुन के भी पक्के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। साथ ही वह कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि गोविंद नगर के नए प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

# रामबाग धाम पर दशहरे मेले का पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**



चन्दौसी। श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट द्वारा नवरात्र एवं दशहरा मेले का उद्घाटन सांय लगभग 5 बजे मुख्य अतिथि परम पूज्य महंत ऋषिराज गिरी महाराज पीठाधीश्वर श्री कैला देवी धाम सम्भल, अखिलेश कुमार खिलाड़ी व नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य द्वार का फीता काट कर किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन रामबाग परिसर में भक्तजनों की काफी भीड़ रही। श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर में सांय 7 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। अब प्रतिदिन रामबाग के विशाल रंगमंच पर रामलीला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अतिथियों को ट्रस्ट परिवार द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान अशोक वार्ष्णेय फैंसी, अमित के0एस0 वार्ष्णेय, रविंद्र कुमार रवि पत्थर वाले, कौशल किशोर वंदेमातरम, दिनेश चंद्र भगतजी, पंकज श्री, मंगेश वार्ष्णेय, आशीष कुमार, प्रमोद गांधी, ब्रजेश वार्ष्णेय, राजकुमार राजू, मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड वाले, सौरभ वार्ष्णेय, राजन वार्ष्णेय, मयूर वार्ष्णेय, गोपाल रियोनाई, संजीव वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय पान वाले, यश गुप्ता, उमेश गुप्ता, एड. पीयूष कुमार वार्ष्णेय आदि के साथ श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# कल्याण सेवा आश्रम में नवरात्रि के प्रथम दिवस निकली मैया की भव्य शोभा यात्रा

## पांच प्रदेश की नृत्य पार्टियां हुई शामिल, ढोल नगाड़ों की धुन पर झूम उठे श्रद्धालु गण



अमरकंटक / अनूपपुर / मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में परमपूज्य तपस्वी बाबा कल्याण दास जी के सानिध्य में कल्याण सेवा आश्रम वर्ष 1984 से निर्मित मंदिर में विराजमान मां भगवती दुर्गा जी की लगातार हर वर्ष नवरात्रि का पवन पर्व मनाते आ रहे है । वर्षों की भांति इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर के प्रथम दिवस मां भगवती दुर्गा जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर रथ पर विराजित कर खड्ग , चंवर , छत्र के साथ तथा देवी स्वरुपा 108 बच्चियों के माथे कलश लिए ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच भव्य दिव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए माता नर्मदा जी की उद्गम स्थली पहुंची। यहाँ मंदिर के प्रधान पुजारियों से पूजन अर्चन करवाकर नर्मदा उद्गम कुण्ड का नर्मदा जल कलश में लेकर नर्मदा मंदिर दर्शन तथा परिक्रमा करने के बाद वापस नगर भ्रमण करते हुए कल्याण सेवा आश्रम मंदिर पहुंचे । यहाँ काशी (बनारस ) से पधारे विद्वान 61 ब्राम्हणों द्वारा कलश स्थापना कर नवरात्रि पूजन प्रारंभ किया गया। दशहरा तक इस महापर्व की धूम देखी जा सकती है।

### काशी (बनारस) से पहुंचे 61 ब्राम्हण --

पंडित कमलेश्वर नाथ त्रिपाठी वेदाचार्य ने बतलाया की हम कल्याण सेवा आश्रम में लगभग 25 वर्षो से लगातार अमरकंटक प्रतिवर्ष नवरात्रि में आगमन होता आ रहा है । नव दिवस मां दुर्गा जी की पूजन अर्चन , आवरण , हवन , रात्रि सप्तशती निशा हवन , इत्यादि पूजन होते है जिन्हे साथ आए सभी ब्राम्हणो द्वारा कराया जाता है ।

### पांच प्रदेशों की पहुंची धमाल पार्टियां --

स्वामी धमानंद महाराज ने बताया कि अमरकंटक में पहली बार केरला की चंदा मेलम कला दल का आगमन हुआ। जिसमे 12 कलाकार , ओड़िसा की पूरन मांसी घंट पार्टी मे 75 लोग , उत्तराखंड से सुप्रसिद्ध छोलिया नृत्य 14 की टीम , छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से शैला नृत्य 65 लोग , अनूपपुर जिले के क्षेत्रिय बैगा जनजातीय की कर्मा नृत्य जिसमे 40 की टीम , छत्तीसगढ़ पेंड्रा की मधुसूदन धमाल पार्टी और मंडला से एक ही परिवार के साथ आए धमाल ढोल पार्टी नौ दिवसीय रहकर सेवा देते रहेंगे ।

### 108 कलश कन्याओं द्वारा जल भर कर स्थापना -

स्वामी हिमांद्री मुनि जी महाराज ने बताया की पूज्यपाद तपस्वी बाबा जी के मार्गदर्शन व उनके सानिध्य में नवरात्रि पूजन प्रारंभ से पहले 108 कन्याओं द्वारा आश्रम से कलश लेकर यात्रा साथ चलकर नर्मदा जल लेकर आते है तथा प्रथम नर्मदा पूजन उपरांत ही आश्रम मंदिर में नवरात्रि पूजन प्रारंभ की जाती है । प्रत्येक वर्ष कलश यात्रा निकाली जाती है जिसमे विशाल रथ पर मां भगवती मां दुर्गा के साथ 108 कन्याएं कलश के साथ अनेक प्रदेशों से आए नृत्य पार्टियां व साधु संत , भक्तगण , नगरवासी आदि सम्मलित होकर नगर भ्रमण करते हुए मां नर्मदा उद्गम मंदिर जा कर वापस आश्रम पहुंचते है । काशी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नवरात्रि का पावन पर्व पूजन आराधना के साथ मनाया जाता है और दशहरा के अवसर पर नगर भंडारा भी किया जाता है जिसमे क्षेत्र के बैगा जनजातीय समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में परिवार के साथ वर्षो से आश्रम में आते है जिन्हे भंडारा के साथ वस्त्र , दक्षिणा आदि प्रदान कर उनका प्रेम उत्साह मिलता है ।

### संस्कृति संरक्षण, अध्यात्म और समाजसेवा में अग्रणी है कल्याण आश्रम--

लगभग चार दशक से अमरकंटक का श्री कल्याण सेवा आश्रम परमपूज्य श्री कल्याण बाबा जी के कृपा और समाजसेवी संत हिमाद्री मुनि जी के नेतृत्व में आध्यात्म और संस्कृति संरक्षण की परंपरा को बनाए रख कर समाज सेवा में जुटी हुई है। यह आश्रम यहाँ आने वाले हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

# हिंदुस्तान पावर लिमिटेड जैतहरी ने मंत्री तथा जिला प्रशासन के पत्र को लिया संज्ञान

## जल्द बनेगा कोतमा से निगवानी गढ़ी मार्ग - मंत्री दिलीप जायसवाल




अनूपपुर। प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल वा कोतमा अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा हिंदुस्तान पावर लिमिटेड जैतहरी को पत्र देकर अवगत कराया था कि कोतमा से निगवानी मार्ग में गढ़ी कोतमा में पत्थर की रिक्त पड़ी खदान पर फ्लाई ऐश का भराव का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण मार्ग कहीं-कहीं पर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आम जनमानस को आवागमन में असुविधा होता है। जिसे तत्काल रूप से मार्ग को दुरुस्त कराया जाए जिससे होने वाली असुविधा से लोगों को निजात मिल सके।

हिंदुस्तान पावर लिमिटेड जैतहरी ने पत्र को लिया संज्ञान में - हिंदुस्तान पावर लिमिटेड जैतहरी मुख्य परिचालन अधिकारी आनन्द देशपांडे पत्र को संज्ञान में लेते हुए पत्र जारी किया है कि पत्र क्रमांक एमबीपीएमपीएल/एपीआर/2024-25/1363 विषयांतर्गत अवगत कराना चाहते हैं कि उपरोक्त कोतमा से निगवानी मार्ग में गढ़ी कोतमा में पत्थर की रिक्त पड़ी खदान पर फ्लाई ऐश का भराव का कार्य लगभग 25-30 दिन में पूरा हो जायेगा। आमजन की परेशानियों को देखते हुये इस अवधि में हम सड़क पर निर्मित गड्ढों का समतलीकरण करते हुये अपना शेष कार्य पूरा करेंगे। कार्य समाप्ति के उपरांत (लगभग एक माह बाद) जहां-जहां सड़क क्षतिग्रस्त हुई है वहां-वहां हम इस सड़क का मरम्मत अच्छे से करके पूर्व की भांति बना देंगे। उपरोक्त मरम्मत कार्य में अन्य जिम्मेवार कंपनी मे. आर्या एनर्जी लिमिटेड रेउला एवं मे. जेएमएस प्रा. लि. के भी आंशिक सहयोग की अपेक्षा है।

# श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय शरदोत्सव 14 अक्टूबर से........

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट**
**आदित्य प्रताप मथुरा**



मथुरा। वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय दिव्य व भव्य शरदोत्सव का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर 2024 पर्यंत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। शरदोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ.गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारंभ 14 अक्तूबर को अपरान्ह 3 बजे संतों व विद्वानों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ होगा। तत्पश्चात संत आशीर्वचन का कार्यक्रम आयोजित होगा।रात्रि 8 बजे से सरस भजन संध्या होगी। जिसमें कई प्रख्यात भजन गायक श्रीराधा कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। 15 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से वृहद संत-विद्वत सम्मेलन होगा।जिसमें महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज के अलावा कई प्रख्यात संत, विद्वान एवं धमाचार्य आदि भाग लेंगे। तत्पश्चात भजन रस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 16 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे से श्रीधाम वृन्दावन की पंच कोसी परिक्रमा देश के विभिन्न प्रांतों से आए असंख्य भक्तों व श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ लगाई जाएगी। साथ ही समूचे परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान श्रीकृष्ण कृपा धाम के भक्त परिकर के द्वारा चलाया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ.गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। साथ ही संत, ब्रजवासी,वैष्णव सेवा (भंडारा) आदि के आयोजन भी संपन्न होंगे। श्रीकृष्ण कृपा धाम के प्रबंधक वासुदेव शरण महाराज ने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# सीता आश्रम पर रामलीला मंचन का हुआ शुभारम्भ

**दैनिक समाज जागरण**



चंदौसी/नगर के सीता आश्रम पर गुरुवार को श्री हिंदु सनातन धर्म द्वारा नवरात्र एवं दशहरा मेले का शुभारम्भ गुरुवार की रात्रि को मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अनामिका यादव ने फीता काट कर किया। उसके बाद रामदरबार की पूजा अर्चना में सभी कमेटी के लोगो ने भाग लिया । नवरात्र के प्रथम दिन बगिया वाली माता के प्रांगण में भक्तजनों की काफी भीड़ रही। माता बगिया वाली मंदिर में सांय 7 बजकर 30 मिनट पर महाआरती का आयोजन किया गया। प्रतिदिन सीता आश्रम पर स्थित श्री हिंदु सनातन धर्म रामलीला के विशाल रंगमंच पर रामलीला का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन में मौजूद अतिथियों को कमेटी द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात रामलीला मंच पर प्रथम दिन नारद मोह का सुंदर पाठ का प्रारम्भ हुआ जिसमें सभी कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया नारद मोह का मंचन देख प्रांगण में मौजूद श्रोताओं ने खूब आनंद लिया । इस दौरान रामा, गुरु, राम किशोर ,प्रमोद मंत्री, दुर्गेश शर्मा, बबलू पाठक,राहुल सक्सेना, मनीष शर्मा, अरविंद गुप्ता, महावीर प्रजापजि, डॉ0 वीरेश आदि मौजूद रहे।

# घुलघुली सप्ताहिक हाट बाजार में व्यापारियों द्वारा रोड में दुकान लगा लेने के कारण लग जाता है जाम

घुलघुली जनपद पंचायत करकेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुलघुली मैं साप्ताहिक हाट बाजार गुरुवार के दिन लगती है, यहां करकेली आने जाने



वाली रोड में व्यापारियों द्वारा रोड के किनारे दोनों तरफ दुकान लगा लेने के कारण भारी वाहनों का आवागमन होता है और जाम लग जाता है।जिससे आमजन एवम राहगीर काफी परेशान हो रहे है।

# अग्रसेन जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



अनूपपुर। अग्रवाल समाज ने गुरुवार को अपने पूर्वज महाराजा अग्रसेन को याद किया। जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

समाज की महिला-पुरुष परंपरागत वेश में शामिल थे। समाज के पदाधिकारियों ने महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती की। अग्रवाल भोजनालय के संचालक जयनारायण अग्रवाल द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई नवयुवक मंडल द्वारा बस स्टैंड में स्वागत की व्यवस्था की गई होटल गोविंदा के संचालक संतोष अग्रवाल द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई शोभा यात्रा दुर्गा मडिया मंदिर अनूपपुर से मेन रोड होते हुए स्टेशन चौक से होते हुए थाना तिराहा सामतपुर तिराहा होते हुए सरलगन पैलेस पहुंचने के बाद प्रीतिभोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ

# नवनिर्वाचित अधिवक्ता पदाधिकारीगणों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया

## सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगणों के शपथ ग्रहण समारोह में डॉ राजेश्वर सिंह मुख्य अतिथि

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

सरोजिनी नगर लखनऊ . राजधानी लखनऊ के तहसील सरोजनीनगर परिसर में दिन गुरुवार तीन अक्टूबर को सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगणों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि डा० राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनीनगर और सुरेन्द्र चौधरी एम. एल. मी., संमदीय अध्ययन समित मौजूद रहे । सरोजिनी नगर बार के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला एवं बार के सभी पदाधिकारी ने अतिथियों को माला पहनकर सम्मानित किया. इस कार्यक्रम के विशिष्ट जी.एन शुक्ला विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि लखनऊ बार एसोसिएशन, राजेश कुमार सिंह राजेश संयोजक नित एवं शोध विभाग बी. जे. पी शामिल हुए। शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजन में नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला,राशि पाण्डेय, दयाराम, अनुराग सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ओ.पी. सिंह, संजय तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री समरसेन, खुर्शीद अहमद, विवेक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, प्रवक्ता अविनाश कुमार ओझा, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र तिवारी सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन, लाइब्रेरियन ललित नारायण, वरिष्ठ कार्यकारिणी संजीव कुमार, गुलवीर, ललित मोहन, अनिल कुमार, सुरेश, सचिन कुमार जायसवाल, कनिष्ठ कार्यकारिणी हिरेश सिंह, अंशु कुमार, अर्जीत यादव, देवेश, सभी नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं को बिना किसी भेदभाव के पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक सजक रहते हुए उनके हित एवं सुरक्षा का पूर्ण रूप से ध्यान रखते हुए उसका दुरुपयोग और सदस्यों के हित में कार्य करूंगा शपथ दिलाई गई. सरोजिनी नगर विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह ने दस लाख रूपए, सुरेंद्र चौधरी एमएलसी ने पांच लाख रुपए सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन निर्माण कार्य के लिए दिए.



# शिव विवाह मंचन का हुआ शुभारम्भ

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। श्री रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा शारदीय नवरात्रि के प्रथम नवरात्र के दिन रामबाग धाम के विशाल मंच पर शिव विवाह का आयोजन किया गया। शिव विवाह का मंचन स्वर्गीय हरिओम राशन वालों की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र विनय वार्ष्णेय, अभय वार्ष्णेय एवम आकाश वार्ष्णेय द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। राजा हिमालय का दरबार मंत्र मुग्ध करने वाला रहा। राजा हिमालय के कुल पुरोहित पार्वती जी की लग्न पत्रिका लेकर कैलाश जाते हैं जहाँ उनकी भेट श्रृंगी और नंदी से होती है उन तीनों की भेट का दृश्य बड़ा ही मनोहारी रहा। शिव जी की बारात में नंदी, श्रृंगी का स्वरूप बहुत ही सुंदर रहा। शिव जी की बारात में सभी देवतागण नाचते गाते झूमते हुए बारात की शोभा बड़ा रहे थे। रामलीला नाट्य परिषद की ओर से प्रधान गिरराज किशोर, उपप्रधान नवीन चौधरी, अमित अप्पू, मंत्री कपिल राजा, उपमंत्री धीरेन्द्र कुमार, दीपक सोनू, कोषाध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, संजीव परचूनी, हीरालाल, मुकुल शर्मा, गौरव और उमंग वार्ष्णेय आदि पदाधिकारी और कलाकार मौजूद रहे।

# युवक की हत्या से परिवार में मचा कोहराम, घटना स्थल पर पहुंचे उच्चाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कादलपुर कुकैटा में एक व्यक्ति का शव मिलने से सन-सनी मच गयी। ग्रामीणों ने खेत में पड़े शव की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गुरूवार को थाना बनियाठेर के खेतों में एक युवक का शव खेतों में पड़ा था जब आस-पास के ग्रामीणों की नजर खेत में पड़े शव पर पडी तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। खेतों में लावारिस पडे युवक के शव की पहचान जसवंत दिवाकर उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र रामसेवक निवासी बनियाठेर जनपद सम्भल के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जसवंत सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसका विवाह तुलसी दिवाकर मन्नू नगर थाना फैजगंज जनपद बदायूं से हुआ था। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा सूचना दी गयी थी कि एक शव खेत में पडा हुआ है सूचना पर एसएसओ बनियाठेर, एएसपी संभल श्रीशचन्द्र व डॉग स्काईड टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाये गये हैं। पुलिस टीम गठित की गयी है शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# आज सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। विद्युत उपखंड अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की स्थापना के दृष्टिगत नगर की विद्युत आपूर्ति 4 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक प्रभावित रहेगी। कार्य को पूर्ण कर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी ने जानकारी दी की 5 एमवीए का पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए का पावर प्रवर्तक लगाया जा रहा है। जिससे नगर में ओवरलोड की समस्या खत्म हो जाएगी और उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली सेवा मिलेगी। वही लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रहे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# नवरात्र के प्रथम दिन शक्तिपीठ में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि शासन से प्राप्त निदेशों के क्रम में 03 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जनपद के मंदिरों/शक्तिपीठों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर शक्तिपीठ नगला मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं आदि ने सराहा व सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजनों का आनंद लिया। गिरधर एंड पार्टी दल द्वारा दुर्गा पाठ, भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा आदि का पाठ कराया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किए गए कानून का प्रचार प्रसार भी किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व आमजन मौजूद रहे।




# वाह रे विवेचक! 60 दिन बीत जाने के बाद भी जयवीर की जय-जय

* षडयंत्रकारी जयवीर को 60 दिन बाद भी नहीं पकड़ पाई पुलिस

* तीन निदोर्षों ने जेल में बिताये थे 40 दिन

**दैनिक समाज जागरण/प्रवीन कुमार**

चन्दौसी। सरकार अपने कर्मचारी पर बेहद भरोसा करती है क्योंकि वह प्रशिक्षण के बाद कार्यभार संभालने से पहले शपथ लेते हैं कि वह सदैव कानून के दायरे में पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने अधिकारों का प्रयोग करेंगे परंतु वास्तविकता में ऐसा नहीं है। वास्तविकता में वहीं अधिकारी या कर्मचारी इस मायावी दुनिया में अपना कर्तव्य भूल जाता है कि क्या सही है और क्या गलत है? हम बात कर रहे हैं एक ऐसे पुलिस अधिकारी की जिसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने अधीनस्थों को ऐसा आदेश दे दिया जिससे चन्दौसी कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों की फजीहत हो गई क्योंकि सेना का कैप्टन जो आदेश देता है उसका पालन करना सेना का कर्तव्य है। हालांकि किसी भी घटना में बलि सेना की ही चढ़ती है। ऐसा ही मामला चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र में हुआ जिसमें सीओ डा0 प्रदीप कुमार ने षडयंत्रकारियों के साथ हमसाज होकर निर्दोष तीन लोगों पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल का फरमान जारी कर दिया गया। अधीनस्थ पुलिसकर्मियों ने सीओ के आदेश पर निदोर्षों पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर तमंचा लगाकर जेल भेज दिया। इसके बाद भी सीओ को निदोर्षों को प्रताड़ित करने में कमी लगी तो अपनी ऐसी ताकत का प्रयोग किया जिससे हिंदू समाज की एकता को तोड़ने का कार्य किया गया। सीओ द्वारा निदोर्षों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके चलते निदोर्षों को जेल जाना पड़ा। यदि निदोर्षों की विधवा मां त्रिवेणी उन्हें निर्दोष साबित नहीं कर पाती तो आज तक बेगुनाही में जेल काट रहे होते। जब मामले की सच्चाई सामने आई तो निदोर्षों को जेल से रिहा किया गया परंतु षडयंत्रकारियों को आनन-फानन में जमानत दे दी गई। जेल से आने के बाद निदोर्षों के घर राजनैतिक दलों के लोगों का आना-जाना लगा रहा और उन्हें आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा निदोर्षों को आश्वासन दिया गया कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हालांकि कार्यवाही के नाम पर सीओ प्रदीप कुमार का चन्दौसी से स्थानांतरण कर दिया गया जो कि विभागीय प्रक्रिया है। सभी पुलिसकर्मियों के एक समय बाद स्थानांतरण होते ही हैं, ऐसे में स्थानांतरण को कार्यवाही का नाम देने पर निर्दोष स्वयं को ठगा-सा महसूर कर रहे हैं क्योंकि वह बिना कोई अपराध किये हुए एक माह से अधिक समय के लिए जेल में रहे जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई है। फिलहाल षडयंत्र का मास्टरमाइंड जयवीर पुलिस की पहुंच से दूर है।



# काशी पहुंचे राजन जी महाराज हुआ स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी विश्व विख्यात श्री राम कथा वाचक राजन जी महाराज गुरुवार को काशी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे।उन्हे वहा पहुंचने की सूचना पर उनके भक्त वहा सुबह से पहुंच गए थे।बताते चले नौ दिवसीय राम कथा ओबरा में



राजन जी महाराज का स्वागत करते श्रवण मिश्रा सहित अन्य भक्त

आज से आयोजित हो रहा है जिसके लिए राजन जी बाबतपुर पहुंचे थे।वहा पहुंचने पर भक्तो से महाराज जी का अंग वस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया।भक्त श्रवण मिश्रा उर्फ मिंटू और प्रेम यादव के नेतृत्व में पचासों भक्त बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे।स्वागत करने में लाल जी चौहान अमर शंकर चौबे, प्रवीण कुमार मिश्रा अमरेश उपाध्याय सहित अन्य भक्त शामिल रहे।

# पिंडरा ब्लॉक के दो छात्र पहलवान करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । गोरखपुर में आयोजित 68वी प्रदेशीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में पिंडरा जोन के बेसिक शिक्षा विभाग दो छात्र पहलवान ने मेडल जीतकर नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की।

दोनो पहलवान पिंडरा ब्लॉक के अहरक अखाड़े में शिक्षक राम सेवक यादव के देख रेख में अभ्यास करते हैं। कम्पोजिट स्कूल का छात्र अशोक कुमार यादव ने अंडर14 के 48 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा कम्पोजिट स्कूल नवलपुर के छात्र पहलवान प्रवेश यादव ने भी अंडर 14 वर्ष ने 35 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जानकारी यूपी कुश्ती टीम के सेलेक्टर राम सेवक यादव ने दी ।

# महाराजा अग्रसेन जी की प्रेरणा व आशीर्वाद से समाज उन्नति की राह पर - रवि प्रकाश अग्रवाल

### श्री अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर हवन और भंडारे का आयोजन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं आरती उतारी गई। श्रीराम कृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इधर श्री अग्रवाल सभा द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रवि प्रकाश अग्रवाल ने बताया आज अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कर रहा है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पराग अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, शिविन अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे। अग्र वंशिका जागृति सभा से अंजलि अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रितिका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, बरखा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।



# धूमधाम से निकाली कलश एवं शोभा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। श्री नवदुर्गा महाकाली मंदिर समिति द्वारा 30 वी कलश व शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। मातारानी के भजनो और जयघोष के बींच कलश यात्रा में 2100 से भी अधिक कलश लेकर महिलाएं व कन्याएं साथ चलीं।

श्री नवदुर्गा महाकाली मंदिर जी की 30 वी कलश व शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारम्भ डॉ राखी अग्रवाल ने किया व शोभायात्रा का शुभारंभ महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव विशाल अग्रवाल आदि ने किया। कलश यात्रा में 2100 से अधिक महिलाएं व कन्याएं सर पर कलश धारण कर चली। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा में माता रानी का डोला व सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। बैंड की धुन पर लोग नृत्य करने पर मजबूर हुए। महाकाली अखाड़े में भक्तों ने महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का सुराही बाजार स्थित महाकाल भक्त मंडल द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल व उनके पुत्र अर्चित अग्रवाल, भूपेन्द्र राजपूत, पन्नालाल, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, चित्रांश अग्रवाल, परविंदर सिंह, रचित अग्रवाल, अभिनव गुप्ता, अंकन गोयल, अंकित गोयल, राजीव तागरा, अमित अग्रवाल, हिमांग अग्रवाल, सुधीर कुमार अरोड़ा, राहुल तिवारी, गौरव वर्मा नामदेव, पवन कुशवाहा, केशव, रंजन राजपूत, आयुष बंसल, विकास आर्य, मदन, नवीन शर्मा, राहुल टॉक, नीरज, बलराज त्यागी, अभिषेक यादव, सूरज भारद्वाज, विवेक अग्रवाल, सुनील ग्रोवर, अमित वरिष्ठ, अंकित जैन, संदीप बहल, शौर्य अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।





# एंबुलेंस चालक ने खून देकर बचाई महिला की जान

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद क्षेत्र के जलालाबाद के मौहल्ला काजियान निवासी युवक आतिफ जैद एंबुलेंस चालक ने महिला को खून देकर जान बचाई। जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही गर्भवती महिला को एंबुलेंस चालक ने दरिया दिली दिखाते हुए अपना खून देकर जान बचाई। नजीबाबाद में गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ने पर बिजनौर के लिए रवाना किया गया जहां पर महिला की हालत को देखते हुए कोई भी अस्पताल में भर्ती नहीं कर रहा था लेकिन एक अस्पताल में भर्ती होने पर महिला को खून की जरूरत पड़ने लगी। तभी एंबुलेंस चालक आतिफ जैद ने अपने खून की जांच कराई जिसमें महिला के ब्लड ग्रुप से मिल गया, और आतिफ जैद ने महिला को खून देकर जान बचाई। महिला के परिजनों ने एंबुलेंस चालक आतिफ जैद का शुक्रिया अदा किया। आतिफ जैद ने बताया कि मानवता और इंसानियत का फर्ज निभाते हुए ब्लड दिया है और सभी को बढ़ चढ़कर जरूरतमंदों को ब्लड देना चाहिए। जिससे आपके खून देने से किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा




# सुख-शान्ति के लिये किया गया कड़हा पूजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी सेवापुरी विकास खंड के पेड़ूका गांव में नवरात्र के प्रथम दिन अपरन्ह 12 बजे गांव व क्षेत्र में सुख,शांति व समृद्धि के लिये विशाल कड़हा पूजन का आयोजन किया गया।

कड़हा पूजा में चौबेपुर स्थित सोनई बर्थरा के विराट भगत ने माँ दुर्गा व माँ शीतला की आह्वान करने के बाद खौलते हुए खीर से नहाया तथा खौलते हुए घी की कड़ाही से अपने हाथो से पूड़ी छानकर आये हुए दर्शनाथीयो को प्रसाद के रूप में दिया।कड़हा पूजा के दौरान विराट भगत ने हवन कुण्ड में उठ रही आग की लपट में सिर के बल खड़ा होकर उपस्थित लोगो को आश्चर्य चकित कर दिया।

वही खौलते हुये दूध में पांच बच्चों का हाथ डलवा कर पूछा कि दूध जल रहा है या ठंडा है।तो बच्चों ने कहा ठंडा तो दर्शक जय जयकार करने लगे।

महिलाओं ने देवी गीत व पचरा गीत गाकर परम्परा का निर्वहन किया। हवन कुंड पर पूजन का कार्य पंडित विजय शंकर तिवारी ने किया।

इस अवसर पर इंद्रजीत यादव, रामजीत यादव जगदीश यादव, गुलाब ,बिनोद ,अक्षय कुमार यादव, विकास , आनंद, आकाश यादव, सत्यम सिंह सहित अन्य लोगो का सहयोग सराहनीय रहा।



# पीएम आवास के सर्वे कार्य मे सावधानी सबसे जरूरी : अशोक कुमार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकास खंड सभागार मे जिला विकास अधिकारी वाराणसी अशोक कुमार ने सभी ग्राम पंचायत सचिवो तथा सेक्टर एडीओ की समीक्षा बैठक में कहा कि पीएम आवास ग्रामीण का सर्वे करते समय सभी अधिकारी समय और गुणवत्ता की सावधानी रखें। ध्यान दे कि कोई पात्र छूटने न पाए, कोई अपात्र किसी दशा मे चयनित नही होना चाहिए।अन्यथा सर्वे मे लगे अधिकारियो की जबाबदेही तय की जाएगी।

बीडीओ हरहुआ दीनदयाल ने बैठक मे कहा कि प्रधानमंत्री आवास सर्वे ग्रामीण 2024 के लिए पात्रता के मानको मे शासन द्वारा कतिपय बदलाव किए गए है।हर सचिव और हर सेक्टर एडीओ इसका सम्यक ध्यान रखना सुनिश्चित करे।

ज्वाइंट बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ने बैठक मे उपस्थित समस्त कर्मचारीगण को पात्रता और अपात्रता के अंतर्वेशन तथा बहिर्वेशन बिन्दुओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

बैठक मे जेई लघुसिंचाई धर्मेन्द्र कुमार, एडीओ आइएसबी सुनील पांडेय, एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय, एडीओ सांख्यिकी शैलेन्द्र सिंह, स्वाति सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, विनोद यादव , अभिलाष, जयप्रकाश, चंद्रबलीराम , मिथिलेश श्रीवास्तव, सीमायादव, दीक्षा श्रीवास्तव , अमितेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।




# अमेठी में दलित शिक्षक समेत पूरे परिवार को गोलियों से भूना

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले से दिल को दहला देने वाली खबर सामने आई है. जहां गुरुवार की शाम एक दलित शिक्षक की उसके परिवार के साथ हत्या कर दी गई. खबर सुनते ही पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है. तो वहीं इस सनसनीखेज मामले से आस पास के इलाके में डर का माहौल है. दरअसल, अमेठी में बदमाशों ने घर में घुसकर एक सरकारी टीचर और उसकी पत्नी और दोनों बच्चियों समेत पूरे परिवार पर गोलियां बरसा दीं. पूरे हत्याकांड की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

**पूरा मामला शिवरतनगंज थाना क्षेत्र का**

यह हत्याकांड अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहरोवा भवानी चौराहे का बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक मृतक शिक्षक सुनील भारती यूपी के रायबरेली जिले के अंतर्गत जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव सुदामापुर का रहने वाला बताया जा रहा है. वह यहां अमेठी में किराए के मकान में रहता था.

**असिसटेंट टीचर के पद पर थे कार्यरत**

मृतक शिक्षक अमेठी में सिंहपुर ब्लॉक के एक प्राइमरी स्कूल में असिसटेंट टीचर थे. मृतकों में सुनील के अलावा उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चियां शामिल हैं. पुलिस के आला अफसर घटनास्थल पर मौजूद हैं. वहीं एडीजी जोन अमेठी के लिए रवाना हो गए हैं.

# एसडीएम राशि कृष्णा ने नगर पालिका का किया आकस्मिक निरीक्षण, कई कर्मचारी गैरहाजिर

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। एसडीएम राशि कृष्णा ने गुरुवार को नगर पालिका का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान तेजी के साथ होना चाहिए। इस दौरान गैरहाजिर मिले कर्मचारियों की सूची तैयार की गई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालय में सभी को नियमानुसार समय पर पहुंचना होगा। कार्यालय के लिए निर्धारित समय सारणी में जो भी अधिकारी व कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं मिलेगा उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने नगर में लगने वाले जाम की समस्या के लिए निर्देश दिया कि नगर पालिका अतिक्रमण अभियान चलाए। इसके लिए पूरे शहर में पहले मुनादी कराई जाए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनूप राय, स्टैनो जहीर आलम, राजीव कुमार मौजूद रहे।



# डॉ0 नाजिम बने निमा बी के नगर अध्यक्ष व डॉ0 सरफराज महासचिव

## डॉ0 रहमान तस्लीम बने मीडिया प्रभारी

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**

**जनपद बिजनौर** नजीबाबाद। कास्मिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद में नीमा बी नजीबाबाद का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें डॉक्टर नाजिम अंसारी को अध्यक्ष चुना गया तथा डॉक्टर सरफराज अंसारी महासचिव , डॉक्टर नाजिम मंजूर को कोषाध्यक्ष डॉ0 रहमान तस्लीम मीडिया प्रभारी चुने गए।

डॉक्टर अब्दुल बारी एडवाइजर, डॉ सुलेमान सिद्दीकी संरक्षक , डॉ0 इबादुर रहमान उपाध्यक्ष डॉक्टर कौनैन स्पोर्ट्स सेक्रेट्री ,डॉक्टर रियाज अहमद व डॉक्टर सुहेल सिद्दीकी स्टेट रिप्रेजेंटेटिव, डॉ0 नसीम डॉ0 मुस्तकीम सचिव, डॉ0 जकी कल्चरल प्रभारी बनाए गए इस अवसर पर डॉक्टर नाजिम अंसारी ने सबको साथ लेकर चलने की बात कही उन्होंने कहा की यूनानी पेथी एक ऐसी पदति जिसमे बड़ी से बड़ी भयंकर बीमारी का इलाज मौजूद है उन्होंने यूनानी पेथी को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा की सभी नीमा बी के मेंबर से अनुरोध किया की यूनानी पेथी के लाभ जनता को बताएं जाए ताकि जनता इसका फायदा उठा सके इस मौके पर । डॉ0 सुलेमान, डॉ0 अब्दुल बारी, डॉ0 शाकिर खान, डॉ0 सुहैल, डॉ0 आसिफ राजा, डॉ0 फिरोज आलम, डॉ0 शाकिर,राजा,आदि मौजूद रहे









# हर्षोल्लास से मनाई महाराज अग्रसेन जयंती

**दैनिक समाज जागरण शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया।

नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट के आवास पर अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नजीबाबाद में रामलीला मंचन में भगवान पुरुषोत्तम श्री राम का अभिनय कर रहे शिवम गोयल एवं संगठन के युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सभी अग्र बंधुओ ने एक दूसरे को महाराजा अग्रसेन जयंती व शारदीय नवरात्रों की बधाई दी। कार्यक्रम में रामलीला में भगवान पुरुषोत्तम श्री राम का सुंदर अभिनय करने पर शिवम गोयल को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मान सम्मान के लिए शिवम गोयल ने भी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने महाराजा अग्रसेन जी के जीवन काल पर प्रकाश डाला तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट की अध्यक्षता एवं अर्चित अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, निशा अग्रवाल, मिथिलेश, हिना अग्रवाल, प्रकृति अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, चित्रांश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अनमोल गुप्ता, आयुष बंसल, हिमांशु तायल, रजत, पुलकित आदि रहे।



# गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी सेवापुरी के जगापट्टी में सचिवालय के प्रांगण में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के युवाओं को नेट , बालीबाल और टी शर्ट देकर सत्य के रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया।

ग्राम पंचायत जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने बच्चों को सत्य के रास्ते पर ले चलने के लिए खेल का माध्यम बनाया है। बच्चे खेल के माध्यम से सही रास्ते पर चलकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। इसी के तहत ग्राम पंचायत में युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ते हुए उनके मनोबल को ऊंचा करने के लिए नेट , बालीबाल, बैट , गेंद के साथ नये लुक का टी-शर्ट देकर सम्मानित करते हुए खेल को खेल की भावना के साथ खेलने का संकल्प दिलाया।

वही सेवापुरी के बाराडीह में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत जगापट्टी में उत्कृष्ट कार्य करने पर खंड विकास अधिकारी प्रतिभा चौरसिया व सेवापुरी के विधायक नील रतन पटेल के प्रतिनिधि के तौर पर उनकी पुत्री अदिति पटेल ने ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी श्यामनारायण, लालजी माली , एसआई अशोक यादव, रोहित गोंड,सतीश कुमार सरोज ,अमित कुमार, प्रदीप माली, मनोज कनौजिया, दीपक सोनकर,सत्यम सिंह, प्रीतेश त्रिपाठी, विनोद माली, बृजेश कुमार सहित तमाम युवा साथी मौजूद थे।




# क्षेत्र प्रसिद्ध मंगारी का रामलीला व मेला जगह के अभाव में अब नही लगेगा

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । क्षेत्र प्रसिद्ध मंगारी का रामलीला और विजयदशमी मेला अब नही लगेगा। जगह के अभाव में कमेटी के लोगों द्वारा हाथ खड़े कर देने से रामलीला और मेला पर संकट खड़ा हो गया है।

बताते हैं कि 150 वर्षो से ग्रामीणों और भूस्वामियों के सहयोग से रामलीला और मेला लगता चला आ रहा था। लेकिन अब उक्त भूमि व बाग के विक्रय हों जाने व निर्माण कार्य होने से मेला क्षेत्र संकुचित हो गया है। मेले में होती भीड़ व जगह की कमी को देखते हुए उक्त निर्णय कमेटी के लोगों ने लिया। मेला कमेटी से जुड़े जगदीश सिंह,अनिल सिंह , सन्तोष सिंह, कौशल सिंह व कमलकांत शर्मा समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने डीएम को दिए पत्रक में कहाकि 15 अक्टूबर से चलने वाला रामलीला और कार्तिक माह के पंचमी व पष्टमी तिथि को लगने वाला दो दिवसीय विजयदशमी मेला इस बार जगह के अभाव में अब नही लगेगा। वही मेला कमेटी के इस निर्णय से रामलीला प्रेमियो में निराशा दिखी। वही वर्षो पुरानी परंपरा के खत्म होने पर दुख भी जताया।

# कलश स्थापना, पूजन संग शुरू हुआ शारदीय नवरात्र।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को घरों में कलश स्थापना संग पूजन और मन्दिरो मेंअखंड कीर्तन पाठ शुरू हो गया।

हरहुआ-रामेश्वर मन्दिर सहित देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। हरहुआ क्षेत्र के माँ दुर्गा ,सम्मो माता, चौरा माता,शीतला मन्दिर हरहुआ डीह ,वार ,आयर ,मुर्दहा गाँवो सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शन पूजन भक्तजनों ने किया।

हरहुआ ध्रुवेश्वर महादेव मंदिर व रामेश्वर मन्दिर के पुजारी आचार्य प0 अन्नू तिवारी के अनुसार नवरात्र में पूजन पाठ से जहां भक्ति के साथ शक्ति का संचार होता है वहीं मनोकामना पूर्ण होती है।

14-4-2024:Layout 1 10/4/2024 1:47 AM Page 12



# सुहाग नगर चौकी पर पहला पिंक बूथ हुआ शुरू

**दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर ह्लमिशन शक्तिह्व के विशेष अभियान के शुभारम्भ पर गुरुवार को सुहाग नगर पर पहले पिंक बूथ का शुभारंभ हुआ।



ज्ञानलोक इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा एलिश ने फीता काटकर पिंक बूथ का शुभारम्भ किया।

एस एसपी सौरभ दीक्षित ने कहा बूथ वन स्टॉप फैसीलिटेड के तहत कार्य करेगा। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का तत्काल निदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतों को भी बूथ पर लेकर सम्बन्धित विभाग को प्रेषित किया जाएगा ।

महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा के तहत उनको विभिन्न टोल फ्री नम्बरों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब), साइबर सम्बन्धी अपराध आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

# प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी ने सदस्यता अभियान की की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित बिंदुओं की जानकारी जिले के पदाधिकारियों , जनप्रतिनिधियों , मण्डल अध्यक्षों , मण्डल प्रभारियों , मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक, विधानसभा संयोजको, मण्डल संयोजको को प्रदान कर सदस्यता अभियान की समीक्षा की। भाजपा पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों व सदस्यों को सदस्यता अभियान के तय लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया। भाजपा संगठन पर्व राष्ट्र व्यापी सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों से प्रथम चरण की समीक्षा एवं अभियान के द्वितीय चरण के संदर्भ में चर्चा करते हुऐ बैठक में जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों के साथ सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने हेतु कार्य योजना पर उचित दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज से प्रारम्भ हुए द्वितीय चरण के अभियान की सफलता हेतु व्यापक कार्य योजना तैयार की है , 6 अक्टूबर व 14 , 15 अक्टूबर को जिले के बूथों पर विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। क्षेत्र में भाजपा के प्रति उत्साह और समर्थन का माहोल है, संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से संगठन की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से हनुमंत सिंह बघेल जिला संयोजक सदस्यता अभियान , डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , व्रन्दावन लाल गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष , रंजना सिंह चेयरमैन सिरसागंज , भंवर सिंह ठेकेदार चेयरमैन टूंडला , माया देवी सागर , सुशील चक , शैलेन्द्र सिंह , आकाश शर्मा , देवेन्द्र बेनीवाल, दिनेश गुप्ता , विनोद प्रताप सिंह बिन्नू , दुष्यंत जादौन, महावीर सिंह बघेल , संजय चक , राजेश चौहान , अरविंद राघव, धर्मेन्द्र सिंह , दीपक राजोरिया , डॉ शोभित सिंह , राघवेंद्र सिंह , सागर गुप्ता , शीलू सविता , पूर्ण सिंह लोधी , नरेन्द्र सिंह , वीरेंद्र सिंह , महेन्द्र द्विवेदी सहित आदि

# मथुरा में अलग अलग स्थानों पर मिले तीन शव.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत बुधवार रात्रि आठ बजे खेत पर बने कमरे में अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची जैत पुलिस शव को कब्जे में कर शिनाख्त में जुट गई। देर रात तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया छटीकरा से राल रोड की तरफ मुख्य मार्ग से थोड़ा दूर खेत पर बने कमरे में एक 65 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव में कीड़े पड़े हुए हैं। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरा शव मथुरा शहर में मिला। यहां मथुरा शहर के बीचों बीच नाले में शव बहकर जा रहा था। जब लोगों ने यह देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। गोविंद नगर क्षेत्र अंतर्गत मशानी चौकी से चंद कदम की दूरी पर शव नाले में बह कर जा रहा था। पुलिस ने शव को बाहर निकला। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही थी। वहीं तीसरा शव फरह थाना क्षेत्र में सचदेवा इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना फरह कमलेश सिंह ने बताया कि बुधवार शाम सचदेव कॉलेज के समीप शव मिला है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

# फूड विभाग का आदेश, नहीं बिकेगा खुला कुट्टू आटा..........

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है कि बाजार में खुला कुट्टू आटा नहीं बिकेगा। पूर्व में एक-दो नमूनों की रिपोर्ट असुरक्षित आई थी। मानव उपभोग के लिए यह सही नहीं और घातक है। फूड प्वॉइजनिंग की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जन्माष्टमी पर कुट्टू के आटे से बनी पकौड़ी और पूड़ी खाने के कारण 250 के करीब लोग बीमार हो गए



थे,इस बार खाद्य विभाग कोई रिस्क लेना नहीं चाहता है। इसे देखते हुए सहायक आयुक्त खाद्य धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मथुरा में खुला कुट्टू आटा के भंडारण,वितरण,विक्रय को प्रतिबंध कर दिया है। कारोबारियों को आदेश दिए हैं कि खुला कुट्टू आटा का भंडारण तथा क्रय-विक्रय न किया जाए। उन्होंने बताया कि नमूनों में एफ्लाटॉक्सिन पाए जाने के कारण मानव जीवन के लिए घातक है। इसके सेवन से मानव स्वास्थ्य को गंभीर क्षति हो सकती है। पिछले कई माह में खुले कुट्टू के आटा से निर्मित खाद्य पदार्थों के सेवन से जिले एवं आसपास के जनपदों में फूड प्वॉइजनिंग की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने खुला कुट्टू का आटा के भंडारण,वितरण,विक्रय को पूरी तरह से प्रतिबंध कर दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों का खाद्य लाइसेंस,पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी खुले कुट्टू का आटे की खरीदारी और प्रयोग न करने की सलाह दी है।

# बाइक की टक्कर से बालक घायल एसपी सिटी ने भेजा उपचार के लिए

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जैन मंदिर तिराहे पर यातायात व्यवस्था राम भरोसे चल रही है पुलिस कर्मी दूर खड़े होकर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं इधर एक बाइक की टक्कर से बालक घायल हो गया जिसे एसपी सिटी द्वारा उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भेजा गया है!



नगर में यातायात व्यवस्था पंगु बनी हुई है जैन मंदिर तिराहे और उनकी सर्विस रोड पर जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है कोई वाहन चालक बगैर सिग्नल देखें धड़ल्ले से चला जा रहा है! परंतु उन्हें कोई ठोकने वाला भी नहीं है गुरुवार की दोपहर जैन मंदिर के समीप एक बाइक की टक्कर से एक बालक अरुण कुमार पुत्र संजय सिंह निवासी सम्राट नगर गली नंबर 5 घायल हो गया वह दर्द के मारे चिल्ला रहा था! परंतु उसकी कोई सुनने वाला नहीं था इसी दौरान एसपी सिटी उधर से निकल रहे थे उन्होंने अपनी गाड़ी रूकवाई और अपने गार्ड से बालक को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर भिजवाया जहा चिकित्सक ने भरती कर उसका उपचार शुरू कर दिया है! दुर्घटना की वजह साफ है रेड लाइट होने पर चार पहिया वहां तो रुक जाते हैं! परंतु ई-रिक्शा और ऑटो के अलावा बाइक सवार अपनी बाइके दौड़ते रहते हैं ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस नियमों की धज्जियां उड़ते देखती रहती है!

# भव्य शोभायात्रा के साथ स्थापित की गयी माँ दुर्गा की प्रतिमा

**दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद, नव दुर्गा महोत्सव समिति पेमेश्वर गेट द्वारा गुरुबार को माँ दुर्गा की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकली ततपश्चात छेल बिहारी गेस्ट हाउस में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी

शोभायात्रा का उद्धघाटन भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता ने किया




माँ दुर्गा की शोभायात्रा में 151 सौभग्य वती महिलाये सिर पर कलश उठाकर साथ चल रही थी, शोभायात्रा में घोड़ा काली अखाड़े के अलावा ऊंटों पर ढ़ोल नगाड़े के अलावा बैंड बाजो पर माता रानी की सुंदर भेंट भक्तजन थिरकते झूमते साथ चल रहे थे।शोभयात्रा छेल बिहारी गेस्ट हाउस से शुरू होकर गोपीनाथ रोड मोहल्ला राजपूताना , उर्वशी टॉकीज चौराहा होती हुई छेल बिहारी गेस्ट हाउस पर समाप्त हुई, शोभायात्रा में माँ भगवती का जगह जगह आरती उतार कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ततपश्चात छेल बिहारी गेस्ट हाउस में माँ दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी।

शोभयात्रा में माँ दुर्गा सेवा समिति पेमेश्वर गेट के सभी पदाधिकारी एवं भक्तजन साथ चल रहे थे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में किया वृक्षारोपण.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मथुरा संरक्षक दिनेश पंकज, आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में मथुरा के भगत सिंह पार्क पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा सहित तमाम पत्रकार साथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा मार्ग पर अडिग रहते हुए सच्ची पत्रकारिता करने का संकल्प लिया। मथुरा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश पंकज ने कहा कि इस समय का जो दौर चल रहा है उसमें सच्चे पत्रकारों की भूमिका की अधिक आवश्यकता है समाज मै हर वर्ग इस समय संविधान के चौथे स्तंभ से बड़ी आशा उम्मीद लगाए बैठा है।




मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज को सरकार के चाल चरित्र को उजागर करने वाला आयना होता है जिसकी निष्पक्षता बरकरार रखने की जरूरत है जब पत्रकार निडर और सत्य पथ पर अडिग रहेगा तब तक संविधान का चौथा स्तंभ मजबूत रहेगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने कहा पत्रकार को महात्मा गांधी को आदर्श मान कर अहिंसा के पथ पर बिना डरे अपने कार्य को निरंतर करता रहना चाहिए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा जनपद मै गांधी जी की तरह सभी पत्रकारों को एक जुट कर ईमानदारी से हर संभव सहायता करने की कोशिश करती रहेगी।

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य,वी एस खुराना,निरंजन प्रसाद धुरंधर,मुकेश कुमार, रविकांत चौधरी,ठाकुर तेज सिंह, नंद किशोर शर्मा, अभिषेक सिंह, प्रतीक चतुर्वेदी,गणेश माहोर, यज्ञदत्त चतुर्वेदी,आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट में हुआ आयोजन.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले,15 ग्राम प्रधान,21 पंचायत सहायक,16 सचिव,15 सफाई कर्मचारी,20 खंडप्रेराक,10 ऑपरेटर एवं 7 एडीओ पंचायत को पुरस्कृत किया गया। जनपद मथुरा में स्वच्छता पखवाड़े में 26000 स्वच्छता इकाई चिन्हित की गई थी। जिसका विधिवत साफ सफाई ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया एवं सभी स्वच्छता इकाइयों को ऑनलाइन क्लोज किया गया। ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें सफाई कर्मचारी,सफाई मित्र एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सफाई के इस विशेष अभियान में ग्रामीणों की विशेष भागीदारी रही है। आज राजीव भवन से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रभात फेरी निकाली गई,तत्पश्चात मथुरा विकासखंड से राइफल क्लब तक ग्राम पंचायत सचिवों और खंड प्रेरक का मैराथन दौड़ हुआ जिसमें मोहन श्याम ग्राम विकास अधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसके अतिरिक्त जिला गंगा समिति के सहयोग से 10 स्वच्छता वीरों को पुरस्कृत किया गया। कचरे से कलाकृति बनाने में पंचायत सहायकों ने बड़ी भूमिका निभाई जिनको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोवर्धन विधायक मेघश्याम ने कहा कि स्वच्छता जीवन की प्रथम शिक्षा है जिसे हम सबको आत्मसात कर अपने स्वयं के प्रयास से अपने आस पड़ोस को साफ सुथरा रखना चाहिए। वही कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों को पुरस्कृत करते हुए मांट विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि सफाई केवल सफाई कर्मचारी से नहीं हो सकती हैं बल्कि यह सामूहिक प्रयास से ही संभव है तथा ग्राम प्रधानों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। मैराथन विजेता को पुरस्कृत करते हुए बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने कहा की कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है, स्वच्छता हमारा नैतिक धर्म है और कर्तव्य है,जनपद मथुरा के ग्राम प्रधान अपनी पंचायत में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। एमएलसी योगेश नोहवार ने ग्राम प्रधान और पंचायत सहायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि देशवासियों के समग्र प्रयास से ही हमारा देश साफ सुथरा होगा,इसलिए सभी ग्रामवासी अपने घर,गांव, मोहल्ले की सफाई के लिए स्वयं प्रयास करें जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में किए गए कार्यों के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा सभी जनप्रतिनिधियों से कहो कि मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के देखरेख में विकास कार्यों को बढ़ावा मिला है एवं सरकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने में बड़ी मदद मिली है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने गोवर्धन,मांट,छाता, नंदगांव,चौमुहा विकास खंडे के आदर्श विकासखंड बनने की घोषणा की तथा ब्लॉक प्रमुख को पुरस्कृत भी किया। जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने बताया कि प्रभात फेरी,मैराथन दौड़ एवं स्वच्छता के कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया एवं सभी ग्राम पंचायत में श्रमदान कर भव्य साफ सफाई कार्यक्रमों का आयोजन करायो गया है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी,एमएलसी प्रतिनिधि उमेश सिंह ने ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

ब्लॉक प्रमुख गोवर्धन विपिन सिंह,चौमुंहा ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी,नंदगांव ब्लॉक प्रमुख सुंदरी चौधरी, छाता ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह,मांट ब्लॉक प्रमुख मंजू देवी पुरष्कृत हुए। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय ने सभी जनप्रतिनिधि का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कलश स्थापना के साथ नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

एकाःनवदुर्गा के पहले दिन घर-घर महिलाओं कन्याओं में व्रत रखें पूजा अर्चना की देवी मंदिरों पर अनुष्ठानकिए गए। प्रथम मां शैलपुत्री से अपने अच्छे भविष्य के लिए प्रार्थना की। रामपुर के जैन मंदिर पर नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ हुआ।

एका के गांव रामपुर सनातन संस्कारशाला के तत्वाधान में नवचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य रामकृष्ण शास्त्री साहित चार ब्राह्मणों ने वेदों के आधार पर जैन मंदिर में मूर्ति स्थापना कर कलश स्थापना कराई। वेद मंत्र उच्चारण के साथ नवचंडी यज्ञ का शुभारंभ सुबह 6:00 बजे प्रारंभ होकर 11:00 बजे तक हुआ। शाम 7:00 बजे भव्य आरती होगी। संस्कारशाला के



एका के गांव रामपुर में कलश स्थापना यात्रा में कलश लेकर जाती कन्या महिलाएं।

अध्यक्ष याकेंद्र जैन ने बताया था कि नवचंडी यज्ञ कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ होकर रविवार तक चलेगा जिसमें गुरुवार शाम को देवी जागरण होगा शुक्रवार शनिवार और रविवार को रामलीला होगी। गुरुवार को निशुल्क शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के साथ वरिष्ठ सहयोग कताओं का सम्मान समारोह किया जाएगा।कलश स्थापना यात्रा में हर वर्ग की कन्याओं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया युवाओं ने पूर्ण सहयोग किया सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# बच्चों ने पौधे लगाकर उनको संरक्षित करने का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में देव स्थली एकेडमी स्कूल, सिरसागंज में प्रबंधक विनोद अवस्थी और जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि अत्यधिक प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। जिसके संतुलन के लिए प्रकृति को संरक्षित करने के लिए पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग समस्त विश्व के लिए अत्यंत घातक समस्या है। जिससे बचाव के लिए पौधारोपण एवं उनका संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया कि आओ पर्यावरण बचाएं, सभी के जीवन को बेहतर बनाएं। उन्होंने बताया कि फ्रेऑन्स ओजोन परत के लिए अत्यंत घातक है। समतापमंडल में पहुंचकर फ्रेऑन्स ओजोन अणुओं को नष्ट करके ओजोन परत का क्षय करते हैं और ये ओजोन के प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए पौधारोपण एवं उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज के प्रबंधक विनोद अवस्थी ने अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है। इस अवसर बच्चों के साथ विद्यालय परिवार ने पौधे संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

# फर्जी ईडी गैंग का सरगना साथी सहित मुठभेड में घायल........

-हनी और चिंटू के साथ वृन्दावन रोड पर राधापुरम कॉलोनी के पास हुई पुलिस की मुठभेड़

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। फर्जी ईडी गैंग का सरगना हनी साथी चिन्टू सहित पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है। पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले पुलिस कई गिरफ्तारियां कर चुकी है। इस मामले में यह पुलिस की आरोपितों के साथ पहली मुठभेड है। सागर वर्मा उर्फ हनी पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी सेक्टर 49 फरीदाबाद थाना डबुआ कॉलोनी जिला फरीदाबाद व तरूण पाल उर्फ चिन्टू पुत्र नवरत्न हाल निवासी 367 चाची का मंदिर पीतमपुर नई दिल्ली मूल निवासी न्यू मुल्तान नगर बागपत रोड थाना ट्रान्सफोर्ट नगर जिला मेरठ के साथ थाना गोविन्दनगर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त टी मी मुठभेड वृन्दावन रोड पर राधापुरम कॉलोनी के पास हुई। सागर वर्मा उर्फ



हनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर षडयन्त्र करके 30 अगस्त को कारोबारी के घर पर फर्जी ईडी बनकर फर्जी सर्च वारण्ट दिखाकर तलाशी लेने के बहाने डकैती डालने का प्रयास किया था। अभियुक्त सागर वर्मा उर्फ हनी घटना के समय ईडी का फर्जी असिस्टेंट डायरेक्टर बनकर आया था और पूरी टीम को लीड कर रहा था। अभियुक्त द्वारा घटना से पूर्व अपने सह अभियुक्त के साथ कारोबारी के घर की दो बार रेकी भी की गयी थी। इसके कब्जे से दो तमंचा, छह कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुंडीर थाना गोविन्दनगर,एसआई राकेश कुमार एसओजी प्रभारी मथुरा, एसआई महेन्द्र सिंह (चौकी प्रभारी मसानी), एसआई अजय कुमार (चौकी प्रभारी डीग गेट), एसआई अरूण कुमार त्यागी (चौकी प्रभारी बिरला मंदिर),एसआई गौरव तोमर थाना गोविन्दनगर आदि थे।

# केएम ने लगाया नि:शुल्क जांच शिविर, 350 मरीज हुए लाभान्वित..........

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पालीडूंगरा ने श्रीलक्ष्मी नारायण अग्रसेन सेवा सदन गणेश बाग शिवपुरी राया में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर में श्री श्री 1008 श्रीमहाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 युवा अग्रवाल सभा के पदाधिकारीगणों का विशेष सहयोग रहा। शिविर में 350 से अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीण लाभान्वित हुए। निःशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ केएम हॉस्पिटल के चिकित्सकों,अग्रवाल सभा के पदाधिकारी एवं युवा अग्रवाल सभा के पदाधिकारी द्वारा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में राया कस्बे और आसपास के गांव से आए मरीजों को केएम हास्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.राहुल,स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.निधि, फिजिशियन डा.भावेश चौधरी,बाल रोग विशेषज्ञ डा. आस्था व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.परिधि गुप्ता व ग्वालियर के हृदयरोग विशेषज्ञ डा.मयंक अग्रवाल ने चैकअप कर उन्हें निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ दवा भी वितरित की व गंभीर मरीजों को केएम हॉस्पिटल में 5000 रुपए पैकेज का लाभ लेते हुए सभी प्रकार के ऑपरेशन कराने की सलाह दी। फामेर्सी गोपाल सिंह, नर्सिंग स्टाफ अंजू,मार्केटिंग मैनेजर अमीन खांन,हरेन्द्र सिंह,पीआरओ जगवीर ने शिविर की व्यवस्थाएं देखीं। इस निःशुल्क जांच शिविर में युवा अग्रवाल सभा राया के संस्थापक अखिल गोयल, अध्यक्ष मोहित बंसल, महामंत्री गौरव अग्रवाल एडवोकेट, उपाध्यक्ष कृष्णकांत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गोयल सीए,संगठन मंत्री गोपाल गोयल,तनुज अग्रवाल मीडिया प्रभारी का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय संस्कृति में माता-पिता देव तुल्य होते है : डॉ. बबीता चौहान.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 बबीता चौहान,अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग,लखनऊ रही। कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा में निवासरत वृद्ध माताओं द्वारा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी परिवार से अलग रहने की वेदना को व्यक्त किया गया। इस दौरान श्रीमती श्रुति शुक्ला उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी उप निदेशक आगरा मण्डल आगरा,नागेन्द्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी,श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकरी,वन स्टॉप सेन्टर वृन्दावन,सुश्री शिल्पा मुरगई प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुटीर तथा लगभग 300 वृद्ध माताओं द्वारा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 बबीता चौहान,अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा कहा गया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार माता-पिता देव तुल्य होते हैं और देवताओं को घर में रखकर पूजा जाता न कि इस तरह समाज में अपमानित होने के लिए छोड़ दिया जाता है। वर्तमान समय में परिवारों में आपसी प्रेम में सामंजस्य की कमी देखी जा रही हैं। जिसके चलते परिवारों में विवाद होते है और इस प्रकार वृद्ध माता पिता को घर से निकाल दिया जाता है। अध्यक्ष द्वारा कृष्ण कुटीर के संचालक सुशील चन्द्र त्रिवेदी को साधुवाद दिया कि वह ऐसी तिस्कृत वृद्ध माताओं के श्रवण कुमार के रूप में कार्य कर रहे है। अध्यक्ष द्वारा कृष्ण कुटीर में निवासरत वृद्ध माताओं को पूर्ण सहयोग करने एवं समय समय पर आकर उनसे मिलने का आश्वासन दिया गया। सुशील चन्द्र त्रिवेदी संस्थापक कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा ने कहा कि जब उनके द्वारा ऐसी तिरस्कृत वृद्ध महिलाओं को देखा गया। तो उनका मन विचलित हो उठा और विचार करने लगे कि भविष्य ऐसी स्थिति उनके साथ भी उत्पन्न हो सकती है। तब उनके मन में वृद्धा आश्रम संचालन का विचार आया। जिसमें जाति,धर्म,पंथ महजब आदि की कोई बाध्यता नहीं होगी तथा सभी वृद्ध महिलाओं को जीवन सम्मानपूर्वक होगा। जिला प्रशासन द्वारा उक्त आश्रय गृह को संचालित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाता है। जिसके लिऐ उनके द्वारा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया गया। विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी,मथुरा द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन सदैव वृद्धजनों के सम्ममान और उनके हित के लिऐ प्रतिबद्ध है। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष, समस्त अधिकारीगणों,पत्रकार बन्धुओं,वृद्ध माताओं आदि को प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।